कृपया यह ग्रन्थ नीचे निर्देशित तिथि के पूर्व अथवा उक्त तिथि तक वापस कर दें। विलम्ब से लौटाने पर प्रतिदिन दस पैसे विलम्ब शुल्क देना होगा।

१६·१·८६

राजनाथ पाण्डेय
भारतीय इतिहास की रूप रेखा

अध्याय १

भारत की मौलिक एकता

नामकरण :—

हमारे देश का प्राचीनकाल से नाम भारतवर्ष है। कहते हैं कि इस देश का भारतवर्ष नाम चक्रवर्ती राजा दुष्यन्त के पुत्र भरत के नाम पर पड़ा। मत्स्यपुराण के अनुसार मनु जो प्रजाओं का भरण-पोषण करनेवाले हैं, भरत कहे जाते हैं और इन्हीं मनु (भरत) के नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा। जैन परम्परा के अनुसार ऋषभदेव के जेष्ठ पुत्र का नाम भरत था, और इन्हीं के नाम पर इस देश को भारतवर्ष कहा जाता है। विष्णुपुराण का मत है कि 'समुद्र के उत्तर और हिमालय के दक्षिण का देश (वर्ष) भारत है क्योंकि यहाँ भारती सन्तति रहती है'। 'भारती सन्तति' का तात्पर्य उन भरतवंशी आर्यों से है जिनकी संस्कृति और राजनीति ने पूरे देश को आर्य-संस्कृति के रूप में प्रभावित किया है।

इस देश को 'इण्डिया' और 'हिन्दुस्तान' भी कहा गया है। ये दोनों नाम क्रमशः यूनानियों और ईरानियों द्वारा दियें गये हैं। प्राचीन भारतीय साहित्य में इन दोनों नामों का व्यवहार नहीं है। किन्तु भारतीय मुसलमान शासकों ने इस देश को 'हिन्दुस्तान' और ब्रिटिश शासन-काल में अंग्रेजों तथा अन्य पाश्चात्य जातियों ने इस देश को 'इण्डिया' कहा है। आजकल संविधान के द्वारा इस देश का नाम 'भारत' स्वीकृत है जो यहाँ की प्राचीन सांस्कृतिक परम्परा के अनुकूल है।

विस्तार :—

भारत एक विशाल देश है। इस विशाल देश में अनेक प्रकार की प्राकृतिक विषमताएँ और असमताएँ पायी जाती हैं। कहीं तो हिमालय की गगनचुम्बी चोटियाँ, तो कहीं गंगा-यमुना का लहलहाता हरा-भरा मैदान।

कहीं समुद्रतट, तो कहीं रेगिस्तान। उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम इस देश की व्याप्ति[1] ६१° अक्षांश से ६६° पूर्व और ८०° से ३७° उत्त देशान्तर है। इसकी अधिकतम लम्बाई और चौड़ाई क्रमशः १८०० १३६० मील है। इस सुविस्तृत भूभाग और इसकी भौगोलिक विषमताओं भारतीय इतिहास पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। हिमालय की अलंघ्य पर्वत-चोटियों देश की रक्षा के लिये सजग प्रहरियों का कर्त्तव्य पूरा किया। भारतीय समु का भी इसी प्रकार का सुरक्षात्मक महत्त्व है। हिमालय और समुद्रों से घि हुआ यह देश अन्य पड़ोसी देशों से बहुत कुछ पृथक्-सा रहा। इसका यह हुआ कि इस देश की संस्कृति अपने विकास-पथ पर अकेले पथिक तरह बढ़ती रही। पश्चिमोत्तर भारत में फैली कोह, सुलेमान और किरथर निम्न श्रेणियों में खैबर, बोलन आदि कई ऐसे दर्रे हैं जिनसे होकर प्रा और मध्यकालीन युगों में अनेक विदेशी आक्रमण इस देश पर हुये। मार्गों से होकर सांस्कृतिक और व्यापारिक आदान-प्रदान भी यदा-कदा हो रहा। समुद्री मार्गों को अपनाकर भारतवर्ष में प्रविष्ट होने का प्रय यूरोपीय जातियों ने आधुनिक युग में ही किया, किन्तु भारतीयों ने समुद्री द्वारा अपने व्यापार और संस्कृति का सम्बन्ध सुदूर देशों से बहुत प्राचीन से ही जोड़ रखा था।

भारत की मौलिक एकता :—

यों तो 'भारतवर्ष' नाम से ही भारत देश की एकता का बोध हो किन्तु जलवायु, वनस्पति, भूमि की बनावट, भाषा, धर्म, और रीति- की विभिन्नता के कारण इस देश की एकता में अनेकता का आभास है। भारत देश और भारतीय जीवन की यह विविधता और अनेक भारतीय संस्कृति और समाज की समृद्धि और शक्ति है। "वास्तव में ता अर्थ 'एकरूपता' नहीं एकसूत्रता है।" इस दृष्टि से देखने पर भारत में एक प्रकार की मौलिक एकता है और सम्पूर्ण भार सांस्कृतिक जीवन एक ही सूत्र में निबद्ध सिद्ध होता है। सम्पूर्ण भा

---

१ पाकिस्तान सहित।

मान रूप से अयोध्या, माया, काशी आदि सप्तपुरियों[1] के प्रति गंगा, यमुना, स्वती आदि सात नदियों[2] के प्रति भाव और महेन्द्र, मलय, सुह्य आदि पर्वतों[3] के प्रति सम्मान का भाव है। चारों धाम (बदरीनाथ, पुरी, मेश्वरम् और द्वारिका) चारों पीठ (बदरी, केदार, पुरी, शृङ्गेरी और रिका) भी देश की मौलिक एकता को प्रमाणित करते हैं। यह देश प्राचीन षियों के लिये 'देवनिर्मित' था और उसका आदर वे 'जननी' के रूप में करते इसे 'स्वर्ग' और 'अपवर्ग' से भी श्रेष्ठ मानते थे।

राजनीतिक दृष्टि से भी भारत की मौलिक एकता प्रमाणित होती है। ग्रपि भारतवर्ष समय-समय पर अनेक छोटे-बड़े राज्यों में विभक्त रहा, किन्तु विकेन्द्रीकरण की प्रवृत्ति के विरोध में राजनीतिक एकता का सार्वभौम आदर्श भी शक्तिमान रहा। वैदिक युग में ही एकराट्, सम्राट्, सार्वभौम, जाधिराज आदि की धारणा प्रचलित हो गयी थी। 'चक्रवर्ती' राजा का अर्थ ही था कि ऐसा राजा कि जिसके राज्य में सम्पूर्ण भारत एक राजनीतिक काई के रूप में हो।[4] भारत के ऐतिहासिक काल में चन्द्रगुप्त मौर्य, अशोक, मुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य आदि सम्राटों की प्रभुता सारे देश पर व्याप्त । इससे स्पष्ट सिद्ध है कि ब्रिटिश राज्य के होने के सहस्रों वर्ष पूर्व हमें पने देश की राजनीतिक एकता का अनुभव था। 'इसी प्रकार भौगोलिक दृष्टि भी पूरा देश एक इकाई है तथा इस देश में विभिन्न जाति, धर्म, समुदाय र नस्ल के लोगों के रहते हुए भी यहाँ के लोगों का धार्मिक, सामाजिक र आचार सम्बन्धी आदर्श और व्यवहार बहुत कुछ समान ही है।

---

१. अयोध्या मथुरा माया काशी काञ्ची अवन्तिका।
पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः॥

२. गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती।
नर्मदे सिन्धुकावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु॥

३. महेन्द्रो मलयः सह्यः शुक्तिमानृक्षपर्वतः।
विन्ध्यश्च परियात्रश्च सप्तैते कुलपर्वताः॥

४. हिमवत्समुद्रान्तरं चक्रवर्तिक्षेत्रम्।

अध्याय २

इतिहास के प्रमुख उपकरण

भारत में इतिहास को पांचवाँ वेद माना गया है। प्राचीन धारणा अनुसार पुराण, इतिवृत्त, आख्यायिका, उदाहरण, धर्मशास्त्र, अर्थशास्त्र आ इतिहास के अन्तर्गत थे और इतिहास के लिये युग परम्पराओं और विचा धाराओं को महत्त्वपूर्ण समझा जाता था। आज की तरह तिथिक्रम अ घटनाओं से बोझिल तथ्यात्मक इतिहास-रचना की शैली, भारत लोकप्रिय न थी।

भारतीय इतिहास की जानकारी विविध साधनों से होती है, जिन्हें हम प्रमुख विभागों में बाँट सकते हैं। एक तो साहित्यिक और दूसरा पुरातत्त्व साहित्यिक प्रमाण भी विविध हैं। कुछ ग्रन्थ या लेख तो धार्मिक हैं और कुछ इतिहासपरक। सम्प्रदाय भेद से (ब्राह्मण, बौद्ध और जैन) धार्मिक साहित्य तीन उप-विभाग हो सकते हैं। पुरातत्त्व से उन वस्तुओं से तात्पर्य है जो प्राची काल की हैं और खोदाई आदि से मिली हैं। पुरातत्त्व या प्राचीन वस्तुओं अन्तर्गत मिट्टी के बर्तन, सिक्के, अभिलेख और खण्डहर आदि आते हैं।

साहित्यिक प्रमाण :—

धार्मिक और इतिहासपरक साहित्य में भारतीय इतिहास सम्बन्धी अनेक तथ्य छिपे पड़े हैं जिन्हें विद्वानों ने श्रम और अध्यवसाय से खोज निकाला है। धार्मिक साहित्य के अन्तर्गत ब्राह्मण साहित्य का विशेष महत्त्व है क्योंकि इस आर्य संस्कृति के विषय में भरपूर जानकारी होती है। ऋग्वेद भारतीय साहि का आदि ग्रन्थ है और इससे आर्यों के प्रारम्भिक जीवन की अच्छी झाँ मिलती है। यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद से भी ऋग्वेदोत्तर आर्य जीवन अच्छा प्रकाश पड़ता है। ब्राह्मणों, उपनिषदों, सूत्रग्रंथों की सामग्री तत्कालीन इतिहास-रचना के लिए उपादेय है। दो महाकाव्य, रामायण औ महाभारत, कौटलीय अर्थशास्त्र, मनुस्मृति आदि स्मृति ग्रंथ तथा पुराण प्राच इतिहास की जानकारी के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।

बौद्ध साहित्य की अमूल्य निधि त्रिपिटक (विनयपिटक, सुत्तपिठक और
रिधम्मपिटक) हैं जिनसे ऐसी बहुत-सी ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी होती
जिसके सम्बन्ध में ब्राह्मण साहित्य मौन है। बौद्ध साहित्य, मुख्यतया जातक,
थात्मक होने के कारण तत्कालीन जन-जीवन का अच्छा परिचय देते हैं।
लिन्द पञ्हो, ललित विस्तर, बुद्धचरित, मंजु श्री मूलकल्प आदि बौद्ध
हित्य के महत्त्वपूर्ण रत्न हैं जो इतिहास-रचना में योगदान करते हैं। जैन
हित्य का भी भारतीय इतिहास की रचना में महत्वपूर्ण स्थान है। परिशिष्ट-
र्वन, भद्रबाहुचरित, वसुदेव हिण्डी, कथाकोष, भागवती सूत्र, आदि कुछ
हत्त्वपूर्ण जैन-ग्रंथ हैं जो इतिहास की सामग्री से प्रचुर हैं।

भारतीय साहित्य में कुछ ऐसे भी चरित, काव्य और जीवनियाँ हैं जो
ाधुनिक दृष्टि से ऐतिहासिक सामग्री का संकलन प्रस्तुत करती हैं। बाण का
र्षचरित, कल्हणकृत राजतरंगिणी, वाकपति का गौड़वहो, पद्मगुप्त का
वसाहसाङ्कचरित, जयानक का पृथ्वीराज विजय, हेमचन्द्र का कुमारपालचरित
आदि ग्रन्थों से गुप्तोत्तर और पूर्व मध्यकालीन भारत के राजनीतिक इतिहास की
च्छी जानकारी होती है। मध्यकालीन इतिहास के लिये, चचनामा, तारीखे-
मिनी, तारीख-उस्त सुबुक्तगीन, तारीखे-फीरोजशाही, बाबरनामा, अकबर-
मा आदि प्रसिद्ध हैं और इनसे तत्कालीन इतिहास की जानकारी में बड़ी
हायता मिलती है।

भारत में समय-समय पर विदेशियों का आगमन होता रहा। उनमें से
छ ने भारतीयों के विषय में अपने संस्मरण लिखे हैं जो बड़े ही महत्त्वपूर्ण
हैं। मेगस्थनीज का विवरण चन्द्रगुप्त मौर्य के शासनकाल के लिये बड़ा ही
हत्त्व रखता है। फाहियान का विवरण चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल के
इतिहास के लिये आवश्यक है। हर्ष के समय में युवानच्वाङ्ग भारत में आया
ा। उसका विवरण बड़ा ही मनोरंजक और ज्ञानवर्द्धक है। अलबरूनी का
विवरण पूर्व मध्यकालीन भारतीय समाज दर्शन, धर्म और राजनीतिक विवरण
के लिये महत्त्वपूर्ण है।

इतिहास की रचना के लिए पुरातत्त्व की सामग्री भी कई प्रकार की है।
पुरावस्तुएँ, जैसे पत्थरों के औजार और हथियार, बर्तन तथा इसी प्रकार
के अन्य जीवनोपयोगी उपकरण और वस्तुएँ प्राचीन काल के लोगों की रहन-

सहन और आर्थिक जीवन सम्बन्धी जानकारी देने के लिये महत्त्वपूर्ण
प्राचीन स्मारकों से उस समय की वास्तुकला, नागरिक जीवन की झाँकी मि
है। प्राचीन वास्तु से भारतीय धार्मिक जीवन पर भी प्रकाश पड़ता
मध्यकालीन शासकों के बनवाये बहुत से मकबरे, महल आदि आज
तत्कालीन वैभव और कलात्मक रुचि के परिचायक हैं। प्राचीन अभिलेखों
मुद्राओं का इतिहास रचना में अपेक्षाकृत प्रत्यक्ष योगदान है। अशोक
अभिलेख उसके इतिहास के लिये बहुत महत्त्व रखते हैं। समुद्रगुप्त के सम
में प्रयाग की प्रशस्ति उसके विजयों की जानकारी के लिये एकमात्र साधन
इसी प्रकार, असंख्य ऐसे अभिलेख उपलब्ध हुये हैं जो अपने समय
सामाजिक और राजनीतिक जीवन, राजाओं के विजयों का इतिहास, म
निर्माण आदि धार्मिक कृत्यों का विवरण तथा तत्कालीन लिपि और भाषा
प्रामाणिक परिचय सुलभ करते हैं। मुद्राओं का भी बड़ा महत्त्व है। इ
राजाओं की नामावली और वंशक्रम निश्चित करने में बड़ी सहायता मिलती
सिक्कों से राजाओं के शासित-क्षेत्र का भी ज्ञान होता है। सिक्कों पर
विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों से तत्कालीन धार्मिक जीवन की भी झ
मिलती है।

अध्याय ३

प्रागैतिहासिक काल

ाषाणयुग :—

भारत की सभ्यता विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में एक है। भारत की भ्यता और संस्कृति का इतिहास उस समय से प्रारम्भ होता है जब कि मनुष्य ाखेट और सुरक्षा के लिये पत्थरों के हथियार और जीवनोपयोगी उपकरण के प में पत्थरों के औजारों का उपयोग करता था। चूंकि उस समय की भ्यता और संस्कृति का मुख्याधार पत्थरों के हथियार और औजार थे, तएव उस युग का नामकरण विद्वानों ने 'पाषाणयुग' किया है। पाषाणयुग थरों के औजारों और हथियारों की बनावट आदि के भेद से दो मुख्य और त्वपूर्ण युगों में बँट गया है। एक को पूर्व पाषाणयुग कहते हैं और दूसरे नूतन पाषाणयुग। इन दो महायुगों के बीच में सन्धिकाल के रूप में क मध्यवर्ती पाषाण-युग भी रहा।

पूर्व पाषाणयुग में मनुष्य का जीवन प्रायः पशु की ही तरह रहा और की आवश्यकताएँ भूख, निद्रा और मैथुन से अधिक न थी। वह प्राकृतिक ाओं में रहता था तथा भोजन की सामग्री जुटाकर प्रकृत रूप में ही खाता- ाता था। वृक्षों के फल, आखेट से प्राप्त पशु-मांस ही उसका मुख्य भोजन । उस समय के आदमी छोटे-छोटे झुण्डों में रहते थे और घूम-घूम कर जन की खोज करते थे। इनकी धार्मिक भावना का कोई परिचय पाना ठन है किन्तु ऐसा लगता है कि प्राकृतिक संकटों से बचने के लिये वे किसी श्य सत्ता में विश्वास करते थे। पाषाणयुग की भारतीय सभ्यता के कुछ र मदुरा, तंजोर, त्रिचनापल्ली, मैसूर, विलारी, धारवार, गुजरात, रीवां, लखण्ड और राजस्थान में पाये गये हैं। किन्तु प्रमुख पाषाणकालीन उत्तर में सोहन की घाटी, कश्मीर और दक्षिण में मद्रास के लगभग । इस युग के पत्थरों के आयुध बड़े, चौड़े और मोटी धारवाले होते थे।

मध्यवर्त्ती पाषाणयुग में मानव सभ्यता पूर्व-पाषाणकाल की अपे
विकसित थी। इस युग के हथियार छोटे होते थे। इस सभ्यता के केन्द्र
अपेक्षाकृत अधिक थे। मिर्जापुर और मयूरभंज में इस युग की सभ्यता के प्र
केन्द्र थे।

नूतन पाषाण-युग पाषाणयुग में बड़ा महत्वपूर्ण युग था। इस यु
मानव पूर्व की अपेक्षा अधिक सभ्य हो चला था और 'स्मृति तथा अनुभव' ही
आधार पर अपने आर्थिक तथा सामाजिक जीवन में बहुत कुछ प्रगति कर चु
था। यद्यपि अभी भी उनके आयुध और उपकरण पत्थर के ही थे, कि
इस युग के हथियार और औजार पहले की अपेक्षा सुन्दर, छोटे, सुविधाज
और उपयोगी थे। लोग अब केवल गिरि-कन्दराओं में ही नहीं रहते थे, ब
पत्थरों को जोड़-तोड़ कर दरी और गुफा की ही तरह कृत्रिम आवास भी
लेते थे। घास-फूस की झोपड़ियाँ भी बनायी जाती थीं। अब मनुष्य पशुपा
और साधारण कृषि कर्म में भी प्रवृत्त होने लगा था। आग उत्पन्न करने
विधि भी इस युग के लोगों को ज्ञात हो चुकी थी और वे अपना भो
पका कर खाते थे। परवर्त्ती नूतन पाषाणयुग में वस्त्र बनाना भी लोग
गये थे। सामाजिक जीवन में भी प्रगति हुई थी और पारिवारिक जीवन
स्वस्थ था। मृत्यूत्तर जीवन में भी लोगों का विश्वास था तथा वे शव
दाह या दफनाते समय साधारण संस्कार भी करते थे।

धातुयुग और सिन्धुघाटी की सभ्यता :—

नूतन पाषाणयुग के अन्तिम दिनों में लोगों का परिचय कुछ धातु
भी हो चला। सर्वप्रथम सोने का पता लोगों को चला। किन्तु आभूषण
के अतिरिक्त उस धातु का कुछ अधिक उपयोग न हो सका। कहीं-कहीं
सिन्ध में, काँसे का भी व्यवहार होता था। काँस्ययुग के अन्तर्गत दी
अफगानिस्तान और बलूचिस्तान में भारतीय संस्कृति की विशेष उन्नति
यहाँ के खेतिहर किसानों के उत्पादन के आधार पर सिन्धुघाटी में ब
नगर उठ खड़े हुये, जिनमें हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, छन्नूदारो अधिक प्र
हैं। यहाँ की सभ्यता में ताँबे और पत्थरों के उपकरणों का सम्मिलित व्य
होता था।

अध्याय ४

आर्य और वैदिक संस्कृति

आर्यों का मूल :—आर्यों का मूलस्थान एक विवादास्पद प्रश्न है जिसका सही-सही हल अभी तक सम्भव नहीं हुआ है। बहुत से भारतीय और अभारतीय

वैदिक काल में भारतवर्ष

विद्वानों का यह मत है कि आर्य बाहर से आकर भारत में बसे। आरम्भ
यह धारणा थी कि आर्यों का आदि देश मध्य एशिया है। मैक्समूलर
सिद्धान्त के विशेष प्रचारक थे। भाषा-साम्य के आधार पर अनेक योरो
विद्वानों ने आर्यों का मूल-स्थान यूरप माना है। यूरप में कौन-सा स्
आर्यों का आदि—देश था—इसमें भी मतैक्य नहीं है। कुछ हंगरी का मै
कुछ जर्मनी और कुछ दक्षिणी रूस मानते हैं। बालगंगाधर तिलक ने आ
का आदि देश आर्कटिक प्रदेश में माना है। उनकी धारणा का आ
ज्योतिष है। अविनाशचन्द्र दास और सम्पूर्णानन्द जी ने सप्तसिन्धु को आर्यों
उद्गम-स्थान बताया है। भारतीय परम्परा के अनुसार आर्यावर्त्त ही आर्यों
आदि स्थान था।

आर्यों का विस्तार :—सप्तसिन्धु में बहुत दिनों बसने के बाद आर्यों
विस्तार गंगा-यमुना की मैदान की ओर क्रमशः हुआ। विस्तार का
'दशराज्ञयुद्ध' के बाद हुआ। यह दस राजाओं का युद्ध सप्तसिन्धु में विभि
आर्यों और अनार्य दलों के बीच हुआ था। इस युद्ध में भरतवंशी
विजेता हुये थे। इन्हीं भरतवंशियों के नेतृत्व में आर्यों का बढ़ाव सरस्वती
दृश्यवती नदियों से प्रारम्भ होकर प्रथम चरण में सदा नीरा (गंडक) नदी
हुआ। इस विशाल क्षेत्र में सूर्य और चन्द्रवंशीय क्षत्रियों के कई
राजनीतिक केन्द्र स्थापित हुये जिनमें हस्तिनापुर, कान्यकुब्ज, प्रतिष्ठान
अयोध्या प्रमुख थे। सदानीरा के पूर्व का प्रदेश में आठवीं शती ई० पू
लगभग सूत और मागधों का प्रदेश था, जो आर्येतर था। आर्यों के बढ़ाव
दूसरा चरण लगभग इसी समय प्रारम्भ हुआ और फिर मगध, अंग और
भी आर्यों के शासन और संस्कृति के क्षेत्र में आया। इस क्षेत्र में आर्य
राजनीतिक और सांस्कृतिक विस्तार का केन्द्र गया था जहाँ सौद्युम्न वंशधर
प्रभाव था।

आर्यों ने लगभग इसी समय अपने सांस्कृतिक विस्तार की दिशा द
की ओर भी निर्धारित की। आर्यों के इस विस्तार को यदुवंशियों का
मिला।

वैदिक साहित्य :—आरम्भिक आर्यों का हाल हमें वैदिक साहित्य से
होता है। वैदिक साहित्य के अन्तर्गत चारों वेद, उनके ब्राह्मण, उपनिषद्

रण्यक तथा सूत्र ग्रंथ भी आते हैं। वेद चार हैं—ऋग्वेद, सामवेद यजुर्वेद र अथर्ववेद। ऋग्वेद वैदिक साहित्य का आदि ग्रंथ है। सामवेद में ऋग्वेद गेय मन्त्रों का संगीतात्मक संकलन है। यजुर्वेद, ऋग्वेद के याज्ञिक मंन्त्रों आधार पर संकलित है। अथर्ववेद कालक्रम से अन्तिम संहिता है जो ली की दृष्टि से ऋग्वेद के निकट है। आर्यों के राजनीतिक, सामाजिक जीवन झाँकी देने के लिये ऋग्वेद और अथर्ववेद विशेष महत्त्वपूर्ण हैं। वेदों के द ब्राह्मण ग्रंथ आते हैं। इनमें यज्ञों का विस्तार के साथ वर्णन, वैदिक न्त्रों का प्रयोग तथा तत्सम्बन्धी आख्यान मिलते हैं। प्रमुख ब्राह्मण ग्रन्थों के म ऐतरेय, शतपथ, गोपथ, ताण्ड्य, पञ्चविंश आदि हैं। ब्राह्मणों के अन्तिम ग में आरण्यकों और उपनिषदों तथा सूत्र ग्रन्थों के नाम आते हैं। परम्परा दृष्टि से आरण्यक और उपनिषद् वेदान्त के अन्तर्गत हैं। सूत्र साहित्य सके तीन प्रमुख विभाग कल्प, ग्रह और धर्म हैं, वैदिक साहित्य पर ही धारित और अन्तर्गत है। कल्पसूत्रों में वैदिक यज्ञों का वर्गीकरण, ग्रहसूत्र में स्कारों, कर्मकांडों और धर्मसूत्र में सामाजकि व्यवस्था का वर्णन है। सूत्र-हित्य के साथ ही साथ वेदाङ्ग भी है जिसके अन्तर्गत (१) शिक्षा, (२) ल्प, (३) निरुक्त, (४) व्याकरण, (५) छन्द और (६) ज्योतिष की णना होती है।

वैदिक संस्कृति :—आर्यों का समाज कई इकाइयों में बँटा था। परिवार कुल सबसे छोटी इकाई था जिसका प्रधान पिता होता था। कई परिवार के ग मिल कर एक गोत्र बनाते थे। जन और विश गोत्र-से बड़ी इकाइयाँ । सम्पूर्ण विश राष्ट्र का रूप लेता था। राजनीतिक दृष्टि से आर्य कई वंशों बँटे थे जिनमें यदु, तुर्वसु द्रह्यु, अनु और पुरु—ये पाँच प्रधान थे। इनके तिरिक्त गांधार, पकठ, अलिनाम, विष्णी, केकय आदि प्रसिद्ध थे। प्रत्येक -का एक प्रधान होता था, जिसे राजा कहते थे। बहुत से राज्यों को मिला- बड़े-बड़े राज्यों की भी स्थापना होती, विशेषकर परवर्ती वैदिकयुग में। बड़े-बड़े राज्यों को साम्राज्य, सार्वभौमराज या चक्रवर्ती राज्य भी कहते थे। जातियों का राजनीतिक संगठन गणतन्त्रात्मक भी था।

राजा पूर्व वैदिककाल में सर्वथा निरंकुश नहीं था। कभी-कभी उसका

चुनाव और निष्कासन भी होता था। उसका अधिकार सभा और स
जैसी संस्थाओं द्वारा नियन्त्रित था। सभा और समिति शासन रूपी रथ
चक्र थे, जिनके सहयोग से राजा अपने राजत्व का निर्वाह करता था। स
बड़ी संस्था थी, जिसमें महत्त्वपूर्ण राजकीय प्रश्नों पर विचार होता था।
समिति से छोटी संस्था थी जो राजा को नित्य प्रति के मसलों में सहायता
थी। राजा शांति के समय में सेना का संगठन, राज्य की सुव्यवस्था
सुरक्षा तथा न्याय सम्बन्धी कार्य करता था। युद्धकाल में राजा सैन्य-संचा
भी करता था। राज्य के प्रमुख कर्मचारी पुरोहित, सेनानी और ग्रामणी
राजमहिषी को भी राजकाज में भाग लेने का अवसर मिलता था।

परवर्ती वैदिक युग में जैसे-जैसे राज्यों का भौगोलिक क्षेत्र बढ़ता ग
राजाओं के अधिकार भी बढ़ते गये। राजा निरंकुश हो गया। राजकर्मचा
की भी वृद्धि हो गयी। सभा और समितियों का अधिकार घट गया।

आर्यों का समाज मोटे तौर पर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इन
वर्णों में विभक्त था, यद्यपि प्रारम्भ में वर्ण-व्यवस्था काफी शिथिल
परवर्ती वैदिक युग में समाज को इन चार वर्णों ने बहुत जकड़ लिया,
इन वर्णों के अतिरिक्त व्यावसायिक आधार पर असंख्य जातियाँ भी
गयी थीं। आरम्भ में वर्ण-व्यवस्था का आधार कार्य था किन्तु कालान्तर में
हो गया। उत्तर वैदिक काल में आश्रम धर्म का भी बड़ा प्रभाव 'बढ़
था। ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ्य, वानप्रस्थ और संन्यास ये चार आश्रम थे। परि
का आधार विवाह था। विवाह के लिये पूर्व वैदिक काल में गोत्रादि
प्रतिबन्ध विशेष रूप से नहीं था यद्यपि पिण्ड का बंधन था। विवाह व
होने पर होता था और वर-कन्या परस्पर चुनाव भी कर सकते थे। कन्या
विवाह के समय पिता की ओर से उपहार मिलता था। स्त्रियों का स
सम्मान का स्थान था, वे शिक्षित होती थीं और सभा तथा समितियों
भाग लेती थीं। पर्दा प्रथा न थी।

आर्यों का रहन-सहन और वेश-भूषा सादा था। अधोवस्त्र और उ
वस्त्र थे, स्त्रियाँ कंचुकी भी धारण करती थीं। वस्त्र के लिये कपास के सू
प्रयोग अधिक होता था यद्यपि ऊन और चर्म के भी वस्त्र पहने जाते थे।

ौर पुरुष दोनों ही आभूषण पहनते थे। कर्णशोभन, निष्कग्रीव, खादि, क्म, मणिग्रीव आदि लोकप्रिय आभूषण थे।

आर्यों का भोजन सादा था। वे खाद्यान्न के रूप में गेहूँ, जौ, तिल, सूर और चावल का उपयोग करते थे। शाक और फल तथा मांस का भी वहार होता था। सुरा, आसव और सोमरस उनका प्रिय पेय था।

घुड़सवारी, मृगया, रथ-दौड़, जुआ उनका प्रिय मनोविनोद था। मेले और त्सवों के आयोजनों की भी प्रथा थी। संगीत से भी उन्हें प्रेम था।

वैदिक आर्य एक ईश्वर में विश्वास करते थे यद्यपि उनके देवी-देवताओं ी संख्या कम न थी। उनके देववाद को तीन वर्गों में बाँटा जा सकता है—ृथ्वीस्थानीय, जिनमें अग्नि, सोम प्रधान थे; अन्तरिक्षस्थानीय, जिनमें इन्द्र ौर रुद्र प्रधान थे तथा द्युस्थानीय जिनमें वरुण और उषा महत्त्वपूर्ण थे। दिक आर्य मन्त्रों और यज्ञों द्वारा देवाराधन करते थे। वे मूर्तिपूजक न थे। ार्येतर जातियों में लिङ्गपूजा होती थी। आरम्भ में आर्यों के यज्ञ साधारण ोते थे, उनकी विधि भी सरल होती थी। किन्तु परवर्ती वैदिक काल में यज्ञों ा रूप रूढ़िग्रस्त, खर्चीला और आडम्बरपूर्ण हो गया। एक-एक यज्ञ वर्षों क चलनेवाला होता था जिसके लिये बहुत से पुरोहितों, कर्मकाण्डियों और न की आवश्यकता होती थी। पशु-बलि भी यज्ञ का आवश्यक अंग हो चली ी। अश्वमेध, राजसूय, वाजपेय यज्ञों का राजनीतिक महत्त्व भी था और इन े-बड़े यज्ञों के आगे पञ्च महायज्ञ जैसे छोटे-छोटे यज्ञों का महत्त्व घट-सा ा था।

कर्मकाण्ड से बोझिल इन यज्ञों के प्रति कुछ मनीषियों की विरक्ति भी चली थी। अतएव बहिरंग से विमुख होकर अंतरंग की ओर अन्तश्चेतना मुख हुई। आत्मचिन्तन-मनन की प्रक्रिया को विशेष बल मिला। आरण्यक ौर उपनिषदों का दर्शन इसी प्रकार के आत्मचिन्तन का फल है।

आर्यों की प्रगति का आधार उनका सुदृढ़ आर्थिक जीवन था। पशुपालन महत्त्व था और गोधन का संग्रह प्रमुख रूप से किया जाता था। बैल, ड़ा, गधे बोझा ढोने के काम आते थे। खेती का अच्छा विकास था।

सिंचाई का भी सुचारु प्रबन्ध था। कृषि-कर्म के लिये हल आदि का प्र
होता था। बढ़ई, लुहार, सोनार, चमार, तन्तुवाय आदि प्रमुख व्यवसायी
व्यापार दूर-दूर तक होता था। गेहूँ, जौ, उड़द, मसूर, तिल, धान आदि
खेती होती थी। विनिमय के लिये स्वर्ण, निष्क और शतदल नामक सिक्कों
व्यवहार होता था।

अध्याय ५

धार्मिक सुधारों का युग तथा बुद्धकालीन संस्कृति

प्रतिवैदिक युग की राजनीति और संस्कृति :—उत्तर वैदिक काल ही में ज्यों को सुनिश्चित भौगोलिक आधार मिल चुका था और राज्यों का स्वरूप ातीय न होकर जनपदीय हो गया था। अनेक राजवंश एक दूसरे से टकरा ोटी-बड़ी भौगोलिक सीमा में सिमट रहे थे। फलतः आठवीं शती ई० पू० के ाद कुछ महत्त्वपूर्ण जनपदीय राज्य खड़े हुये जिनमें 'षोडश जनपदों' का शेष महत्त्व है। इन सोलहों जनपदों के नाम ये हैं :—

(१) अङ्ग (आधुनिक भागलपुर के आसपास) (२) मगध (३) काशी ४) कोसल (५) वज्जि (पश्चिमोत्तर बिहार) (६) मल्ल (देवरिया- ारखपुर) (७) वत्स (प्रयाग के पास) (८) चेदि (बुन्देलखण्ड) (९) ुरु (दिल्ली के आसपास) (१०) पाञ्चाल (गंगा-यमुना का द्वाब) (११) त्स्य (जयपुर, भरतपुर, अलवर का क्षेत्र) (१२) शूरसेन (मथुरा के आस- ास) (१३) अवन्ति (मालवा का क्षेत्र) (१४) गन्धार (अफगानिस्तान ौर पश्चिमोत्तर पाकिस्तान) (१५) कम्बोज (कश्मीर के पश्चिमोत्तर में) ौर (१६) अश्मक (गोदावरी का निचला भाग)।

षोडश महाजनपदों की यह सूची स्पष्ट करती है कि उस समय भारत नेक छोटे-छोटे राज्यों में विभक्त था जिस में प्रभुता के लिये परस्पर निरन्तर ंघर्ष होता रहता था। इस समय देश में केवल अङ्ग, मगध, काशी, कोसल से राजतन्त्र ही नहीं थे अपितु वज्जि, मल्ल जैसे गणतंत्र भी थे। इसी संघर्ष से साम्राज्यवाद का उदय हुआ, जिसके परिणाम से ये जनपद टूट-टूट कर एक एक मिलने लगे। इस प्रकार कालान्तर में षोडश महाजनपदों की जगह ग, मगध, काशी और कोशल ही शेष रहे, शेष सभी जनपद इन्हीं चार ाजनपदों के अंगभूत हो गये।

वैदिकधर्म की प्रतिक्रिया :—उत्तर वैदिककाल का धर्म बहुत कुछ टिल, बोझिल और खर्चीला हो गया था। वर्षों चलनेवाले यज्ञ सबके मान न थे। अश्वमेध, राजसूय आदि यज्ञ केवल एकाध ही कर सकते थे। यज्ञ

में होनेवाली पशुबलि से भी यज्ञों के प्रति लोगों को वितृष्णा थी। अत्यधि वेदवाद और कर्मकाण्ड से साधारण मनुष्य की धार्मिक उत्कण्ठा दब-सी थी और लोग नयी राह की खोज में थे। उपनिषदों की भावधारा भी प्रधान थी जो सबके लिये सहज न थी। चिन्तन और मनन से आत्मा ब्रह्म की खोज तथा धार्मिक जिज्ञासा की शांति केवल थोड़े से बुद्धिवादियों लिये ही साध्य थी। ऐसी धार्मिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों में महा और बुद्ध दो महान् सुधारक प्रकट हुये जिनके सुधारवादी आन्दोलनों लोकप्रिय प्रभाव बड़ा ही व्यापक रहा।

महावीर और उनके उपदेश :—जैनियों की परम्परा के अनु महावीर चौबीसवें तीर्थंकर थे, इनके पूर्व तेईस अन्य तीर्थंकर हो चुके थे। तीर्थंकरों में ऋषभदेव प्रथम थे और जैनियों की धारणा में जैनधर्म के प्र थे। महावीर के पूर्व तेइसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ भी बड़े प्रसिद्ध थे और के अनुयायियों ने श्वेताम्बर सम्प्रदाय का संघटन किया था।

महावीर का जन्म वैशाली के समीप कुण्डिग्राम में हुआ था। उ पिता का नाम सिद्धार्थ और माता नाम त्रिशला था। त्रिशला लि कन्या थीं और चेटक की बहिन जिसकी एक और बहन मगध के बिम्बसार से ब्याही थी। तीस व अवस्था में महावीर ने गृह-त्याग और संन्यासी हो गये तथा बारह की घोर तपस्या से उन्हें ज्ञान हुआ और वे 'निर्ग्रन्थ' (बन्धनों मुक्त) हुये। ज्ञान प्राप्त होने बाद वे लगातार घूम-घूमकर पदेश करते रहे। बहत्तर वर्ष अवस्था में ५२७ ई० पू० लगभग उनको निर्वाण प्राप्त हुआ

भगवान् महावीर

महावीर के पूर्ववर्ती तीर्थंकर पार्श्वनाथ ने अहिंसा, सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह इन चार व्रतों को जैनियों के लिये आवश्यक बताया था। महावीर इन चार व्रतों को स्वीकार करते हुये पाँचवें व्रत ब्रह्मचर्य पर भी जोर दिया। कर्मों का प्रवाह रोकने के लिये इन पाँचों महाव्रतों का पालन आवश्यक है। तपस्या को बहुत महत्त्व देते थे। यह तपस्या दो प्रकार से की जा सकती है: बाह्य तपस्या और आभ्यंतर तपस्या। बाह्य तपस्था का अर्थ है अनशन, पर्यटन, काय-क्लेश आदि। आभ्यन्तर तपस्या के अन्तर्गत प्रायश्चित्त, विनय, सेवा, स्वाध्याय, ध्यान आदि आते हैं। आचार और अहिंसा पर महावीर का विशेष बल था।

महावीर का मत था कि आवागमन का कष्ट बहुत बड़ा कष्ट है। इससे मुक्ति के लिये सबको सचेष्ट रहना चाहिये। इसका कारण कर्म है अतएव कर्मों के बन्धन से मुक्त होना ही आवागमन से मुक्ति है। कर्मों के बन्धन से मुक्ति सम्यक् विश्वास, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् कर्म से ही मिल सकती है। यही जैनियों के 'त्रिरत्न' हैं। सूत्ररूप में विश्वास का अर्थ है तीर्थंकरों के उपदेशों पर विश्वास, ज्ञान का अर्थ है उनके उपदेशों का सही-सही ज्ञान और उनके अनुसार आचरण कर्म के अन्तर्गत आता है।

महावीर ने बताया कि जिस प्रकार हमारे शरीर में जीवात्मा है उसी प्रकार संसार के सभी पदार्थों में जीवात्मा है। ईश्वर संसार का कर्त्ता-धर्त्ता नहीं है। उन्होंने वेद की प्रामाणिकता और यज्ञों की उपयोगिता का भी विरोध किया। जाति-पाँति के बन्धनों को भी वे नहीं मानते थे।

बुद्ध और उनके उपदेश :—भगवान् बुद्ध का जन्म ५६३ ई० पू० के लगभग लुम्बिनी ग्राम में हुआ था। ये कपिलवस्तु के शाक्यवंशीय राजा शुद्धोदन के पुत्र थे। इनकी माता का नाम माया था। जन्म के थोड़े ही दिनों बाद उनकी माता का देहान्त हो गया था। उनका लालन-पालन उनकी विमाता और मौसी ने किया।

गौतम बुद्ध बचपन से ही शांत और चिंतनशील प्रवृत्ति के थे। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा-दीक्षा राजोचित विधि से हुई थी और वे राजोचित गुणों के ग्रहण में भी प्रतिभावान् सिद्ध हुये थे। उनके गुणों पर रीझ कर ही रामग्राम

के कोलियगण की सुन्दरी राजकुमारी यशोधरा ने उनका वरण किया था। वर्ष की अवस्था में वे विवाहित हुये। फिर वे संसार के माया-मोह में

भगवान् बुद्ध

सके और जरा-मरण और व्याधि की आशंका से दुखी रहने लगे। जि उन्हें पुत्र हुआ, और लोग आनन्द-मंगल में व्यस्त थे, उसी समय ममता पर विजय प्राप्त करके गृह त्याग दिया। इस घटना को 'महाभिनि कहते हैं।

घर त्यागने के बाद बुद्ध ज्ञान की खोज में इधर-उधर घूमते रहे कहीं भी उन्हें न तो शान्ति मिली और न ज्ञान। अतएव उन्होंने नदी के तट पर (गया के पास) कठिन तपस्या की। तपस्या से उनका सूख गया फिर भी वे सच्चे ज्ञान से वञ्चित ही रहे। एक दिन जब वे खिन्न और उदास थे एक पीपल के पेड़ के नीचे बैठ गये और भूमि करके प्रतिज्ञा की कि जब तक उन्हें सच्चा ज्ञान प्राप्त न होगा, वे न

ोग से जब वे इस प्रकार ध्यानमग्न हुये तो उन्हें ज्ञान का प्रकाश मिला। घटना को 'सम्बोधि' कहते हैं।

ज्ञानी होने पर बुद्ध ने निश्चय किया कि अपने ज्ञान से सारे संसार के लिये र्याण और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। अतएव वे गया से चलकर सारनाथ ये। यहीं पर उन्होंने अपने पाँच शिष्यों को उपदिष्ट किया। यह उनका प्रथम उपदेश था अतएव इस घटना को 'धर्मचक्रप्रवर्त्तन' कहते हैं।

इस घटना के बाद बुद्ध का धर्म-प्रचार बड़ी तेजी से होने लगा और उनके की लोकप्रियता बढ़ने लगी। शेष जीवन वे घूम-घूम कर राजा से रंक तक अपने उपदेशों का पीयूष पिलाते रहे। अस्सी वर्ष की अवस्था में ४८३ पू० में कुशीनगर में उन्हें निर्वाण प्राप्त हुआ।

बुद्ध के उपदेश सरल और आचारपरक थे। उन्होंने जगत के सम्बन्ध चार सत्य निर्धारित किये। 'चत्वारि आर्यसत्यानि' के नाम से प्रसिद्ध हैं। ये र आर्यसत्य दुःख, समुदय, निरोध और निरोधमार्ग हैं। उन्होंने बताया संसार में दुःख ही दुःख है और सांसारिक दुःखों के कुछ कारण हैं। इन रणों को दूर भी किया जा सकता है। दुःख के निरोध का उपाय भी उन्होंने ाया। दुःख का निरोध ही निर्वाण है। मध्यम मार्ग (मज्झिमा परिपदा) श्रेष्ठ मार्ग है और अतिवाद ही दुःख का कारण है। उनके बताये 'आठ र्ग' और दस शील का अनुगमन करने से ही दुःख का उन्मूलन सम्भव है। आठ मार्ग (अष्टांग मार्ग) निम्नलिखित हैं :—

(१) सम्यक् दृष्टि	(२) सम्यक् संकल्प
(३) सम्यक् वाक्	(४) सम्यक् कर्मान्त
(५) सम्यक् अजीव	(६) सम्यक् व्यायाम
(७) सम्यक् स्मृति और	(८) सम्यक् समाधि

दस शील ये हैं—

(१) अहिंसा	(२) सत्य
(३) अस्तेय	(४) अपरिग्रह
(५) ब्रह्मचर्य	(६) नृत्य-गान का त्याग
(७) सुगन्ध माला का त्याग	(८) असमय भोजन का त्याग,
(९) कोमल शय्या का त्याग	(१०) कामिनी-काञ्चन का त्याग।

बुद्ध ने वेदों की प्रामाणिकता को नहीं माना। ईश्वर की सत्ता विषय में वें मौन थे। अनात्मवादी भी थे किन्तु पुनर्जन्म तथा कर्म के सिद्धान्त को वे मानते थे। उन्होंने दार्शनिक प्रश्नों को ब महत्त्व दिया। उनका विशेष आग्रह नैतिक और मानवतावादी आदर्श के प्रति था। व्यावहारिक होने के कारण उनके उपदेश विशेष लोकप्रिय थे वे कथा, कहानियों तथा उदाहरण की शैली में जनता की भाषा और सं (पालि) में उपदेश देते थे। इससे उनके उपदेशों की लोकप्रियता था बढ़ी। जाति-पाँति का बन्धन भी वे अस्वीकार करते थे और उनके 'धर्म' 'संघ' का मार्ग मानवमात्र के लिए खुला था। स्त्रियाँ भी संघ की सद ले सकती थीं। उनका आकर्षक शरीर और व्यक्तित्व तथा निष्कलंक भी उनकी लोकप्रियता की वृद्धि में सहायक था।

बौद्धधर्म जैनधर्म की अपेक्षा कहीं अधिक लोकप्रिय हुआ। इ प्रधान कारण यह था कि सुधारवादी होते हुये भी जैन धर्म बौद्ध ध अपेक्षा व्यावहारिक न था। जैनियों ने 'अतिवाद' का परित्याग किया था। जैनियों के 'अति अहिंसावाद' और कामोत्सर्ग जैसी तपस्या का व्रत सब के लिये ग्राह्य नहीं था। सामाजिक रूढ़ियों की आलो में बौद्धधर्म जैनधर्म की अपेक्षा क्रान्तिकारी था अतएव इसका प्रभाव जिक जीवन पर विशेष रूप से पड़ा।

वैदिकधर्म के प्रतिवाद की ओर यद्यपि दोनों का लक्ष्य था, किन्तु ही धर्मों का उद्देश्य आरम्भ में सुधार था, किसी नये सम्प्रदाय या धर्म संगठन नहीं। फलतः महावीर और बुद्ध पुनर्जन्म, कर्म और मोक्ष के में कोई क्रान्तिकारी कदम न उठा सके। उपनिषदों के 'यति धर्म' को ने 'भिक्षु धर्म' के रूप में अपनाया और इसे विशेष रूप से संगठित किया

बुद्धकालीन समाज और संस्कृति :—बौद्ध ग्रन्थों से ई० पू० शती की सामाजिक और सांस्कृतिक स्थिति का अच्छा परिज्ञान है। राजनीतिक दृष्टि से पश्चिमोत्तर भारत की अपेक्षा मध्यदेश बड़ा मह था तथा षोडश महाजनपद परस्पर टकरा कर केवल चार महाजनपदों में गये थे। ये चार जनपद मगध, कोशल, वत्स और अवन्ती थे। इन

तंत्रों के अतिरिक्त शाक्य, कोलिय, मौर्य्य, लिच्छवि आदि गणतंत्र भी
ता को प्राप्त थे। इनका गणतांत्रिक संविधान बड़ा ही प्रगतिशील था
बहुत कुछ आजकल की गणतांत्रिक प्रणाली से मिलता-जुलता था।

जैन और बौद्ध सुधारवादी आन्दोलनों से बुद्धकालीन समाज को रूढ़िवा-
पर गहरा आघात लगा था। जाति-पाँति के बन्धन ढीले पड़ गये थे
बौद्धेतर समाज में अभी इसका व्यापक प्रभाव था। स्त्रियों का समाज
स्थान ऊँचा था। पालि साहित्य में इसके प्रमाण मिलते हैं कि इस समय
ों को पुनर्विवाह का अधिकार था। स्त्रियाँ अपने वर के चुनाव में भी
त्र थीं। पर्दा प्रथा न थी। स्त्रियों को 'प्रव्रज्या' लेकर भिक्षुणी बनने का भी
कार था। आंशिक रूप में बहुविवाह, सगोत्रीय विवाह और गणिका-वृत्ति
भी प्रचलन था।

आर्थिक जीवन के केन्द्र ग्राम और नगर थे जहाँ कृषक और व्यापारी
क 'श्रेणियों' और 'निकायों' में विभक्त होकर उत्पादन तथा विनिमय करते
ग्राम का प्रमुख 'ग्रामभोजक' कहलाता था जो एक ग्रामसभा की सलाह
ाम की सुरक्षा और समृद्धि का प्रबन्ध करता था। खेती प्रमुख आय का
न था। कृषि का उत्पादन $\frac{1}{6}$ कर रूप में दिया जाता था। बेगार की
न थी। सिंचाई का प्रबन्ध अच्छा था। किसानों का अपने खेतों पर
कर्म के लिये तो पूर्ण अधिकार था किन्तु वे उसे बिना ग्रामसभा की
ति के बेंच नहीं सकते थे।

चम्पा, राजगृह, श्रावस्ती, काशी, मथुरा, कौशाम्बी, अयोध्या, मिथिला,
पन, वैशाली, तक्षशिला आदि प्रसिद्ध नगर थे जो व्यापार और उद्योग के
केन्द्र थे। खेती और पशुपालन के अतिरिक्त उद्योग-धन्धे भी बहुत प्रचलित
उद्योग व्यवसायों के 'अठारह शिल्प' बहु प्रचलित थे। इनमें कुछ ऐसे
से चर्मकार या इसी तरह का काम जो हीन समझा जाता था और ऐसे
ों को हीन 'शिल्प' के नाम से जाना जाता था। बढ़ई, सुनार, लुहार,
र, हाँथीदाँत का काम करने वाले, तन्तुवाय आदि प्रचलित उद्योग और
थे।

व्यापार का क्षेत्र देश ही में सीमित न था, बल्कि इस देश का व्यापार भरु-
और सुप्पारक से होकर बावेल (बैबिलन) आदि देशों से भी होता था।

देश के व्यापार के महापथ सुरक्षित थे। तक्षशिला से एक महापथ उत्तरापथ कहते थे चलकर साकल, मथुरा, कान्यकुब्ज, कौशाम्बी, राजगृह हुआ चम्पा और ताम्रलिप्ति तक जाता था। इस पथ का संबंध कई उपप द्वारा अन्य व्यापारिक नगरों से भी था। उत्तरापथ का सम्बन्ध श्रावस्ती साकेत से भी था। एक पथ श्रावस्ती को राजगृह से वैशाली होकर, जोड़ श्रावस्ती से एक महापथ चलकर कौशाम्बी, और उज्जैन होकर पैठन (प्र और भरुकच्छ को जोड़ता था। इन रास्तों पर सुसंगठित कारवाँ (सार्थ चला करते थे। व्यापारिक विनिमय के लिये कदापण, निष्क, शतमान, आदि सिक्के चलते थे। उद्योग व्यापार में पूँजी की व्यवस्था के लि और नगरश्रेष्ठी भी थे।

अध्याय ६

मगध साम्राज्य का उदय और विदेशी आक्रमण

मगध साम्राज्य :—भगवान् बुद्ध के समय में 'षोडश जनपद' मगध, शल, वत्स और अवन्ति इन चार जनपदों में परिवर्तित हो गये थे। बढ़ती साम्राज्यवादी प्रवृत्ति के कारण इन चार जनपदों में बड़ी प्रतिद्वन्द्विता और मकश थी। मगध की ताकत दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही थी। सातवीं ी ई० पू० में ही मगध एक शक्तिशाली साम्राज्य हो गया था। इसकी ना में कोशल, वत्स और अवन्ती की शक्तियाँ दिन प्रतिदिन क्षीण होती रही थीं। पाँचवीं और चौथी शती ई० पू० में मगध उत्तरी भारत का से शक्तिशाली साम्राज्य हो गया था।

मगध राज्य की नींव बृहद्रथ ने डाली थी। मगध की सत्ता का आरम्भिक ास हर्यंक वंश के अन्तर्गत हुआ। बिम्बिसार मगध का सर्वप्रथम प्रतापी ा था जिसके शासन-काल में अंग मगध के अधीन हुआ। यह पंद्रह वर्ष अवस्था में (५४३ ई० पू०) मगध का राजा हुआ। इसने कोशल और च्छवि, विदेह तथा मद्र देश के राजघरानों से वैवाहिक सम्बन्ध जोड़ कर ध राज्य की सत्ता और सम्मान में अभिवृद्धि की। इसका मैत्रीसम्बन्ध वत्स, र और कम्बोज देश से भी था। इसने विजय आदि से अपने समय में ध साम्राज्य को द्विगुणित कर दिया। यह महावीर और बुद्ध का समकालीन और जैन तथा बौद्ध दोनों ही धर्मों के प्रति उदार दृष्टिकोण रखता था। न के अन्तिम समय में इसे बड़ा दुःखी होना पड़ा। इसके पुत्र अजात- ने उसे बन्दी बना लिया था और कारागार ही में इसकी मृत्यु हुई।

बिम्बिसार का पुत्र अजातशत्रु भी बड़ा प्रतापी था। इसने अपने शासन- में वज्जिसंघ के लिच्छवियों को अपने अधीन किया तथा काशी को ाल से छीन कर मगध राज्य में मिलाया। पाटलिपुत्र को मगध साम्राज्य

का केन्द्र बनाया। आरंभ में यह बुद्ध और बौद्ध धर्म का विरोधी तथा का समर्थक था। किन्तु जीवन के अन्तिम दिनों में वह बौद्ध प्रभावित हुआ तथा बुद्ध के परिनिर्वाण के बाद बौद्ध धर्म की पहले (संगीति) की। इसकी भी हत्या इसके पुत्र उदायी ने की।

उदायी भी प्रतापी राजा था। इसने पाटलिपुत्र को बसाया और इसे की राजधानी बनाया। उदायी के उत्तराधिकारी अनिरुद्ध, मुण्ड और ना थे। नागदारुक हर्यंक्ष वंश का अन्तिम राजा था और इसके शासन प्रजा में बड़ी अशान्ति और असन्तोष था। इसके बाद मगध का शैशुनाग वंश के अधीन हुआ। शिशुनाग काशी का था और नागदा राज्यच्युत करके इसने मगध को प्राप्त किया था।

शिशुनाग का शासन-काल मगध के लिये बड़ा यशस्वी था। इसने पराक्रम से कोशल, वत्स और अवन्ती को अधीन किया। इस प्रकार म सभी शत्रु और प्रतिद्वन्द्वी इसके हाथों पराभूत हुये। इसकी उपराजधानियाँ और वैशाली थीं। अठारह वर्ष शासन करने के बाद इसकी मृत्यु हुई। उत्तराधिकारी अशोक (कालाशोक) हुआ जिसके समय को सबसे म घटना द्वितीय बौद्धसभा (संगीति) है। यह सभा ३८३ ई० पू० में जिसके परिणाम से बौद्ध संघ थेरवाद और महासांघिक दो सम्प्रदायों में हो गया था।

कालाशोक के दस पुत्र थे जिनमें नन्दवर्धन ही प्रतापी था। इसी स्त्री से महापद्मनन्द उत्पन्न हुआ जिसने चौथी शती ई० पू० के शैशुनाग वंश का अन्त करके नया वंश, नन्द वंश के नाम से चलाया।

नन्दवंश का संस्थापक महापद्मनन्द बड़ा ही प्रतापी था। साथ लोभी, क्रूर और अप्रिय भी था। इसने इक्ष्वाकुवंशियों, पाञ्चालों, हैहयों, कालकों, एकलिङ्गों, शूरसेनों और मैथिलों को अपने अधी था। इसके पास 'महापद्मसंख्यक' एक विशाल सेना थी तथा उसके अपार धन था। इसके उत्तराधिकारियों में घननन्द बड़ा प्रसिद्ध था। इ भी बहुत बड़ा साम्राज्य और बहुत बड़ी सेना थी। कहा जाता है कि इस में दो लाख पैदल, बीस हजार घुड़सवार, दो हजार रथ और तीन हजार हा

नन्दों का शासन जनप्रिय नहीं था, फलतः सैन्य और कोष बल के रहते भी इस राजवंश का पतन हुआ। चन्द्रगुप्त मौर्य ने ३२१ ई० पू० में नन्द को मार कर मगध साम्राज्य पर अधिकार कर मौर्य वंश की पना की।

विदेशी आक्रमण

हर्यङ्क, शैशुनाग और नन्दों के शासनकाल में आन्तरिक असन्तोष, कलह और राजवंशों के उलटफेर के बावजूद मगध-साम्राज्य के अन्तर्गत देश सुरक्षित था। किन्तु पश्चिमोत्तर भारत की स्थिति अच्छी नहीं थी। मोत्तर भारत मध्यदेश की साम्राज्यवादी गतिविधि से अछूता रह गया था छोटे-छोटे राज्यों में विभक्त था। छठी शती में फ़ारस में पारसीक साम्राज्य संगठन हो चुका था। ५५० ई० पू० में कुरुष ने मकरान के रास्ते भारत आक्रान्त किया किन्तु असफल होकर भागा। उसने पुनः एक बार आक्रमण या और काबुल के कुछ अंश को जीता। ५२१ ई० पू० में दारा द्वितीय ने त पर आक्रमण किया और गंधार, कम्बोज, पश्चिमी पंजाब और सिन्ध को । ये उसके करद राज्य हुये।

सिकन्दर का आक्रमण :—ईरानी आक्रमण का प्रभाव देश पर क्षणिक सीमित रहा। किन्तु इन आक्रमणों से भारत पश्चिम के विदेशी शासकों नजर में आ चुका था। फलतः ३२७ ई० पू० के लगभग फारसी साम्राज्य अन्त करके सिकन्दर ने भारत पर आक्रमण किया। सिकन्दर मकदूनियाँ जा फिलिप का बेटा था और बहुत बड़ा वीर तथा साहसी था।

जिन दिनों सिकन्दर के हाथों विशाल फारसी साम्राज्य विनष्ट हो रहा था, मोत्तर भारत के अनेक राज्य आपस में लड़-झगड़ रहे थे। पश्चिमोत्तर त अनेक छोटे-छोटे गणराज्य और राजतन्त्रों में विभक्त था। गणराज्यों का तन्त्रों से स्वाभाविक प्रतिद्वन्द्विता थी। राजतन्त्रों में भी परस्पर संघर्ष था। प्रकार की राजनीतिक परिस्थिति में देश की पश्चिमोत्तर सीमा बड़ी अरक्षित फलतः सिकन्दर को देश में घुस-पैठ करने में बड़ी सरलता मिली। के पश्चिम के कई भारतीय राज्यों ने, जिनमें अश्वक, अश्वकायन और नायन प्रमुख थे, सिकन्दर का प्रतिरोध किया था। किन्तु उन्हें सफलता

नहीं मिली और सिकन्दर ३२६ ई० पू० के लगभग सिन्धु नदी तक गया। तक्षशिला का राजा अम्भि अपने साम्राज्यवादी प्रतिद्वन्द्वी पुरु की स्पर्धा में सिकन्दर से मिल गया और सिकन्दर को पुरु की राज्यसीमा तक बढ़ आने दिया। झेलम के तट पर पुरु ने सिकन्दर का सामना से किया। घोर युद्ध के बाद विपरीत प्राकृतिक परिस्थितियों तथा त्रुटिपूर्ण व्यवस्था के कारण पुरु को सिकन्दर से सन्धि कर लेनी पड़ी। अब युद्ध के बाद पुरु सिकन्दर का उसी प्रकार साथी हो गया जैसा अम्भि। ने मिलकर सिकन्दर को झेलम के पूर्व बढ़ने के लिये उकसाया। सिकन्दर के आक्रमण के शिकार पुरु का स्वयं भतीजा जो मद्र का था, और कठ हुये। इन्हें रौंद कर सिकन्दर व्यास के पश्चिमी तट तक गया। व्यास के पूर्व में यौधेयों का गणतन्त्र और घननन्द का विशाल शाली मगध साम्राज्य था। सिकन्दर के सैनिकों को व्यास पार करने की न पड़ी। सिकन्दर को विवश होकर सेनासहित लौटना पड़ा। लौटते वह सिन्धु नदी का तट पकड़े-पकड़े सिन्धु नदी के मुहाने तक गया। इस पर भी उसका संघर्ष अनेक राजतन्त्रों और गणराज्यों से हुआ। मालव क्षुद्रक गणराज्यों ने सिकन्दर का घोर विरोध किया। युद्ध में सिकन्दर प्रकार अपने प्राणों की रक्षा कर सका। इस प्रकार किसी तरह वह सि मुहाने पर स्थित पहल नगर तक पहुँचा जहाँ से उसकी सेना जल औ मार्ग से होकर बैबिलन पहुँची। वहीं उसकी ३२३ ई० पू० में मृत्यु हो गयी।

सिकन्दर के मरते ही उसका भारतीय विजित प्रदेश यूनानी कब्जे के बा गया। सिकन्दर द्वारा नियुक्त क्षत्रप मार भगाये गये तथा पश्चिमोत्तर भा धीरे-धीरे चन्द्रगुप्त मौर्य और चाणक्य के प्रयत्न से मगध साम्राज्य के अ हो गया।

सिकन्दर कुल १९ मास इस देश में रहा। इस अल्प अवधि में पर यूनानी संस्कृति का कोई विशेष प्रभाव न पड़ा। इस आ का एक अप्रत्यक्ष राजनीतिक प्रभाव यह अवश्य हुआ कि पश्चिमोत्तर के छोटे राज्यों की शक्तियाँ क्षीण हो गयीं और चन्द्रगुप्त मौर्य को इन्हें अधीन करने में सफलता मिली।

अध्याय ७

मौर्य-काल

३२१ ई० पू० के लगभग नंद-शासन का उन्मूलन चन्द्रगुप्त और चाणक्य ा संभव हुआ था। इन दोनों का मिलन और सहयोग मौर्य इतिहास के लिए महत्त्व रखता है। चन्द्रगुप्त शक्ति का प्रतीक था और चाणक्य बुद्धि का। ि और बुद्धि ने मिल कर मौर्य साम्राज्य की न केवल स्थापना की अपितु स्थायित्व भी दिया।

चाणक्य तक्षशिला का स्नातक था। मगध राजा नन्द से इसकी अनबन ायी थी अतएव यह व्यक्तिगत तथा राजनीतिक कारणों से नन्दवंश का ूलन चाहता था। यह बड़ा विद्वान् और तेजस्वी ब्राह्मण था। इसने 'अर्थ-त्र' की रचना की जो भारतीय राजशास्त्र की एक अमूल्य निधि है।

चन्द्रगुप्त मौर्य

चंद्रगुप्त मौर्य क्षत्रिय था। इसका बचपन साधारण परिस्थितियों में बीता। के पिता की हत्या धननन्द ने करा दी थी अतएव नन्द वंश से इसकी भी क शत्रुता थी। इस प्रकार चन्द्रगुप्त और चाणक्य में मैत्री होना स्वाभाविक । दोनों ने पहले सेना इकट्ठी की और पाटलिपुत्र पर धावा कर दिया। इनको पहले प्रयास में सफलता न मिली। इसके बाद मगध साम्राज्य के दूर-दूर प्रदेशों को एक-एक कर चन्द्रगुप्त ने जीता। इस प्रकार जब इसकी शक्ति ी बढ़ गयी तो पाटलिपुत्र पर इसने दूसरा धावा किया। नन्द को मारकर गुप्त ने मगध साम्राज्य को अपने अधीन किया। फिर उसने सुराष्ट्र से लेकर ाम और बंगाल तक के प्रदेश को रौंदकर समस्त उत्तरी भारत को मौर्य ाज्य के अन्तर्गत किया। सम्भवतः इसी के समय मौर्य साम्राज्य की सीमा दक्षिण मैसूर तक फैली।

३०५ ई० पू० में सिकन्दर के सेनापति सिल्युकस ने सिकन्दर के विजित ों को पुनः अधिकृत करने के लिये भारत पर आक्रमण किया। किन्तु इस

समय भारत के राजनीतिक आकाश में प्रतापी चन्द्रगुप्त का सूर्य तप रहा। भारत की सीमा में सिल्युकस प्रविष्ट न हो सका और सिन्धु के उस प पराजित होकर चन्द्रगुप्त से सन्धि के लिये विवश हुआ। सन्धि के फल चन्द्रगुप्त को काबुल, कन्धार, हेरात और बलूचिस्तान का प्रदेश मि सिल्युकस की कन्या चन्द्रगुप्त से विवाहित हुई। मैत्री और वैवाहिक सं जाने पर चन्द्रगुप्त की ओर से सिल्युकस को ५०० हाथियों की भेंट मि सिल्युकस की ओर से मेगस्थनीज नामक एक राजदूत चंद्रगुप्त के दर रहने लगा।

चंद्रगुप्त ने २४ वर्षों तक राज्य किया। जीवन के अन्तिम वर्षों में जैन धर्म से विशेष प्रभावित हो गया था। कहते हैं कि उसने श्रावणबेल (मैसूर) में जाकर २९७ ई० पू० के लगभग 'कायोत्सर्ग' किया था।

चन्द्रगुप्त मौर्य का शासन प्रबन्ध

चन्द्रगुप्त मौर्य विजेता ही नहीं सुशासक भी था। उसने चाणक्य की शास सम्बन्धी योजना को कार्य रूप में परिणत किया था। उसके शासन का वि कौटिल्य के अर्थशास्त्र और मेगस्थनीज के 'इण्डिका' नामक ग्रंथ से जाता है।

चंद्रगुप्त मौर्य निरंकुश शासक था किन्तु वह शासन का कार्य 'मंत्रि की सहायता से करता था। सम्पूर्ण राज्य विभिन्न प्रांतों में बँटा था। (मगध और उसके आस पास) के अतिरिक्त उत्तरापथ, सुराष्ट्र, अवंति दक्षिणापथ मौर्य साम्राज्य के प्रमुख प्रांत थे। गृहराज्य का केन्द्र पाट था किन्तु शेष प्रांतों के केन्द्र क्रमशः तक्षशिला, गिरिनार, उज्जयिनी सुवर्णगिरि थे। शासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम थी जिसका प्रधान अधि ग्राम भोजक होता था। ग्राम स्वायत्त शासन में काफी स्वतंत्र सार्वजनिक हित के कार्य तथा सुरक्षा की व्यवस्था स्वयं कर लेते थे।

केन्द्रीय शासन १८ विभागों में, जिन्हें तीर्थ कहते थे, बँटा हुआ प्रत्येक विभाग एक-एक मंत्री के अधीन होता था। इन अठारह मंत्रि नाम इस प्रकार हैं :—

(१) प्रधान मंत्री अथवा पुरोहित
(२) समाहर्त्ता
(३) सन्निधाता
(४) सेनापति
(५) युवराज
(६) प्रदेष्टा
(७) व्यावहारिक
(८) नायक
(९) कर्मान्तिक,
(१०) मंत्रिपरिषद का अध्यक्ष
(११) दण्डपाल
(१२) अन्नपाल
(१३) दुर्गपाल
(१४) पौर
(१५) प्रशस्ता
(१६) दौवारिक
(१७) आंतर्वंशिक
(१८) आटविक

मौर्य-शासन की अर्थनीति बड़ी सुदृढ़ थी। आय के साधन कई थे जिनमें मिकर, वाणिज्यकर, सिंचाई कर आदि प्रमुख थे। कृषिकर सामान्यतया उपज $\frac{१}{४}$ था। विशेष परिस्थिति में यह $\frac{१}{१०}$ भी हो जाता था। न्याय विभाग यवस्थित था। दीवानी और फौजदारी दो तरह की अदालतें थीं जिन्हें क्रमशः र्मस्थानीय और कण्टकशोधन कहते थे। दण्ड-विधान कड़ा था। अपराध होते थे। पुलिस और गुप्तचर विभाग विशेष रूप से संगठित थे। शासन ध्यान लोकोपयोगी कार्यों पर भी विशेष रूप से था। सिंचाई का प्रबन्ध राज्य करता था। चंद्रगुप्त के एकप्रांतीय शासक ने गिरिनार में सुदर्शन मक तालाब सिंचाई और पेय जल के लिए निर्मित कराया था। सेना का ठन अच्छा था। मेगस्थनीज के अनुसार सेना का प्रबंध एक समिति द्वारा ा जिसके ३० सदस्य होते थे। ये सदस्य छः उपसमितियों में विभक्त र सेना सम्बन्धी प्रबंध करते थे। पहली समिति पैदल सेना, दूसरी समिति वारोही सेना, तीसरी समिति रथ-सेना, चौथी समिति हस्ति सेना, पाँचवीं िति नौ सेना और छठीं समिति सेना के विविध अंगों को रसद पहुँचाने व्यवस्था करती थीं। चन्द्रगुप्त मौर्य की सेना बहुत बड़ी थी जिसमें ाख पैदल सिपाही, ३०००० घुड़सवार, ८००० रथ और ९००० हाथी थे। सेनापति और नायक के अतिरिक्त अन्य सैनिक कर्मचारी अन्तपाल और ाल थे। ये सीमा की रक्षा करते थे।

मौर्य-शासन की सबसे बड़ी विशेषता नगर-शासन थी। पौर या नागरक

नगर का प्रमुख अधिकारी होता था। मेगस्थनीज ने पाटलिपुत्र के नगर शा
का विवरण प्रस्तुत किया है। सम्भवतः इसी प्रकार का नगर-प्रशासन अन्य न
में भी प्रचलित था।

मेगस्थनीज के अनुसार नगर-शासन के लिये ३० सदस्यों की एक स
थी जो ६ उपसमितियों में विभक्त थी। प्रत्येक उपसमिति में पाँच सदस्य
थे। ये उपसमितियाँ क्रमशः (१) शिल्प (२) विदेशियों (३) जन गण
(४) वाणिज्य (५) उद्योग और (६) कर से संबंधित कार्यों की देख
करती थीं।

प्रत्येक नगर चार क्षेत्रों में विभक्त था, जिसका प्रशासन स्थानक न
कर्मचारी करते थे। स्थानकों के अधीनस्थ कर्मचारी गोप थे जो १० या
परिवारों की निगरानी करते थे।

विन्दुसार—चंद्रगुप्त का उत्तराधिकारी उसका पुत्र विन्दुसार हु
इसके विजयों और पराक्रमों का विवरण ज्ञात नहीं है किन्तु यह प्रतापी था
इसका विरुद 'अमित्रघात' था जो इसके विजयों और सामरिक गुणों
द्योतक है। संभवतः दक्षिण का कुछ भाग इसी के शासन काल में मौर्य सा
के अन्तर्गत हुआ हो। इसके शासन-काल में तक्षशिला में विद्रोह हुआ वि
दमन उसके प्रतिनिधि अशोक ने किया। सीरिया के राजा से इसकी
थी। इसने उससे मदिरा, अञ्जीर और दार्शनिक माँगा था। चाणक्य
शासन काल में भी मौर्य साम्राज्य का मंत्री था। इसने २५ वर्ष तक श
किया। इसकी मृत्यु २७२ ई० पू० के लगभग हुई।

अशोक

अशोक भारत के ही नहीं अपितु विश्व के इतिहास में अप्रतिम है।
में इसकी तुलना और किसी सम्राट् से नहीं हो सकती। इतिहासकार एच
वेल्स ने तो यहाँ तक लिखा है कि "इतिहास के स्तम्भों को भरने वाले रा
सम्राटों, धर्माधिकारियों, सन्त-महात्माओं आदि के बीच अशोक का
प्रकाशमान है और वह आकाश में प्रायः एकाकी तारा की
चमकता है।"

अशोक का प्रारम्भिक जीवन सामान्य राजाओं की तरह ही बीता। कहते हैं कि इसके ६६ भाई थे और इसने सबको मौत के घाट उतार कर राजगद्दी प्राप्त की। किन्तु बौद्ध ग्रन्थों का यह कथन अतिशयोक्तिपूर्ण है। सम्भव है कि अशोक को, बिन्दुसार का ज्येष्ठ पुत्र न होने के कारण अपने भाइयों से संघर्ष करना पड़ा हो, किन्तु इसकी वजह से अशोक के सिर इतना बड़ा हत्याकाण्ड नहीं मढ़ सकते। सच तो यह है कि अशोक के राजत्वकाल में भी उसके कई भाई जीवित थे और सम्मान-पूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे थे।

अशोक महान्

अशोक ने राज्यारोहण २७२ ई० पू० में किया था किन्तु सम्भवतः गृह-कलह और भाइयों से संघर्ष के कारण अशोक का राजत्व बहुत कुछ संदिग्ध था। किन्तु ढाई-तीन वर्षों में ही अशोक की स्थिति सुदृढ़ हो गयी और २६९ ई० पू० में उसने विधिवत् अपना अभिषेक किया।

अभिषेक के आठवें वर्ष (२६१ ई० पू०) में अशोक ने कलिङ्ग पर आक्रमण किया। इसके पूर्व ही वह कश्मीर को अधिकृत कर चुका था। कलिङ्ग का राज्य मौर्यों का प्रतिद्वन्द्वी राज्य था और बिना कलिङ्ग को आत्मसात् किये मौर्य साम्राज्य को पूर्णता नहीं मिल सकती थी। अतएव अशोक ने राजनैतिक दृष्टि से कलिङ्ग पर आक्रमण कर दिया। किंतु अशोक की मानवतावादी दृष्टि ने यह सिद्ध किया कि कलिङ्ग पर आक्रमण करना उसकी एक भूल थी। इस युद्ध में एक लाख मनुष्य मारे गये, डेढ़ लाख बंदी बनाये गये और

इससे कई गुना लोग युद्धोत्तर महामारी के शिकार हुये। युद्ध की इस विभी
से अशोक का हृदय द्रवित हो गया। उसमें क्रांतिकारी परिवर्तन आया।

सारनाथ का अशोकस्तम्भ
(सिंह-शीर्ष)

अशोक की लाट

'भेरीघोष' को 'धम्मघोष' में परिणत कर दिया तथा युद्ध और हिंसा
'लोक-हित' और 'भूतदया' उसका आदर्श हो गया।

अशोक का नीति परिवर्तन उसकी सच्ची निष्ठा का परिणाम था।

की राजनीति, धर्मनीति, और व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित किया। वह, उसने व्यक्तिगत जीवन में, पहले की अपेक्षा कहीं अधिक अहिंसक, सदाचारी दयालु तथा प्रजावत्सल हो गया। उसके हृदय परिवर्तन के अनुकूल बौद्ध धर्म की मान्यताएँ पड़ीं अतएव वह बौद्ध हो गया। किन्तु बौद्ध धर्म का अनन्य उपासक' होने पर भी उसमें साम्प्रदायिकता न आयी और न उसने बल-पूर्वक अपना धर्म प्रजा पर लादा। उसने सभी धर्मों की 'समृद्धि' की कामना

अशोक का शिलालेख

और अपने अभिलेखों में स्पष्ट कहा कि जो दूसरे के धर्म की निन्दा करता है स्वयं अपनी क्षति करता है। उसने समान रूप से आजीवकों, ब्राह्मणों और श्रमणों को दान दिया और उनके साथ उचित व्यवहार किया। उसने घोषित किया कि मेल-मिलाप से ही धर्म की उन्नति है और इसी से कल्याण मार्ग प्रशस्त होता (समवायो एव साधु) है। वाणी का संयम (वचोगुति) और बहुश्रुत होना ये दोनों गुण धर्म की वृद्धि करते हैं और भावशुद्धि का मूल है।

बुद्ध धर्म और संघ के प्रति उसकी सच्ची निष्ठा थी और उसने अपनी प्रजा को कतिपय बौद्ध ग्रंथों के पारायण की सम्मति भी दी। किन्तु ये ग्रंथ

बौद्ध सिद्धान्तों के प्रतिपादक नहीं अपितु सार्वभौम धर्म के तत्त्वों के प्रति
थे। उसने अपनी प्रजा को वही करने को कहा जो सभी धर्मों की
सबके लिए श्रेयस्कर है। शिला-लेखों में प्रतिपादित अशोक का 'धम्म'
धर्म नहीं था। उसके 'धम्म' के प्रमुख तत्त्व दया, दान, सत्य, शौच,
साधुता, अहिंसा, मैत्री, माता-पिता की सेवा, गुरु का आदर, ब्राह्मण
श्रमणों का सत्कार, दास और भृत्यों के प्रति सद्व्यवहार, अल्पव्ययता
अपभण्डता (अल्प संग्रह) थे।

अशोक केवल धर्मोपदेशक ही नहीं था बल्कि जो कुछ वह
लिए ठीक समझता था वह अपने लिए भी ठीक समझता था। उसने
राज्य में जीव हिंसा का निषेध किया था। स्वयं अपने लिए भी उसने
का व्रत लिया। उसकी पाकशाला में हजारों पशुओं की नित्य
थी, जिसको उसने आंशिक रूप से रोक दिया। हिंसा से बचने के लिए
'मृगया' और 'विहार-यात्रा' को भी बंद कर दिया। 'विहार-यात्रा' की जगह
धर्मयात्रा की प्रथा चलाई। 'धर्मयात्रा' में वह तीर्थों की यात्रा करता,
एवं श्रमणों का दर्शन करता तथा प्रजा के दुख-सुख को सुनता था।
प्रकार उसने बहुत से सामाजिक 'मंगलों' को बंद करके 'धर्म
और 'धर्मज्ञान' की प्रथा चलाई जिससे समाज में फैले अनेक अंध
निर्मूल हुए।

राजा के रूप में अशोक अपने पितामह चन्द्रगुप्त से कम प्रतिभा
नहीं था। तक्षशिला और कलिंग को मौर्य साम्राज्य के अन्तर्गत लाकर
चन्द्रगुप्त मौर्य के अधूरे कार्य को पूरा किया। साथ ही वह बहुत बड़ा
भी था। कलिंग विजय प्राप्त होने के बाद अशोक ने अनुभव किया
चन्द्रगुप्त और चाणक्य की शासन व्यवस्था उसके बदले हुए मानव
दृष्टिकोण के अनुकूल नहीं है। अतएव उसने पैतृक शासन व्यवस्था
सुधार अपेक्षित समझा। शासन का ऊपरी ढाँचा उसने सुकेन्द्रित
किंतु अपने और अपने अधिकारियों को प्रजा के अधिक से अधिक
लाने के लिए चेष्टावान हुआ। राज्य के उच्च पदाधिकारियों को
आदेश दिया। रज्जुक, युक्त, प्रादेशिक और महामात्र नामक राज

पाँचवें वर्ष प्रजा की देखभाल तथा 'धर्मानुशासन' के लिए अपने-अपने अधिकार-क्षेत्र में दौरा (अनुसंधान) करते थे। 'प्रतिवेदकों' को उसने यह

आदेश दिया कि चाहे वह भोजन कर रहा हो, अन्तःपुर में हो, शयनागार में हो या उद्यान में हो, प्रजा के कार्यों की सूचना उसे दें। प्रजा का अधिक से अधिक हित सम्पादन उसका ध्येय हो गया। अपनी शासन नीति के विषय में उसने यह कहा कि 'सब मनुष्य मेरे पुत्र हैं और जिस प्रकार मैं अपने पुत्रों का

हित चाहता हूँ उसी प्रकार मैं लोक के ऐहिक और पारलौकिक हित और सुख की कामना करता हूँ। सर्वलोक के हित साधन से बढ़कर और कोई कर्तव्य नहीं है। मैं जो कुछ पराक्रम करता हूँ वह इसलिए कि प्राणियों के प्रति जो मेरा ऋण है उससे उऋण होऊँ और यहाँ कुछ लोगों को सुखी तथा परलोक में भी उन्हें स्वर्ग का अधिकारी बनाऊँ।' लोकोपयोगी कार्यों के प्रति भी अशोक ने बड़ा ध्यान दिया। इसके अन्तर्गत उसने रास्ते बनवाये, उस पर छायादार वृक्ष लगवाये, पेय जल के लिए कुएं खुदवाये, पशुओं और मनुष्यों के लिए चिकित्सालय बनवाये। इस प्रकार के लोकोपयोगी कार्य न केवल उसने अपने राज्य में किए अपितु कम्बोज, गन्धर्व, राष्ट्रिक, पैतनिक, भोज, आन्ध्र, पुलिन्द जातियों में, चोलपांड्य, सतियपुत्र, केरलपुत्र, सुदूर पश्चिम के राज्यों में तथा भारतीय सीमा से बहुत दूर शासन करनेवाले यवन राजा एंटिओकस, टोलमी फिलाडेल्फस, एंटिगोनस, मेगस और एलेक्जेंडर के राज्यों में किए। उसने धर्ममहामात्रों की नियुक्तियाँ कीं, जो प्रजा की नैतिक और भौतिक उन्नति का प्रयत्न करते थे।

धर्म के प्रचार के लिए उसने निम्नलिखित विभाग अपनाये—

१—धर्म विभाग की स्थापना और धर्ममहामात्रों की नियुक्ति

२—धार्मिक दृश्यों का प्रदर्शन

३—धार्मिक तीर्थों की यात्रा

४—धार्मिक कथा-वार्ता की व्यवस्था

५—दान की व्यवस्था

६—शिलाओं और स्तम्भों पर धार्मिक अभिलेखों का लिखवाना

७—लोकोपयोगी कार्य में प्रोत्साहन देना

८—धर्म के प्रचार के लिए धर्म प्रचारकों को दूर-दूर के देशों में भेजना।

बौद्धग्रन्थों का दावा है कि अशोक ने बौद्धधर्म के प्रचार के लिए आचार्य मध्यन्तिक को कश्मीर और गांधर्व महारक्षित को यवन देश में, महादेव रक्षित, यवन धर्मरक्षित और महाधर्मरक्षित को दक्षिण भारत में, मज्झिम को हिमालय के क्षेत्र में, सोण और उत्तर को सुवर्णभूमि में और महेंद्र तथा संघ-

संघल में भेजा। बौद्ध परम्परा के अनुसार बौद्ध धर्म की तृतीय संगीति भी
के समय हुई थी।

अशोक की मृत्यु २३२ ई० पूर्व में हुई। इसके शासन काल में मौर्य
ाज्य की प्रतिष्ठा चरमसीमा को छू रही थी। उत्तर में नेपाल की तराई से
ण में मैसूर तक तथा पश्चिम में हिन्दुकुश से लेकर पूर्व में बंगाल की
ी तक इसका साम्राज्य व्याप्त था। सीरिया, मिस्र आदि पश्चिमी एशियाई
ों से इसका मैत्री संबंध था और देश में कम्बोज, गन्धर्व, राष्ट्रिक, पितनिक,
, आन्ध्र, पुलिन्द तथा केरलपुत्र, सत्यपुत्र, चोड्य और पराड्य जैसे
सी राज्यों पर पूरी धाक थी। इस विशाल साम्राज्य का बोझ इसके कमजोर
र संकीर्ण दृष्टिकोणवाले उत्तराधिकारी सँभाल न सके और मौर्य साम्राज्य
के कंधों से गिर कर टूक-टूक हो गया। अशोक की मृत्यु के ५० वर्ष बाद तक
मौर्य साम्राज्य सुरक्षित न रहा और १८५ ई० पूर्व के लगभग अन्तिम
र्य राजा वृहद्रथ के सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने वृहद्रथ को मार कर मौर्य
म्राज्य का अन्त किया।

मौर्यकालीन संस्कृति :—मौर्यकालीन संस्कृति उत्कृष्ट थी और इस युग
कई देन भारतीय संस्कृति को हैं। लिपि का व्यापक प्रचार और विकास,
ा विशेषकर मूर्ति और स्थापत्य का नूतन उन्मेष, शासन प्रबन्ध की उत्कृष्ट
स्था, अन्तरराष्ट्रीय जगत में सद्भावना और मित्रता का प्रसार, देश में
कछत्र राज्य की स्थापना, लोकोपकारी कार्यों की बहुलता, विविध धर्मों में
ता की स्थापना आदि कतिपय विशिष्ट बातें हैं जिन्हें मौर्यकालीन संस्कृति
महत्त्वपूर्ण देन के रूप में स्वीकार कर सकते हैं। इस युग में भारत में
न्द्रित शासन व्यवस्था थी तथा समाज वर्णानुसार विभक्त था।
भी बौद्धधर्म के प्रभाव से वर्णाश्रम धर्म रूढ़िग्रस्त न था। ब्राह्मण, श्रमण
न), बौद्ध और आजीवक आदि अनेक धार्मिक सम्प्रदाय देश में फल-फूल
थे जिनमें पारस्परिक मेल-मिलाप था। आर्थिक दृष्टि से देश सुसम्पन्न था।
का कृषि व्यापार उन्नत था तथा मौर्य शासन की छत्र-छाया में जल और
ल मार्ग सुरक्षित थे और व्यापार दूर-दूर तक के देशों से होता था। साहित्य के
में भी प्रगति थी। त्रिपिटक साहित्य इसी युग की देन है, रामायण और

महाभारत के कुछ अंशों का संकलन भी इसी युग में हुआ। वह
राजगृह, वाराणसी, पाटलिपुत्र आदि प्रसिद्ध, शिक्षा और व्यापार के के
इस युग में विशेषकर अशोक के समय में पश्चिमोत्तर भारत में खरो
मध्यदेश तथा दक्षिणापथ में ब्राह्मी लिपि का प्रचलन था। कला
धाराएँ अशोक द्वारा पोषित हुईं। एक तो राजाश्रयी और दूसरी लोक
राजाश्रित कला को अशोक के द्वारा विशेष प्रश्रय मिला। चमकदार
इस कला की विशेषता है। अशोक के बनवाये स्तम्भों पर यह पालिश
जाती है। इस कला में अनेक स्तूप और गुफाएँ भी बनीं।

लोक-कला के उदाहरणों में यक्ष-यक्षणियाँ आती हैं। परवर्ती
कालीन कला में इसी लोककला का पल्लवन हुआ, अशोक द्वारा
राजाश्रयी कला का नहीं।

अध्याय ८

मौर्य-साम्राज्य का विकेन्द्रीकरण

अशोक की मृत्यु के बाद का भारतीय इतिहास मौर्यों के साम्राज्य के न्द्रीकरण का इतिहास है। यह विकेन्द्रीकरण दो तरह से हुआ—केन्द्रीय न के कमजोर होने पर प्रांतीय शासक स्वतंत्र होने लगे और अपने-अपने कार क्षेत्रों में स्वतंत्र राज्य की स्थापना करने लगे। अर्धशासित पड़ोसी भी मौर्य साम्राज्य से अपना नाता तोड़ने लगे। सीमांत क्षेत्रों के ोत होने पर बलख की ओर से यवनों का आक्रमण देश पर होने लगा उत्तरापथ का मथुरा तक का भाग उनके अधिकार में हो गया। कालांतर में ों का अनुगमन करते हुए, शक पह्लव और तुषार जाति के भी लोग में आये और शासन किया। इस प्रकार सम्पूर्ण देश छोटे-छोटे देशी विदेशी शासकों के शासन क्षेत्र में बँट गया।

शुंग वंश—शुंग वंश का संस्थापक पुष्यमित्र शुंग था। पुष्यमित्र शुंग थ का सेनापति था। उसने वृहद्रथ की दुर्बलताओं का लाभ उठाया। उसे कर राज्य प्राप्त कर लिया। यह स्वयं भारद्वाज ब्राह्मण था और ब्राह्मण धर्म अनुयायी था। वैदिक धर्म के पुनरुद्धार की चेष्टा इसने की और दो मेध यज्ञ किये। संस्कृत विद्या एवं साहित्य का पुनरुद्धार किया तथा वर्ण-म के आदर्शों के अनुसार समाज का संघटन किया। इसी काल में मृति का वर्तमान संस्करण प्रस्तुत हुआ और पतंजलि ने महाभाष्य तैयार । भास भी इन्हीं के समकालीन थे। पुष्यमित्र शुंग ने विदिशा पर मण किया था और उस पर अपना प्रभाव स्थापित किया । इसके समय में मिनाण्डर अथवा डिमेट्रियस ने आक्रमण

करके माध्यमिका, साकेत और पाटलिपुत्र तक को घेर लिया किंतु इसने अपने पौत्र वसुमित्र को यवनों के विरोध में भेज कर साम्राज्य रक्षा की थी। इसने अश्वमेध यज्ञ भी किया था। पुष्यमित्र शुंग का शासन पाटलिपुत्र था। मगध साम्राज्य का गृहराज्य उसके हाथ में था। विदिशा और साकल भी उसके शासन क्षेत्र में थे। इस प्रकार उसका पूर्व में मगध से लेकर पश्चिम में साकल तक और उत्तर में हिमालय से में विदर्भ तक था।

पुष्यमित्र का उत्तराधिकारी अग्निमित्र था। अग्निमित्र के विषय में कुछ ज्ञात नहीं, केवल इतना ही ज्ञात है कि उसने अपने पिता के विदर्भ पर आक्रमण किया था और वह विदिशा का प्रांतीय शासक पुराणों के अनुसार शुंग वंश का शासन ११२ वर्ष था और इसमें राजा हुए। पुराणों से केवल इन राजाओं का नाम ज्ञात होता है नहीं। अग्निमित्र के उत्तराधिकारियों में वसुमित्र और भागभद्र विशेष हैं। भागभद्र के समय में तक्षशिला के यूनानी राजा अंतलिखित विदिशा में आया था और गरुडध्वज को स्थापना की थी। यह भागवत अनुयायी था। शुंग वंश का अंतिम राजा देवमूर्ति था जिसे वासुदेव मारकर मगध में कण्व वंश की स्थापना लगभग ७३ ईसा पूर्व में की।

काण्व वंश—राजनीतिक दृष्टि से काण्व वंश का महत्व विशेष इस वंश के शासकों में वासुदेव के अतिरिक्त अन्य शासक भूमिमित्र, और सुशर्मा थे। सुशर्मा अत्यन्त निर्बल राजा था जिसे इसके मन्त्री शिमुक ने मार कर राज्य पर अधिकार कर लिया।

आन्ध्र सातवाहन—पुराणों के अनुसार आन्ध्र काण्व के आन्ध्र सातवाहनों का केन्द्र गोदावरी का कांठा था। इस राज्य भारतीय राजनीति पर प्रभाव अधिक रहा और यह दक्षिण भारत बड़ी शक्ति थी। शिमुक के बाद उसका भाई कृष्ण गद्दी पर बैठा। उत्तराधिकारी सातकर्णि हुआ जो इस वंश का सबसे प्रथम प्रतापी राजा इसका प्रभाव महाराष्ट्र तथा कई अन्य देशों पर था। यह ब्राह्मण अनुयायी था किन्तु बौद्धों के प्रति भी उदार दृष्टिकोण रखता था।

का अधिकार था। सातकर्णि के मरने के बाद सातवाहनों की शक्ति पुनः
ग हुई किन्तु ईसवी क. पहली शती के अन्त में इस राज्य वंश ने अपनी
ता को पुनः संभाल लिया। गौतमी पुत्र सातकर्णि इस वंश का सबसे प्रतापी
ा था जिसने शकों से युद्ध करके आन्ध्र साम्राज्य का विस्तार किया।
का राज्य गोदावरी के निचले कांठे से लेकर सुराष्ट्र अपरान्त, अनूप,
र्भ, आकर और अवन्ती तक फैला हुआ था। गौतमीपुत्र सातकर्णि के बाद
ज्ञयिनी के शकों के हाथों सातवाहन वंश को पुनः क्षति उठानी पड़ी।
मीपुत्र के उत्तराधिकारी वासिष्ठीपुत्र, पुलमावी और यज्ञ श्री सातकर्णि
इनके शासन काल में सातवाहन की प्रतिष्ठा किसी तरह बनी रही। किंतु
ज्यों शकों का दबाव बढ़ता गया सातवाहन वंश क्षीण होता गया। इस
के अन्तिम शासक विजय, चन्द्र श्री और चतुर्थ पुलमावि थे। ये नाम-
 के राजा थे। धीरे-धीरे सातवाहन शकों, सुराष्ट्र के आभीरों और सुदूर
ण के पल्लवों द्वारा छिन्न-भिन्न कर दिया गया।

खारवेल—खारवेल कलिंग का चेदिवंशीय राजा था। इसका पूरा नाम
मेघवाहन खारवेल था। उदयगिरि के पास हाथीगुम्फा लेख में इसका
रण मिलता है। इस लेख के अतिरिक्त अन्य कोई प्रमाण नहीं मिलता।
सातवाहन राजा सातकर्णि का समकालीन था और इसने अपने शासन के
वें वर्ष में सुदूर दक्षिण तक हमला किया था। इस लेख से पता
ता है कि इसके अधिकार में उत्तरी भारत और दक्षिणापथ का बहुत
 हिस्सा था। इसका शासनकाल सम्भवतः चिरस्थायी न था तथा इसके
राधिकारी भी प्रसिद्ध न हुए। इसके उत्तराधिकारी के विषय में जानकारी
 मिलती। यह जैन धर्मावलम्बी था।

विदेशी आक्रमण

बख्त्रीयवन :—मौर्योत्तरकालीन विकेन्द्रित भारतीय राज्यों के अतिरिक्त
त के पश्चिमी और पश्चिमोत्तर भाग पर कुछ विदेशियों का भी आधिपत्य
 सिल्युकस के उत्तराधिकारी बलख में राज्य कर रहे थे। लगभग २०० ई०
में बलख में यूथिडेमस ने स्वतन्त्र रूप से एक राज्य की स्थापना की।

इसके उत्तराधिकारी डिमिट्रियस ने १८३ ईसवी पूर्व में भारत पर आ
किया तथा अपालोडोटस और मिनान्डर के नेतृत्व में यवनों ने भा
आधिपत्य स्थापित किया। मिनांडर के नेतृत्व में यवनों की सेना
(स्यालकोट), मथुरा, पाञ्चाल होते हुए पाटलिपुत्र तक पहुँची और अपालो
के नेतृत्व में यवनों की सेना सिन्धु और अवन्ती होते हुये माध्यमिका
पहुँची। शुङ्गों ने बड़े प्रयत्न से यवनों को परास्त किया और उन्हें पा
पाञ्चाल, मथुरा तथा माध्यमिका और अवन्ती से खदेड़ दिया। किन्तु
की सत्ता साकल में प्रबल रही और वह पश्चिमोत्तर भारत में प्रभावशा
से शासन करता रहा।

मिनान्डर यवन राजाओं में बड़ा प्रसिद्ध हुआ। इसने बौद्धधर्म को
किया था। इसका गुरु नागसेन था, जिससे उसका शास्त्रार्थ होता रह
नागसेन और मिलिन्द के प्रश्नोत्तरों का संकलन 'मिलिन्दपञ्हो' नाम
में हुआ है।

शक :—यह मध्य एशिया की एक बर्बर जाति थी जिसने १
पू० और १२० ई० पू० के बीच में बलख पर अधिकार करके य
शक्ति को विनष्ट कर दिया और धीरे-धीरे भारत में अपना प्रभाव बढ़ाने
भारत में शक सत्ता के चार केन्द्र थे—(१) उज्जयिनी, (२) म
(३) तक्षशिला और (४) मथुरा। इन सभी में उज्जयिनी का
रुद्रदामन विशेष प्रसिद्ध हुआ। पह्लव जाति शकों की ही एक
थी जो पार्थिया से होकर भारत आयी थी अतएव इनकी भाषा और
पर पहलवी छाप थी। इनका राजनीतिक प्रभाव दक्षिणी अफगानिस्ता
पश्चिमोत्तर भारत ही में सीमित रहा। वोनोनीज और गुदफर्न इस
प्रसिद्ध शासक थे।

कुषण :—मध्य एशिया की यूची जाति की एक शाखा कुषण थी
प्रबल राजनीतिक प्रभाव भारत पर रहा। पहली शती ईसवी में इनका
बहुत बढ़ गया और इस जाति ने कुजुल कदफिस के नेतृत्व में यवनों
शकों की भारतीय सत्ता को विनष्ट किया। इस वंश का दूसरा राज
कदफिस था किन्तु इस वंश का सबसे प्रतापी शासक कनिष्क था।

कनिष्क

कनिष्क का शासनकाल बड़ा विवादास्पद है। कुछ इसे ७८ ई० मानते

कनिष्क

हैं और कुछ १२० ई०। बहुमत ७८ ई० के पक्ष में है। इसकी राजधानी पेशावर थी किन्तु मथुरा और वाराणसी इसकी उप-राज-धानियाँ थीं। यहाँ इसके क्षत्रप जिनके नाम क्रमशः महाक्षत्रप खर पल्लव और क्षत्रप वनस्पर थे, शासन करते थे। इसके अधिकार में कश्मीर भी था तथा इसने पाटलिपुत्र तक धावे किये थे। इसने चीनी सेनापति पैन-याँग को हराकर काशगर, खोतान और यारकन्द पर भी अपना राजत्व स्थापित किया था।

यह बौद्ध था और इसने कश्मीर, पेशावर आदि नगरों में अनेक स्तूप मठ बनवाये थे। इसके समय में कश्मीर में चौथी बौद्ध सभा (संगीति) थी। इसी संगीति के विवाद से हीनयान और महायान दो सम्प्रदाय हो महायान संप्रादाय को कनिष्क का विशेष प्रश्रय प्राप्त था। यह विद्वानों का र करता था। नागार्जुन, पार्श्व, वसुमित्र और अश्वघोष इसके समय के विज्ञानवेत्ता और विद्वान् थे। कला को भी इसका प्रश्रय प्राप्त हुआ। और मथुरा इसके समय के दो प्रसिद्ध कला-केन्द्र थे।

इसने २३ वर्षों तक राज्य किया। अन्त में मंत्रियों के षडयन्त्र से इसकी हुई। इसका उत्तराधिकारी हुविष्क था, जो पिता के समान ही योग्य प्रतापी था। उसके शासनकाल में साम्राज्य अक्षुण्ण रहा। इसके बाद षाण-वंशीय शासक कमजोर थे अतः इस राजवंश का पराभव प्रारम्भ। वासुदेव इस वंश का अन्तिम योग्य शासक था।

शुङ्ग, सातवाहन और कुषाण काल की संस्कृतिः—शुङ्गों और सात- के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति ने नया मोड़ लिया। मौर्य-पूर्व वैदिक

मान्यताओं, आदर्शों और सामाजिक मानदण्डों का मौर्योत्तर बदली परिस्थिति में फिर से मूल्यांकन किया गया तथा उन्हें नया स्वरूप दिया वैदिक यज्ञों का पुनरुद्धार किया गया, किन्तु उनसे सम्बद्ध कर्मकाण्ड हटा कर। वैदिक देववाद के आधार पर नूतन देवसंघ का संगठन गया। नये-नये देवताओं की कल्पना का आधार वैदिक प्रतीकवाद के

साँची का स्तूप

भक्ति और लोकधर्म माना गया। शिव, स्कन्द, विशाख, वासुदेव, संकर्षण देवताओं की मान्यता बहुत बढ़ी और इनकी पूजा और भक्ति का बढ़ा। भक्ति धर्म का बहुविधि प्रसार इस युग की विशेषता है, जिसका बौद्धों और जैनों पर भी पड़ा। कुषाणों ने भक्ति के आधार कर महायानी देवसंघों को विशेषरूप से प्रचलित किया। मूर्तिपूजा का वैसे तो पुराना है, किन्तु शुङ्ग, सातवाहन, कुषाण युग में मूर्ति-निर्माण मूर्ति-पूजन का प्रचलन बहुत बढ़ गया, न केवल हिन्दू धर्म में

र बौद्ध धर्म में भी। इस युग के मूर्ति विधान और देव-कल्पना में तत्कालीन
क-धर्म का विशेष हाथ है। इस युग के मूर्तिवाद का कला पर भी प्रभाव
ा। शुङ्ग—सातवाहन काल में मूर्तिकला और स्तूप निर्माण की प्रधानता
। भरहुत, साँची और अमरावती के स्तूपों से उस युग की स्थापत्य और मूर्ति-
ाकी उत्कृष्टता का प्रमाण मिलता है। कुषाणों के काल में गंधार में बुद्ध और
धिसत्त्व की मूर्तियों का निर्माण और मथुरा में यक्ष-यक्षिणियों, बुद्ध तीर्थ-
शिव और विष्णु की मूर्तियों की रचना न केवल उस युग की मूर्तिकला
लोकप्रियता का प्रमाण है, अपितु उसकी उत्कृष्टता का भी।

वर्णाश्रम धर्म की नयी परिभाषा करके उन्हें पुनः प्रचलित किया गया तथा

साँची स्तूप का तोरण

श्रम धर्म की नयी परिभाषा और व्यवस्था को शास्त्रसम्मत करने के लिए
स्मृति और याज्ञवल्क्य स्मृति जैसी स्मृतियों का पुनस्सम्पादन और

संकलन किया गया। समाज में यवनादि विदेशी जातियाँ घुल-मिल ग
जिन्हें हिन्दू समाज ने धीरे-धीरे व्रात्य और क्षत्रिय
में स्वीकार भी कर लिया। इन विदेशी जातियों ने
और बौद्धधर्म को दिल खोलकर अपनाया। वेसन
गरुड़ध्वज और यवन, शक, कुषाण आदि के
इसके प्रमाण हैं। संस्कृत की अभिवृद्धि हुई।
भाष्य से संस्कृत भाषा का प्राञ्जल रूप प्रस्तु
गया। राजनीतिक दृष्टि से भारतीय राज्य विकेन्द्रि
दुर्बल भी थे, किन्तु राज्यों की छत्रछाया हट जाने
श्रेणी, निगम जैसी व्यावसायिक और व्यापारिक
व्यापार और उद्योग की सुरक्षा में सजग थीं।

वेसनगर का
गरुड़ध्वज

अध्याय ९

गुप्त-साम्राज्य

जैसे धनों में सुवर्ण धन श्रेष्ठ है वैसे ही भारतीय इतिहास में गुप्तों का
सनकाल महत्त्वपूर्ण है। श्री गुप्त इस वंश का संस्थापक था और इसके
तराधिकारी का नाम घटोत्कच था। इसका पुत्र चंद्रगुप्त (प्रथम) इस वंश का
म प्रतापी राजा था जिसकी शक्ति और प्रभाव इसके 'लिच्छवि दौहित्र' होने
कारण असाधारण रूप से बढ़ गयी थी। ३१९ ई० के लगभग गुप्त साम्राज्य
ध, साकेत और प्रयाग तक फैला हुआ था। किन्तु चन्द्रगुप्त प्रथम के पुत्र
र उत्तराधिकारी समुद्रगुप्त के हाथों गुप्त साम्राज्य की असाधारण अभिवृद्धि
।

समुद्रगुप्त :—३३६ ई० के लगभग समुद्रगुप्त का राज्यारोहण हुआ।
के पराक्रम का पूर्ण विवरण प्रयाग में स्थित अशोक के स्तम्भ पर
खा है। यह प्रयाग प्रशस्ति संस्कृत गद्य-साहित्य की अमूल्य निधि है जिसे
षेण कवि ने लिखा है।

समुद्रगुप्त ने अपने दिग्विजय-क्रम में सर्वप्रथम पाटलिपुत्र तथा उसके आस-
की भूमि पर अपना आधिपत्य सुदृढ़ किया तथा कोट-कुलज, और नाग-
शों को अपने वश में किया। किन्तु थोड़े ही समय बाद समुद्रगुप्त को
र्यावर्त्त के राजाओं से पुनः युद्ध करना पड़ा। इस बार उसने रुद्रदेव, मातिल,
दत्त, चन्द्रवर्मा, गणपतिनाग, नागसेन, अच्युत, नन्दि और बलवर्मा इन
राजाओं का उन्मूलन करके इनके राज्यों को मगध साम्राज्य का अंग बना
ा। इसके बाद उसने विन्ध्यमेखला में फैले कतिपय आटविक राज्यों को

'परिचारक' बनाया। समुद्रगुप्त की विजय-परम्परा में दक्षिणा-पथ की विजय

बड़ी ही महत्त्वपूर्ण है। इन राजाओं की संख्या ११ थी जिनके नाम और शासन क्षेत्रों का परिचय इस प्रकार है :—

१. कौशल का महेन्द्र

२. महाकान्तार का व्याघ्रराज

३. पिष्टपुर का महेन्द्र गिरि
४. कोट्टूर का स्वामिदत्त
५. एरण्ड का पल्लक दमन
६. कांची का विष्णु गोप
७. अवमुक्त का नीलराज
८. वेंगी का हस्तिवर्मा
९. पल्लक का उग्रसेन
१०. देवराष्ट्र का कुबेर
११. कुशस्थलपुर का धनञ्जय

इन राजाओं को जीतने के बाद इनसे आधीनता स्वीकार कराकर उसने पुनः इन्हें इनका राज्य वापस कर दिया।

समुद्रगुप्त के दक्षिणा-पथ विजय का बड़ा प्रभाव उसके पड़ोसी राजाओं पर पड़ा। इस राज्यों में कुछ राजतन्त्र थे और कुछ गणतन्त्र। प्रमुख राजतन्त्र

वीणावादक समुद्रगुप्त की मुद्रा

धनुर्धर चन्द्रगुप्त द्वितीय की मुद्रा

यथा : समतट, दवाक, कामरूप, नेपाल और कर्तृपुर तथा प्रमुख गणतन्त्र यथा : मालव, अर्जुनायन, यौधेय, मद्रक, आभीर, प्रार्जुन, सनकानीक काक और खरपरिक ने स्वेच्छापूर्वक समुद्रगुप्त की आधीनता स्वीकार की तथा उसके 'प्रचण्ड शासन' के अधीन हुये। कुछ विदेशी राज्य यथा : दैवपुत्र शाहिशाहा-

नुशाहि की उपाधि धारण करने वाले कुषाण वंशीय, शक, मुरुण्ड, सिंहल तथा अन्य द्वीपवासियों के लोगों ने भी भेंट, विवाह सम्बन्ध आदि के द्वारा समुद्रगुप्त से मैत्री का सम्बन्ध सुदृढ़ किया।

मिहरौली लौहस्तम्भ

इन विजयों से समुद्रगुप्त ने एक बहुत बड़े साम्राज्य का निर्माण किया। वह कुशलशासक तथा उदार गुणों से भरपूर था। उसके प्रशस्तिकार ने लिखा है कि उसका मन विद्वानों के सत्संग में लगा रहता था तथा वह स्वयं भी विद्वान् और कवि था। उसके सिक्कों से पता चलता है कि वह कुशल वीणा-वादक था। उसका मन दीन, अनाथ और आतुर जनों की हित-कामना में लगा रहता था। उसने अपने दिग्विजयों की पूर्णता के उपलक्ष में अश्वमेध यज्ञ भी किया था।

रामगुप्त :—समुद्रगुप्त की मृत्यु लगभग ३७५ ई० में हुई। उसका ज्येष्ठ पुत्र और उत्तराधिकारी रामगुप्त बड़ा ही अशक्त और कायर था। इसकी कमजोरियों का लाभ उठा कर शकों ने गुप्त साम्राज्यको आक्रान्त किया। किन्तु समुद्रगुप्त के द्वितीय पुत्र चन्द्रगुप्त (द्वितीय) ने शकों को मार भगाया तथा कालान्तर में रामगुप्त को भी हटा कर स्वयं गुप्तसाम्राज्य का अधिष्ठाता हो गया।

चन्द्रगुप्त द्वितीय :—चन्द्रगुप्त द्वितीय अपने पिता समुद्रगुप्त को ही तरह प्रतापी और शौर्य-सम्पन्न था। इसके शासन काल की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि इसने शकों को पराभूत करके अपने पिता के अधूरे काम को पूरा किया। उसने उज्जयिनी और पश्चिमोत्तर भारत के शक केन्द्रों को विनष्ट करके सौराष्ट्र, गुजरात, मालवा आदि को अपने प्रत्यक्ष शासन के अन्तर्गत किया। समुद्रगुप्त के समय में जो अर्ध-शासित गणराज्य थे उन्हें भी इसने नष्ट किया तथा अपने सामरिक और राजनीतिक प्रभाव को वाह्लीक तक विस्तृत किया। बंगाल पर भी इसने अधिकार किया तथा दक्षिणापथ पर इसने अपना प्रभाव जमाया। इन विजयों के बाद इसने भी अश्वमेध यज्ञ किया था।

सिंहनिहन्ता चन्द्रगुप्त
द्वितीय का सिक्का

चन्द्रगुप्त द्वितीय का अश्वमेध
प्रकार का सिक्का

चन्द्रगुप्त द्वितीय ने वैवाहिक सम्बन्धों के द्वारा भी अपने को सुदृढ़ किया। उसने अपना विवाह नागवंशीया कुबेरनागा से किया तथा अपनी पुत्री का विवाह वाकाटक वंशीय रुद्रसेन से किया। ये दोनों ही राजवंश यदि मित्र न बनाये गये होते तो गुप्तसाम्राज्य को हानि पहुँचाते। इसका वैवाहिक सम्बन्ध कुन्तल नरेश से भी था।

चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल में भारत में बड़ी सुरक्षा, सुव्यवस्था और समृद्धि थी। फाहियान नामक एक चीनी यात्री इसीके शासनकाल में भारत आया था जिसने इसके शासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

कुमारगुप्त प्रथमः—चन्द्रगुप्त का शासन काल ३७५-४१३ ई० तक रहा। इसके बाद इसका पुत्र कुमारगुप्त प्रथम गद्दी पर बैठा। इसने भी अश्वमेध यज्ञ किया था तथा पिता और पितामह के विजित साम्राज्य की दृढ़ता से सुरक्षित रखा था। इसका शान्तिपूर्वक शासन एक लम्बे अर्से तक (४१३–४५५ ई०) बना रहा। शासन के अन्तिम दिनों में राज्य में कुछ गड़बड़ी हो गयी थी और साम्राज्य को पुष्यमित्रों से खतरा उत्पन्न हो गया था। किन्तु इसके उत्तराधिकारी स्कन्दगुप्त ने साम्राज्य की सुरक्षा की।

कुमारगुप्त का सिक्का

स्कन्दगुप्त:—स्कन्दगुप्त की सबसे बड़ी महत्ता इसमें थी कि इसने 'विचलित कुललक्ष्मी' को पुनः प्रतिष्ठित किया। हूणों की एक जबरदस्त बाढ़ इस देश में आयी। स्कन्दगुप्त ने हूणों का प्रतिरोध करके उनके आक्रमण की दिशा ही मोड़ दी। इसके शौर्य और पराक्रम से भयभीत होकर हूणों की सेना ने भारत के बाहर जाकर रोम के साम्राज्य का विध्वंस किया। इसके पूर्व ये मध्य एशिया की कई सभ्यताओं का विनाश कर चुके थे। इस दृष्टि से स्कन्दगुप्त का पराक्रम भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण एशिया के इतिहास के लिए महत्त्वपूर्ण है।

स्कन्दगुप्त लगभग १२ वर्षों तक (४५५–४६७ ई०) राज्य करता रहा। इसने अपने शासन-काल में यथाशक्ति विघटनशील गुप्त साम्राज्य की सुरक्षा की। इसका शासन, सौराष्ट्र, मध्यदेश और उत्तरापथ पर था। यह सुशासक था, लोकोपयोगी कार्यों को भी महत्त्व देता था। इसने गिरिनार की सुप्रसिद्ध सुदर्शन झील की मरम्मत करायी थी।

परवर्ती गुप्त:—स्कन्दगुप्त के बाद गुप्त साम्राज्य लगभग ५० वर्षों के भीतर ही ध्वस्त हो गया। स्कन्दगुप्त के उत्तराधिकारी निर्बल थे तथा इनका इतिहास भी बड़ा धूमिल है। इसके उत्तराधिकारियोंके नाम पुरगुप्त, नरसिंह-गुप्त, कुमारगुप्त द्वितीय, बुधगुप्त, भानुगुप्त, वज्र और तथागत ज्ञात होते

हैं। इनके विषय में कुछ अधिक कहना सम्भव नहीं है। अयोग्य उत्तराधिकारियों के अतिरिक्त हूणों के आक्रमण भी गुप्तसाम्राज्य के विनाश का कारण बने। बाहरी आक्रमणों तथा अशक्त केन्द्रीय शासन व्यवस्था के कारण गुप्तसाम्राज्य विशृङ्खल होकर अनेक छोटे-छोटे राज्यों में विकेन्द्रित हो गया।

गुप्तकालीन संस्कृति

गुप्तकाल का भारतीय जीवन और समाज उत्कृष्टता का अन्यतम उदाहरण है। समुद्रगुप्त और चन्द्रगुप्त की विजयों से गुप्त-शासन के अन्तर्गत सम्पूर्ण भारत आ चुका था और इस सुविस्तृत साम्राज्य पर गुप्त सम्राटों का पूर्ण नियंत्रण था। शासन का केन्द्र पाटलिपुत्र था। शेष राज्य अन्य कई प्रान्तों, विषयों, भुक्तियों आदि में विभक्त था। केन्द्रीय शासन का प्रधान सम्राट था, जो परमेश्वर, महाराजाधिराज, परमभट्टारक, पराक्रमाङ्क, विक्रमादित्य आदि उपाधियाँ भी धारण करता था। सम्राट का मुख्य कार्य देश की बाह्य और आन्तरिक शत्रुओं से रक्षा करना तथा आन्तरिक शान्ति और सुव्यवस्था का बनाये रखना था। युद्ध काल में वही सैन्य-सञ्चालन भी करता था। वही प्रधान न्यायाधिपति भी था। उसके पास योग्य मन्त्रियों का एक मन्त्रिमण्डल होता था जिसके कुछ सदस्य सान्धि-विग्रहिक, अक्षपटलिक, कुमारामात्य, अमात्य आदि होते थे। प्रान्तों में कुमारामात्य या अमात्य का शासन प्रबन्ध होता था जो नगर श्रेष्ठिन् सार्थवाह, प्रथम-कुलिक, कायस्थ, पुस्तपाल आदि अधिकारियों की सहायता से शासन-प्रबन्ध करता था। प्रान्तीय शासक को भोगिक, भोगपति, गोप्ता, उपरिक, महाराज अथवा राजस्थानीय कहते थे। प्रान्त कई प्रदेशों और प्रदेश कई विषयों में बँटा था। शासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम थी जिसका प्रधान ग्रामिक, महत्तर अथवा भोजक कहलाता था।

न्याय का प्रबन्ध सुन्दर था फलतः अपराध कम होते थे और दण्ड भी कठोर न थे। केवल विशेष अपराधों के लिये ही प्राणदण्ड, अङ्गच्छेद होता था। कुल, श्रेणी, गण तथा राजकीय न्यायालय—ये चार प्रकार की अदालतें थीं। शासन के खर्चे के लिए कृषकों तथा व्यवसायियों आदि से १८ प्रकार के कर

लिए जाते थे, जिनमें कृषिकर, जिसे उद्रंग कहते थे तथा जो उपज का ⅙ होता था, प्रमुख कर था, अन्य करों में धान्य, हिरण्य, चाटभाट, प्रवेश कर आदि थे। न्याय कर तथा माण्डलिक राजाओं के उपहार आदि से भी साम्राज्य को आमदनी होती थी।

शान्ति और सुरक्षा के लिये सेना और पुलिस का अच्छा संगठन था। सेना विभाग का मुख्य अधिकारी सान्धिविग्रहिक था। उसके अधीन अन्य सैनिक कर्मचारी महादण्डनायक, बलाधिकृत, रणभाण्डागारिक, भटाश्वपति आदि थे। सैनिक कार्यालय को बलाधिकरण कहते थे। पुलिस का प्रधान अधिकारी दण्डपाशाधिकारी कहलाता था। इस विभाग के अन्य अधिकारी चौरोद्धरणिक, दण्डपाशिक, गुप्तचर आदि थे।

शासन का ध्यान लोकोपयोगी कार्यों की ओर भी रहता था। फाहियान ने ने लिखा है कि 'सारे उत्तर भारत में स्थान-स्थान पर औषधालय और चिकित्सालय बने हुये थे, जहाँ रोगियों की मुफ्त चिकित्सा होती थी और औषधि, भोजनादि मुफ्त वितरित होता था। मार्ग सुरक्षित और सुविधा जनक बनाये गये थे। मार्ग में चोर-डाकुओं का भय न था। सिंचाई प्रबन्ध के लिये तालाब आदि की व्यवस्था थी और शासकों का ध्यान था। स्कन्दगुप्त के शासनकाल में सुदर्शन झील की मरम्मत हुई थी। शिक्षा के लिये ब्राह्मणों को ग्रामदान (अग्रहार) दिया जाता था।

गुप्तकालीन भारत आर्थिक दृष्टि से भी सुदृढ़ था। कृषि, उद्योग और व्यापार उन्नत दशा में थे। इस युग की सबसे महत्त्वपूर्ण आर्थिक विशेषता यह थी कि आर्थिक जीवन अपने व्यावसायिक गतिविधि के लिये बहुत कुछ स्वायत्तता प्राप्त था तथा आर्थिक जीवन का नियन्त्रण श्रेणियों, निगमों, निकायों और पूगों द्वारा होता था। ये श्रेणी, निगम और निकाय बैंक का भी काम करते थे तथा इतने सम्पन्न थे कि इनके द्वारा मन्दिर-निर्माण तथा इसी प्रकार के अन्य धार्मिक कृत्य भी सम्पन्न होते थे। सार्थवाह देश के एक सिरे से दूसरे सिरे तक व्यापार करते थे तथा नौका के द्वारा देश का व्यापारिक और सांस्कृतिक सम्बन्ध ईरान, अरब, लंका, जावा, सुमात्रा, चम्पा, अनाम, चीन और जापान आदि देशों से होता था। मध्येशिया के नगरों से स्थल मार्ग से व्यापार होता था। गिल्गिट,

काशगर, यारकन्द होकर चीन से भी स्थल पथ जुटा हुआ था। भड़ौच, पैठन, उज्जयिनी, मथुरा, काशी, कौशाम्बी, पाटलिपुत्र, चम्पा, ताम्रलिप्ति आदि प्रसिद्ध भारतीय व्यापारिक मंडियाँ (पुटभेदन) और पत्तन थे। विनिमय के लिये सुवर्ण, कार्षापण नामक सिक्कों और कौड़ियों का व्यवहार होता था।

समाज में वर्ण-धर्म की बड़ी प्रतिष्ठा थी यद्यपि वर्णादि की मान्यताएँ रूढ़िग्रस्त न थीं। फलतः यवन, शक, पह्लव, तृषिक, तुषार और हूण जैसी विजातीय जातियाँ भी हिंदू समाज में समाहित हो गयीं। शूद्रों के प्रति विशेषतया चाण्डाल आदि हीन वृत्तिवालों के प्रति वर्जनशीलता का व्यवहार होता था। फाहियान के अनुसार इनसे कोई सामाजिक व्यवहार नहीं करता था तथा ये लकड़ी बजाकर चलते थे कि जिससे ऊँचे वर्ण और जाति वाले बच कर हट जाँय।

स्त्रियों की दशा अच्छी थी। विशेष परिस्थिति में अंतर्जातीय विवाह, अनमेल विवाह और पुनर्विवाह भी होता था। लोगों की वेशभूषा और खान-पान सुरुचिपूर्ण थी। अलंकरण और प्रसाधन पर विशेष ध्यान दिया जाता था, विशेषकर बालों की सजावट पर। अधिकतर जनता शाकाहारी थी, किन्तु हीन ज तियों में मांस, मछली, लहसुन, प्याज आदि का व्यवहार होता था।

गुप्तों के शासनकाल में वैष्णवधर्म को प्रमुखता मिली थी क्योंकि अन्तिम गुप्तशासकों को छोड़ सभी 'परम भागवत' थे। वैदिक धर्म और कर्मकाण्ड के प्रति लोगों की बड़ी आस्था थी किन्तु इस समय वैदिक धर्म और कर्मकाण्ड को नयी रूपरेखा के साथ ग्रहण किया गया था। भक्ति का इतना प्रचल वेग इन दिनों था कि वैदिक देवता भी इसकी लपेट में आ गये और इनके आधार पर नये-नये उपासना सम्प्रदाय उठ खड़े हुये। ब्रह्मा की महत्ता तो घटी किंतु शिव, विष्णु, सूर्य और शक्ति प्रमुखरूप से पूजे जाने लगे। बौद्ध धर्म की महायानी शाखा का विशेष जोर था। भक्ति का प्रभाव महायान पर भी पड़ा था और बुद्ध के अनेक रूपों की कल्पना की जाने लगी थी। बोधिसत्त्व, अवलोकितेश्वर, मैत्रेय आदि की विशेष प्रमुखता थी। जैन धर्म में भी इसी प्रकार के परिवर्तन हुये। आचारप्रधान होने के कारण जैन धर्म जनता में विशेष लोकप्रिय न था।

गुप्तशासक वैष्णव थे, किन्तु वे अन्य धर्मों के प्रति भी उदार थे। फाहियान ने लिखा है कि भारत में किसी प्रकार का धार्मिक अत्याचार न था तथा राजा की धार्मिक नीति उदार थी।

गुप्तयुग संस्कृत साहित्य तथा वैज्ञानिक उन्नति के लिये विशेष प्रसिद्ध है। संस्कृत साहित्य को समृद्धि देने वाले इस युग के कुछ कवि और साहित्यकारों में

अजन्ता का एक चित्र

कालिदास, मातृगुप्त, भर्तृमेण्ठ, शूद्रक, विशाखदत्त, सुबन्धु और भामह विशेष प्रसिद्ध हैं। हरिषेण, वीरसेन, वत्सभट्टि, वासुल आदि प्रशस्तिकार भी इस युग के अच्छे कवि माने जा सकते हैं। दर्शन के क्षेत्र में, इस युग में जो प्रगति हुई, उसका श्रेय ईश्वरकृष्ण, दिङ्नाग, वात्स्यायन, प्रशस्तपाद, शबरस्वामी को है। कुछ बौद्धाचार्यों ने भी धर्म और दर्शन की अभिवृद्धि में विशेष योग दिया जिनमें आचार्य मैत्रेय, असंग, वसुबन्धु, कुमारजीव, चन्द्रकीर्ति, चन्द्रगोमिन, धर्मपाल आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। जैन विद्वानों में चन्द्रमणि, सिद्धसेन, देवनन्दिन् आदि बड़े प्रसिद्ध हुये।

गणित, ज्योतिष और विज्ञान के क्षेत्र में भी बड़ी प्रगति हुई। आर्यभट्ट ब्रह्मगुप्त, विष्णुशर्मा, वराहमिहिर आदि इस युग के प्रसिद्ध गणितज्ञ और ज्योतिषी थे। राजशास्त्र का प्रसिद्ध ग्रन्थ कामन्दकनीतिसार और स्मृतियों में नारद और पराशर इसी युग की कृतियाँ हैं। पुराणों का इस युग में इस विशेषता के साथ संस्कार किया गया कि वह अपने में एक साहित्य बन गया।

यशोधरा और राहुल (अजन्ता)

गुप्तकाल की कला सौन्दर्य और अभिव्यक्ति की दृष्टि से बड़ी उत्तम है। इस तरह की उत्कृष्टता गुप्तकला के हर अंगों में यथा चित्रकला, मूर्तिकला, स्थापत्य, धातुकला और मुद्रानिर्माण कला में भी पायी जाती है। गुप्तकालीन स्थापत्य के कुछ ही नमूने शेष रहे हैं जिनमें एहोल के पास लाल खाँ मन्दिर, देवगढ़ का दशावतार मन्दिर, कानपुर के पास भीतर गांव का मन्दिर, बोध गया का मंदिर, अजन्ता, एलोरा और बाघ की गुफाएँ; सारनाथ का धमेख स्तूप विशेष उल्लेखनीय है। इस युग की मूर्तिकला विदेशी प्रभाव से सर्वथा मुक्त है। मथुरा और सारनाथ इस युग के प्रमुख

मूर्तिनिर्माण केन्द्र थे। गुप्तकालीन मूर्तिकला की प्रमुख विशेषता यह थी कि इस युग की मूर्तिकला में आन्तरिक भावना और बाह्य आवयविक सौन्दर्य की एक रूप और समन्वित व्यंजना की पूरी क्षमता थी। इन मूर्तियों की आकृति-योजना, भावभंगिमा और मुद्रा भारतीय सौदर्य भावना के अनुकूल है। कम से कम अलंकरण और वसन के उपयोग से सौन्दर्य की अधिकतम अभिव्यक्ति इस युग की मूर्तियों की विशेषता है।

अजन्ता का एक चित्र

सारनाथ से मिली धर्मचक्र प्रवर्तन मुद्रा में भगवान् बुद्ध की प्रतिमा, मथुरा की स्थानक और अभय मुद्रा में बुद्ध की प्रतिमा तथा सुलतानगञ्ज की धातु निर्मित बुद्ध प्रतिमा इस युग की बुद्ध मूर्तियों में सर्वश्रेष्ठ हैं। मथुरा जैनकला का उत्तम केन्द्र था। प्राप्त यहाँ से महावीर की पद्मासन में स्थित प्रतिमा बड़ी ही आकर्षक है। इसी प्रकार उदयगिरि में वराहावतार, देवगढ़ में शेषशायी विष्णु, काशी में गोवर्द्धनधारी कृष्ण, कौशाम्बी की सूर्य प्रतिमा, काशी में कार्तिकेय की प्रतिमा रूपवास (भरतपुर) से उपलब्ध बलदेव और लक्ष्मीनारायण की मूर्तियाँ इस युग की उत्कृष्ट देन हैं। मिट्टी के खिलौनों के निर्माण में भी गुप्त कलाकारों

गुप्तकालीन बुद्ध की मूर्ति

ने अच्छी कुशलता दिखलायी है। राजघाट, कौशाम्बी, भीटा, मीरपुर-खास, मथुरा आदि प्रसिद्ध स्थल हैं जहाँ से गुप्तकालीन मिट्टी की मूर्तियाँ मिली हैं। अजन्ता, एलौरा और वाघ की गुफाओं में गुप्तकालीन चित्रकला का उत्कृष्ट उदाहरण मिलता है। संगीत की भी इस युग में अच्छी प्रगति थी। समुद्रगुप्त कुशल वीणा-वादक था। मुद्रा-कला में गुप्त कारीगर विशेष पटु थे। उपलब्ध उदाहरणों से पता चलता है कि गुप्त कारीगर छोटे-छोटे सिक्कों पर राजा की आकृति, उसके प्रतीक, उसके विरुद, देवी-देवता आदि विविध विशेषताओं के प्रदर्शित करने में विशेष पटु थे। धातु-कला में इस युग में आश्चर्यजनक प्रगति थी। मिहरौली का लौह-स्तम्भ गुप्तकालीन धातुकला का आश्चर्यजनक उदा-हरण है।

अध्याय १०

हर्ष का साम्राज्य

५५० ई० के लगभग गुप्त साम्राज्य का अन्त हो गया और सारा देश पुनः छोटे-छोटे राज्योंमें विभक्त और विकेन्द्रित हो गया। इन राज्यों में मौखरि, मगध के परवर्ती गुप्त और वलभी के मैत्रक अपेक्षाकृत महत्त्वपूर्ण थे। गुप्तोत्तर राज्यों में पुष्य-भूति वंश विशेष शक्तिशाली था जिसकी सत्ता थानेश्वर में केन्द्रित थी। थानेश्वर का राजा प्रभाकरवर्धन था। प्रभाकरवर्धन का अधिकार-क्षेत्र लाट, मालवा, गुजरात और गन्धार तक विस्तृत था तथा इसकी मुठभेड़ हूणों से हुई थी।

हर्ष प्रभाकरवर्धन का पुत्र और राजवर्धन का छोटा भाई था। इसकी एक बहिन राज्यश्री थी। प्रभाकरवर्धन के मृत्योपरान्त राज्यवर्धन गद्दी पर बैठा किन्तु इसकी हत्या गौड़ नरेश शशाङ्क ने कर दी थी। जिसके कारण थानेश्वर का राज्य हर्ष को सँभालना पड़ा था। इसकी बहिन कन्नौज के राजा ग्रहवर्मा के साथ ब्याही गयी थी। ग्रहवर्मा पर शशांक ने आक्रमण करके उसे और राज्यवर्धन को मार कर राज्यश्री को बन्दिनी बना लिया था। हर्ष ६०६ ई० में जब राजा हुआ तो अपनी बहिन की रक्षा के लिये उसे कन्नौज आना पड़ा।

हर्षवर्धन

कन्नौज शशांक के अधिकार में हो गया था किन्तु हर्ष को कन्नौज आता देख शशांक कन्नौज छोड़ गौड़ भाग गया। राज्यश्री भी किसी तरह कारागार से मुक्त होकर विन्ध्य के बनों की ओर चली गयी। जहाँ से किसी प्रकार हर्ष ने उसे खोज निकाला। राज्यश्री को कोई सन्तान न थी अतएव कन्नौज का साम्राज्य भी हर्ष को थानेश्वर के राज्य में मिला लेना पड़ा। इससे हर्ष का अधिकार और उसकी शक्ति बहुत बढ़ गयी। हर तरह से जब उसकी शक्ति दृढ़ हो गयी तो उसने गौड़ पर आक्रमण किया। आसाम के राजा भास्कर वर्मा से उसकी मैत्री थी अतएव शशांक के विरुद्ध अभियान करने में सहूलियत थी। गौड़ के

विरुद्ध उसका अभियान सफल रहा। उसका आधिपत्य उत्तरी बंगाल पर तो हो गया किन्तु दक्षिण-पूर्व बंगाल हर्ष के जीवन काल तक शशांक के ही

स्वहस्तो मम महाराजाधिराज श्री हर्षस्य
(महाराज हर्षवर्धन का हस्ताक्षर)

अधिकार में था। इसके बाद उसने ग्रहवर्मा के दूसरे शत्रु मालवा-नरेश पर आक्रमण किया और उसे भी परास्त किया। धीरे धीरे ६ वर्षों के भीतर ही सम्पूर्ण उत्तरी भारत पर अपना आधिपत्य स्थापित करके वह 'सकलोत्तरापथ-नाथ' हो गया। उसकी इच्छा दक्षिणापथ की ओर भी बढ़ने की थी। किन्तु दक्षिणापथ में पुलकेशिन द्वितीय प्रबल था। इसका संघर्ष हर्ष से नर्मदा के तट पर हुआ, जिसमें हर्ष हार गया और दक्षिण की ओर अपने साम्राज्य का विस्तार न कर सका।

हर्ष सफल विजेता ही नहीं अपितु बड़ा उदार और दानी शासक भी था। साम्राज्य की सुरक्षा के लिये उसने एक बहुत बड़ी सेना संगठित की थी। युवान च्वाङ्ग (ह्वेन सांग) लिखता है कि 'उसने गजसेना बढ़ा कर ६०००० और अश्वसेना १००००० कर दी। वह स्वयं भी शासन कार्यों में बड़ी रुचि लेता था और सब कामों की प्रत्यक्ष देख भाल करता था। शासन कार्य के लिये उसके पास एक मन्त्रि परिषद थी और दूरस्थ प्रान्तों के शासन के लिए वह उपरिक महाराजों की नियुक्तियाँ करता था। अन्य राजकर्मचारी, जिनके आधार पर उसकी शासन व्यवस्था टिकी हुई थी, महाबलाधिकृत, सेनापति, वृहदश्ववारि, कटुक, चाट भाट, दूत, राजस्थानीय, आयुक्तक, मीमांसक, महाप्रतिहार, भोगपति, अक्षपटलिक, लेखक आदि थे। ग्राम शासन की सबसे छोटी इकाई थी। इसके ऊपर क्रमशः पठक, विषय, भुक्ति इकाइयाँ थीं। हर्ष का दण्ड-विधान नम्र था। कुलों और परिवारों की रजिस्ट्री नहीं होती थी। लोग एक जगह से दूसरी जगह आने जाने के लिये स्वतंत्र थे। बेगार नहीं लिया जाता था। कर

चीनी यात्री ह्वेन-सांग

भी हलका था। राजकीय आय के प्रमुख साधन खेती की उपज, व्यापार पर चुंगी, घाट और सीमाकर थे। कर की दर उपज का ⅙ थी। खेतों की सीमा निर्धारित होती थी। राजकीय आय का व्यय भी निर्धारित था। एक भाग धार्मिक कार्यों और सरकारी खर्च पर, दूसरा भाग राजकर्मचारियों पर, तीसरा भाग विद्वानों को पुरस्कार देने और शिक्षा पर तथा चौथा भाग दानपुण्य में खर्च होता था। विशेष अपराधों के लिये कभी-कभी अङ्गच्छेद और विष आदि का भी प्रयोग होता था। हर्ष लोकोपकारी कार्यों पर भी विशेष ध्यान देता था। उसने बहुत से मंदिरों, चैत्यों, विहारों और स्तूपों का निर्माण कराया था। मार्ग तथा नहरों के निर्माण की ओर भी सरकार का ध्यान था। शिक्षा और शिक्षा संस्थाओं के पोषण में वह राजकीय आय का चतुर्थांश लगा देता था।

हर्ष का विद्या प्रेम और विद्वानों का आदर प्रसिद्ध है। उसने उड़ीसा के बौद्ध विद्वान जयसेन को ८० गावों का दान दिया था। बाण, मयूर, और मातंग दिवाकर उसके दरबार में पोषित थे। स्वयं भी कवि था। कहा जाता है कि प्रियदर्शिका, रत्नावली और नागानन्द उसी की रचनाएँ हैं। शिक्षा का सबसे प्रसिद्ध केन्द्र नालन्दा था। इस विद्यालय के भवन बहुत ऊँचे और कई मंजिलों के थे। इस विद्यालय के पास ३ पुस्तकालय थे जिन्हें रत्नसागर, रत्नोदधि और रत्नरञ्जक कहते थे। छात्रों को जिनकी संख्या १०००० थी और

अध्यापकों को जिनकी संख्या १००० थी निःशुल्क भोजन मिलता था। नालन्दा महाविहार के व्यय के लिये हर्ष की ओर से दो सौ गाँव की आमदनी चढ़ी हुई थी। विहार अपने गगनचुम्बी प्रासादों के लिये प्रसिद्ध था। इस विहार की सुरक्षा एक लम्बे परकोटे से होती थी, जिसमें कई द्वार थे। यहाँ के पाठ्यक्रम में शब्द विद्या (व्याकरण), हेतु विद्या (न्याय अथवा तर्क), अध्यात्म योग, तंत्र, चिकित्सा, शिल्प, रसायन आदि शमिल थे। महाविहार नालन्दा की व्यवस्था का संचालन धर्मकोष, कर्मदान, स्थविर इन तीन प्रमुख आचार्यों द्वारा होता था।

हर्ष बहुत बड़ा दानी था। वह बौद्ध था किन्तु दान वह सभी सम्प्रदाय वालों को उदारतापूर्वक देता था। उसकी धार्मिक रुचि महायान धर्म के प्रति विशेष थी। इसके सिद्धान्तों के प्रचार के लिये उसने कन्नौज में एक बहुत बड़ी सभा की थी जिसमें १८ देशों के नरेश और सम्पूर्ण भारत के सहस्रों विद्वानों ने भाग लिया था। युवानच्वाङ्ग ने जो एक चीनी यात्री था और हर्ष के समय में धार्मिक ग्रन्थों की खोज में भारत आया था, इस सभा का सभापतित्व किया था। यह अधिवेशन १८ दिनों तक चला था। हर्ष प्रति पाँचवें वर्ष प्रयाग में जाकर विशेष दान-सभा की आयोजना करता था। इस दान सभा को उस समय 'महामोक्षपरिषद' कहते थे। यह अधिवेदान ७५ दिनों तक चलता था जिसमें क्रमशः बुद्ध, आदित्य, और शिव की पूजा तीन दिनों तक होती थी और बौद्धों, ब्राह्मणों, जैनियों आदि को प्रभूत दान दिया जाता था। कहते हैं कि भावतिरेक में हर्ष अपने व्यक्तिगत आभूषण और वसन तक का दान कर डालता था।

हर्ष के समय का समाज वर्णों और जातियों में विभक्त था और शूद्रों के प्रति उदारता का व्यवहार करते हुए भी उनका स्पर्श आदि नहीं किया जाता था। छूतछात और जाति पाँति का भाव बढ़ता जा रहा था। स्त्रियाँ शिक्षिता होती थीं। बहु विवाह, पुनर्विवाह होता था। सती की प्रथा भी प्रचलित थी। धार्मिक सप्रदाय अपने में विभक्त थे और कभी-कभी तो वे एक दूसरे के प्रति उदारता का व्यवहार नहीं करते थे। ब्राह्मण धर्मों में वैष्णव, सौर, शाक्त और शैव प्रमुख थे। तान्त्रिक सम्प्रदायों की भी बहुलता थी।

अध्याय ११

पूर्वमध्यकालीन भारत

हर्ष को कोई पुत्र न था। उसकी मृत्यु के बाद (६४६-६४७ ई०) ही उसका विशाल साम्राज्य उसके मन्त्री के हाथ लगा। किन्तु यह और इसके उत्तराधिकारी हर्ष के साम्राज्य की सुरक्षा न कर सके तथा 'सकलोत्तरापथनाथ' हर्ष का साम्राज्य देखते ही देखते क्षत-विक्षत होकर नष्ट हो गया। आठवीं शती में कन्नौज का स्वामी यशोवर्मन था। इसी का समकालीन कश्मीर का ललितादित्य (७२४–७६० ई०) था जिसने अपनी प्रभुता का विस्तार कन्नौज, मगध, बंगाल, कामरूप और कलिंग तक कुछ समय के लिये कर लिया था। नवीं और दसवीं शती में भारत में पाल, प्रतिहार और राष्ट्रकूट ये तीन शक्तियाँ प्रमुख हुईं तथा कन्नौज को लेकर इन तीनों के बीच दीर्घकालीन संघर्ष चलता रहा।

बंगाल में पालवंश का संस्थापक गोपाल था जिसका उत्तराधिकारी धर्मपाल बड़ा ही प्रतापी था। इसकी दृष्टि कन्नौज पर टिकी थी। अवसर पाते ही उसने समस्त उत्तरी भारत पर अपनी धाक जमा दी तथा कन्नौज के तत्कालीन शासक इन्द्रायुध को अपदस्थ करके अपने प्रतिनिधि चक्रायुध को कन्नौज का शासक नियुक्त किया। यह बात प्रतिहारों को अप्रिय थी। प्रतिहार पश्चिम भारत में अपनी सत्ता दृढ़ कर चुके थे तथा इस वंश के प्रथम प्रतापी राजा वत्सराज ने कन्नौज तक बढ़कर चक्रायुध को कन्नौज से भगा दिया और धर्मपाल को भी परास्त किया। इस प्रकार का घात-प्रतिघात जब पाल और प्रतिहार वंशों के बीच चल रहा था तो दक्षिण के राष्ट्रकूटों ने भी अपनी घात लगायी और प्रसिद्ध राष्ट्रकूट राजा ध्रुव ने, जिसने दक्षिण के पल्लवों को भी परास्त कर दिया था, ७८६ ई० में कन्नौज पर आक्रमण कर दिया। फलतः वत्सराज को कन्नौज छोड़ कर भाग जाना पड़ा। राष्ट्रकूट भी कन्नौज में प्रतिष्ठित न रह सके, क्योंकि इनके गृहराज्य में

विद्रोह चल रहा था। ध्रुव कन्नौज को अरक्षित छोड़कर दक्षिण लौट गया। अवसर पाकर धर्मपाल और चक्रायुध ने पुनः कन्नौज प्राप्त कर लिया। प्रतिहार भी होड़ में पीछे न रहे तथा नागभट्ट द्वितीय (८००-८२५ ई०) ने धर्मपाल और चक्रायुध को पराजित कर लिया। इस पर राष्ट्रकूट राजा गोविन्द तृतीय ८०६ ई० के लगभग सेना लेकर कन्नौज की ओर चढ़ दौड़ा तथा हिमालय तक अपनी विजय वैजयन्ती फैलायी। नागभट्ट तृतीय पराजित हुआ तथा धर्मपाल और चक्रायुध शरणापन्न हुये। इस बार फिर राष्ट्रकूटों को आन्तरिक कारणों से दक्षिण लौटना पड़ा तथा कन्नौज पुनः अरक्षित हो गया। राष्ट्रकूटों के पलायन के बाद से कन्नौज पर प्रतिहारों का प्रभाव बढ़ता गया और नागभट्ट द्वितीय के योग्य उत्तराधिकारी-मिहिर भोज ने सदैव के लिए कन्नौज को अपने राज्य के अन्तर्गत कर लिया और इस प्रकार पाल-प्रतिहार राष्ट्रकूटों के बीच चलने वाले दीर्घकालीन संघर्ष का अन्त हुआ।

प्रतिहारों में मिहिर भोज सबसे अधिक प्रतापी था और इसने कन्नौज को राजधानी बनाकर ८४०-८९० ई० तक राज्य किया। इसका पाल प्रतिद्वन्द्वी देवपाल जो धर्मपाल का पुत्र और उत्तराधिकारी था, इससे पराजित हो चुका था तथा इसके और इसके उत्तराधिकारियों (नारायणपाल, रामपाल) में प्रतिहारों से स्पर्द्धा करने की क्षमता न थी। राष्ट्रकूट भी भोज का लोहा मान चुके थे। गृहकलह से जर्जर होकर राष्ट्रकूटों का साम्राज्य और प्रभाव ९४८ ई० तक नष्टप्राय हो गया था। भोज शासनकाल (८४०-८९० ई०) में प्रतिहार साम्राज्य के अन्तर्गत पूर्वी पंजाब, राजपूताना, उत्तरप्रदेश, ग्वालियर, सौराष्ट्र और मालवा के प्रदेश थे। भोज विद्या और कला का भी बड़ा प्रेमी था। भोज के बाद प्रतिहार के अन्य शासक क्रमशः महेन्द्रपाल, महीपाल, राज्यपाल, त्रिलोचनपाल और यशपाल हुये। राज्यपाल के शासनकाल में ही जजाकभुक्ति के चन्देलों का प्रभाव प्रतिहारों पर जम गया था। इस वंश का पराभव महमूद गजनी के आक्रमण (१०२७ ई०) और चन्देलों के बढ़ाव के कारण हुआ। दसवीं और ग्यारहवीं शती में उत्तरी भारत की राजनीति पर चन्देलों और कलचुरियों का विशेष प्रभाव था। बंगाल में पालवंश का अन्त हो जाने पर सामन्त सेन द्वारा ग्यारहवीं शती में सेन वंश

की स्थापना हुई। इस वंश का सबसे प्रतापी राजा लक्ष्मण सेन था। इसके उत्तराधिकारी बड़े निर्बल थे फलतः इस वंश का अन्त ११९९ ई० में कुतुबुद्दीन एबक के सेनापति मुहम्मद बिन बख्त्यार के द्वारा हुआ। प्रतिहारों के पतन के बाद कन्नौज में गहड़वालों का प्रभाव बहुत बढ़ गया था। आरम्भ में गहड़वालों का शासन-क्षेत्र वाराणसी और उसके आसपास तक ही सीमित था किंतु धीरे-धीरे चन्द्रदेव के शासनकाल में १०५० ई० तक इनके अधीन कन्नौज भी हो गया। चन्द्रदेव बड़ा वीर और साहसी था और तुर्कों का प्रतिरोध करके इसने काशी, कान्यकुब्ज और इन्द्रप्रस्थ की रक्षा की थी। इसका पुत्र और उत्तराधिकारी मदनपाल साधारण व्यक्तित्व का हुआ किन्तु मदनपाल का पुत्र गोविन्दचन्द्र बड़ा ही प्रतापी था तथा इसके समय में गहड़वालों की राज्य सीमा सुविस्तृत थी। इसके बाद कन्नौज के शासक विजयचन्द्र और जयचन्द्र हुये। जयचन्द्र की प्रतिद्वन्द्विता अजमेर के चौहान राजा पृथ्वीराज से थी। ११९४ ई० में जयचन्द्र को पराजित करके शहाबुद्दीन गोरी ने गहड़वाल वंश को पतन के गर्त में ला पटका। इस वंश का अन्त इल्तुतमिश के हाथों १२२५ ई० में हुआ।

अजमेर के चौहान वंश का मूल शाकम्भरी था। ये सूर्यवंशी थे। इस वंश का प्रथम प्रतापी राजा विग्रहराज था जिसने दिल्ली से हिमालय तक अपने साम्राज्य का विस्तार कर लिया था। इस वंश का अन्तिम राजा पृथ्वीराज चौहान था जो बड़ा वीर और प्रभावशाली था। इसने परमारों पर विजय प्राप्त की थी तथा जयचन्द से बड़ी अनबन थी। ११९१ई० में जब गोरी ने इस पर आक्रमण किया तो उसने उसे हरा दिया। किन्तु आन्तरिक फूट तथा विलासिता से जब पृथ्वीराज की शक्ति क्षीण हो गयी तो ११९३ ई० में वह पुनः गोरी से आक्रान्त होकर मारा गया। चाहमानों की सत्ता का विनाश कुतुबुद्दीन एबक द्वारा हुआ।

बुन्देलखण्ड के चन्देल चन्द्रवंशी क्षत्री थे जो आरम्भ में प्रतिहारों के अधीन थे किन्तु यशोवर्मन के शासनकाल (९५०–१००२) में स्वतन्त्र हो गये। इस वंश का प्रसिद्ध राजा धंग और कीर्ति वर्मा भी थे। १२०३ई० के बाद चन्देलों को कुतबुद्दीन के हाथों अपनी स्वतंत्रता खोनी पड़ी। चन्देलों के

दक्षिण में कलचुरि राजवंश शासन करता था। गांगेय देव इस वंश का प्रसिद्ध राजा था और इसके अधिकार क्षेत्र में कर्नाटक से लेकर तिरहुत तक का प्रदेश था। मालवा का परमार वंश भी दसवीं और ग्यारहवीं शती का प्रसिद्ध राजवंश था। इस वंश के प्रसिद्ध प्रतापी राजा वाक्पति मुंज ने चेदि, लाट, कर्नाटक और चोल, केरल तक को जीता था। चालुक्यों से इसका बराबर संघर्ष होता रहा और अन्त में उन्हीं के हाथों पराजित हुआ। इसका पुत्र सिन्धुराज भी प्रतापी था किन्तु इसका भतीजा भोज (१०१८–१०६० ई०) इस वंश का सबसे यशस्वी शासक था। यह विद्या, कला और संगीत का बड़ा अनुरागी तथा प्रसिद्ध योद्धा भी था। इसने चालुक्यों को हराया था तथा कान्यकुब्ज, वाराणसी, पश्चिम बिहार तक अपनी विजयों का विस्तार किया था। चालुक्यों और चेदियों ने मिल कर अन्त में इसे पराजित किया। १३०५ ई० तक इस वंश का अन्त अलाउद्दीन के द्वारा हुआ। परमारों के राज्य के दक्षिण गुजरात के चालुक्यों की बड़ी धाक थी। इस वंश के लोग आरम्भ में प्रतिहारों के आधीन थे और मुक्त होकर दसवीं शती में प्रभावशाली हो गये थे। इस वंश के प्रतापी राजा भीम जिसने एक बार गोरी को हराया था तथा कुमारपाल थे जो विद्या और कला के अनुरागी तथा वीर थे। इस वंश का पतन तेरहवीं शती के अन्त में हुआ। इसका अन्तिम स्वतन्त्र राजा कर्ण था जो अलाउद्दीन खिलजी के द्वारा पराजित हुआ था।

दक्षिण में राष्ट्रकूट, वातापी के चालुक्य और कल्याणी के चालुक्य, यादव तथा होयसाल प्रसिद्ध राज्य थे जो एक दूसरे से लड़ते हुये काल के गर्त में गिरते जा रहे थे। सुदूर दक्षिण के राज्यों में चोलों और पल्लवों का विशेष प्रभाव था। आन्ध्रों और वाकाटकों के पतन के बाद से ही पल्लव राजवंश का प्रभाव बढ़ता चला आ रहा था। इस वंश के महेन्द्र वर्मा और नरेन्द्र वर्मा पुलकेशिन द्वितीय के समकालीन थे। नरेन्द्र वर्मा ने पुलकेशिन द्वितीय को हराकर धीरे-धीरे पल्लव-प्रभुता का विस्तार सुदूर दक्षिण और लंका तक कर लिया था। इस वंश का अन्तिम राजा अपराजित वर्मन् था जो नवीं शती में चोलराजा प्रथम आदित्य से पराजित हुआ।

पूर्वमध्य काल में चोलवंश प्रसिद्ध था। चोलवंशीय राजराज प्रथम

(९८५–१०१४ ई०) के शासनकाल में चोलों का प्रभाव लंका, कलिंग और पूर्वी द्वीप समूहों तक था। इसका उत्तराधिकारी राजेन्द्र अपने पिता से भी बढ़कर निकला और इसने सम्पूर्ण दक्षिणापथ को आक्रान्त करके कलिंगा, उड़ीसा, बंगाल, मगध होते हुये गंगा तक जीता। इसका जहाजी बेड़ा अण्डमान, निकोबार, बर्मा, मलाया, सुमात्रा, जावा आदि द्वीपों तक जाता रहता था। इन देशों में इसके व्यापारिक और राजनीतिक उपनिवेश थे। इस वंश का पतन १३१०–११ ई० में मलिक काफूर के आक्रमण से हुआ। सुदूर दक्षिण के अन्य महत्त्वपूर्ण राज्य पांड्य और चेर थे।

पूर्वमध्यकालीन भारत का समाज और इस युग की संस्कृति :— राजनीतिक दृष्टि से इस युग का इतिहास विकेन्द्रीकरण का इतिहास है। देश में ऐसी केन्द्रीय शक्ति और राजनीतिक एकता का अभाव था कि जिससे सम्पूर्ण राष्ट्र एकसूत्र में आबद्ध होता और तुर्क आक्रमणों का समवेत विरोध करता। समाज भी रूढ़िग्रस्त था और जातिपाँति की भावना रूढ़िगत हो गयी थी। चातुर्वर्ण्य का भाव तो हल्का पड़ गया था किन्तु असंख्य जातियों का संगठन हो चुका था, जिसका कुप्रभाव कालान्तर में जातीय एकता पर पड़ा। इस प्रकार समाज का ढ़ाचा बड़ा ढीला तथा जातियों और उपजातियों का संगठन बहुत संकुचित था। फिर भी विभिन्न जातियों में सद्भाव था तथा हीन जातियाँ अपनी सामाजिक सीमाओं का उल्लंघन नहीं करती थीं। विशेष परिस्थितियों में, खासकर राजाओं में अन्तर्जातीय विवाह भी होता था। बहुविवाह की भी प्रथा थी। विधवा विवाह नहीं होता था और पर्दा प्रथा भी नहीं थी। अभिजातवर्ग की स्त्रियाँ पढ़ी लिखी होती थीं तथा आवश्यकता पड़ने पर राजकाज भी देखती थीं। सती-प्रथा का विशेष प्रचलन था। सुदूर दक्षिण में देवदासी की भी प्रथा थी। स्वयंवर भी होता था। इस युग की विदुषी और और नीतिज्ञ स्त्रियों में मण्डन की पत्नी भारती, राजशेखर की पत्नी अवन्ति-सुन्दरी, भास्कराचार्य की पुत्री लीलावती, कश्मीर की रानी दिद्दा और काकतीय वंश की रानी रुद्राम्बा उल्लेखनीय हैं।

ब्राह्मण धर्म विशेष लोकप्रिय था। कुमारिल और शंकर के प्रयत्न से वैदिक और ब्राह्मण समाज काफी सुधर गया था। जनता में और तत्कालीन बौद्धिक

समाज में शंकर का अद्वैत वेदान्त बड़ा ही प्रभावशाली और लोकप्रिय रहा। फिर भी हिन्दूधर्म और समाज वैष्णव, शैव, शाक्त, ब्राह्म, सौर, गाणपत्य आदि हिन्दू सम्प्रदायों में विभक्त था। इन्हीं के साथ साथ पाशुपत, कापालिक, अघोर पन्थी समुदाय तथा शाक्तों में आनन्द, भैरवी, भैरवीचक्र आदि विविध मार्ग भी प्रचलित थे। बौद्धों के वज्रयानी सम्प्रदाय के कारण भी समाज में इसी प्रकार का अनाचार फैला हुआ था। वज्रयानी साधक धर्म की आड़ में अनैतिक आचरणों के असंख्य अड्डे छिपाये हुए थे। इन पाखंड और प्रपंची सम्प्रदायों के साथ साथ सुधारवादी संतों की क्षीण धारा भी प्रवाहित हो रही थी। जैनियों का सम्प्रदाय अवश्य ही इन अनाचारों से बचा था, किन्तु भक्ति और रूढ़िग्रस्त वर्जनशील भावनाओं से प्रभावित था।

संस्कृत सबसे लोकप्रिय भाषा थी और इसी भाषा में साहित्य का सृजन, राजकीय कार्य-व्यवहार तथा धार्मिक कृत्य सम्पन्न होते थे। अभिजात वर्ग की यही भाषा थी। किन्तु निचले स्तर में हिन्दी, गुजराती, मराठी, बंगला, तामील कन्नड़ आदि बोलियाँ भी जन्म ले रही थीं। साहित्य के क्षेत्र में लोगों ने अधिक रुचि, टीका, निबन्ध और रीति ग्रंथों तथा मुक्तकों की रचना में प्रदर्शित की। मौलिक रचना की ओर प्रवृत्ति कम थी। इस युग के अच्छे साहित्यकारों में भवभूति, वाक्पतिराज, राजशेखर, क्षमेन्द्र, बिल्हण, कल्हण, जयदेव, भोज, माघ, श्रीहर्ष आदि थे।

कला को तत्कालीन शासकों ने विशेष रूप से पोषित किया। मूर्तिकला को क्षेत्र में विषय और भाव की दृष्टि से बड़ी विविधता प्रदर्शित की गयी। असंख्य देवी देवताओं के स्वरूप की कल्पना की गयी तथा उन्हें मूर्तरूप में निखारा गया। वास्तुकला को दृष्टि से यह युग भारतीय वास्तु-कला का स्वर्ण-युग है। उत्तरी भारत में शिखरयुक्त मंदिर बनते थे जिन्हें नागर शैली के अन्तर्गत मान सकते हैं। नागर-शैली के मन्दिरों के निर्माण के प्रमुख केन्द्र खजुराहो और भुवनेश्वर थे। खजुराहों की कला का परिपोषण चन्देलों ने किया था। वेशर शैली के मन्दिरों का निर्माण चालुक्यों ने कराया। इस शैली के प्रसिद्ध नमूने बीजापुर, इलौरा आदि में देखे जा सकते हैं। सुदूर दक्षिण में पल्लवों ने

द्रविड़ शैली में मन्दिरों का निर्माण कराया। द्रविड़ शैली के प्रमुख केन्द्र तंजौर, काञ्ची, मदुरा और मामल्लपुरम् थे।

खजुराहो का मन्दिर (कन्धरिया महादेव)

मूर्ति और वास्तुकला के साथ ही साथ नृत्य, संगीतादि अन्य कलाओं का भी इस युग में सम्यक् विकास हुआ।

परीक्षोपयोगी प्रश्न

(१) सिद्ध करो कि विभिन्नताओं के होते हुये भी भारत में मौलिक एकता है।

(२) भारत के इतिहास की जानकारी के क्या साधन हैं ? इस दृष्टि से पुरातत्त्व का क्या महत्त्व है।

(३) पाषाण युग का क्या तात्पर्य है ? भारत के पाषाण युग का संक्षिप्त वर्णन करो।

(४) सिन्धु घाटी सभ्यता के विषय में तुम क्या जानते हो ?

(५) आर्य कौन थे ? वैदिक सभ्यता का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करो।

(६) वैदिक साहित्य पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखो।

(७) महावीर के चरित और उपदेशों पर प्रकाश डालो।

(८) भगवान बुद्ध कौन थे ? उनके क्या उपदेश थे ?

(९) सिकन्दर के भारत आक्रमण का विवरण दो। उसके आक्रमण का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(१०) चन्द्रगुप्त मौर्य कौन था ? उसके शासन-प्रबन्ध का विवरण प्रस्तुत करो।

(११) अशोक को महान क्यों कहते हैं ? उसने प्रजा की भलाई के लिये क्या किया ?

(१२) अशोक का धर्म क्या था ? उसके धर्म का वर्णन करो और सिद्ध करो कि वह सार्वभौम धर्म का उपासक था।

(१३) मौर्यकालीन संस्कृति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखो।

(१४) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखो—१. पुष्यमित्र शुङ्ग, २. मिनान्डर ३. खारवेल, शक, साँची।

(१५) कनिष्क के विषय में क्या जानते हो? उसके शासन काल का संक्षिप्त विवरण दो।

(१६) समुद्रगुप्त के विजयों पर प्रकाश डालो। सिद्ध करो यह कि गुप्तवंश का सबसे महान् शासक था।

(१७) सिद्ध करो कि गुप्तकाल भारतीय इतिहास का स्वर्ण-युग था।

(१८) हर्ष के विषय में क्या जानते हो। उसका संक्षिप्त विवरण दो।

(१९) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी दो—फाहियान, कालिदास, हुयेनसंग।

(२०) पूर्वमध्यकालीन भारत के समाज और संस्कृति का संक्षिप्त वर्णन करो।

द्वितीय खण्ड

अध्याय १

भारत में इस्लाम का प्रवेश और मुस्लिम आक्रमण

भारत में इस्लाम का प्रवेश:—मुहम्मद साहब जो इस्लाम के प्रवर्त्तक थे, अरब की घुमन्तू जातियों को संगठित कर चुके थे। उनके बाद के चार खलीफाओं अबू-बक्र, उमर, उस्मान और अली में भी बड़ा धार्मिक जोश था और इनके आधिपत्य में इस्लामी साम्राज्य धार्मिक एकता के आधार पर काफी विस्तृत हो गया था। ६६१ ई० के बाद के खलीफा जो धर्मगुरु कम और बादशाह अधिक थे, अपनी सत्ता का विस्तार करते हुये धीरे-धीरे इस्लामी साम्राज्य के अन्तर्गत चीन की पश्चिमी सीमा से लेकर अटलांटिक सागर तक का प्रदेश ला चुके थे और उत्तरी अफरीका पर भी इनका प्रभाव था। बड़े-बड़े साम्राज्यों को मटियामेट करके भी इस्लामी खलीफाओं का साहस ७१२ ई० के पूर्व भारत में बलात् प्रविष्ट होने का न हुआ। इस समय तक भारत विभक्त होने पर भी काफी सशक्त था। ७१२ ई० में मकरान पर सरलतापूर्वक अधिकार करने के बाद मुहम्मद इब्नन कासिम ने सिन्ध के राजा दाहिर को आक्रान्त किया। दाहिर और उसकी पत्नी ने वीरतापूर्वक कासिम का प्रतिरोध किया। किन्तु बौद्धों और जाटों ने, जिनका ब्राह्मणों के साथ धार्मिक द्वेष था, कासिम की सहायता की जिससे कासिम विजयी हुआ। घर की फूट ने सिन्ध में इस्लाम का झंडा गाड़ दिया और धीरे-धीरे मुल्तान और ब्राह्मणाबाद तक अरब आक्रमणकारियों का प्रभाव बढ़ गया। इस क्षेत्र में अरब-शासन भी स्थापित हो गया। किन्तु भारत में अरब-शासन की जड़ न जम सकी। भारत में राजपूतों के सशक्त, पड़ते ही भारत से अरब-आधिपत्य विनष्ट हो गया।

मुहम्मद गजनी का आक्रमण

भारत में इस्लामी राज्य की स्थापना का प्रयास तुर्कों के द्वारा दसवीं शती ईसवी में हुआ, जिसका स्थायी प्रभाव भारत की राजनीति और संस्कृति पर पड़ा। तुर्क मध्यएशिया के हूणों के ही वंशज थे। गजनी के तुर्कों की शक्ति नवीं

और दसवीं शती में काफी बढ़ गयी थी। इन्हीं तुर्कों का एक सरदार सुबुक्तगीन था जो ९७७ ई० में गजनी का स्वामी बना। इसके अधिकार में खुरासान तक का क्षेत्र था। इसीके शासन काल में तुर्कों ने पहले पहल पंजाब में घुस-पैठ करने की चेष्टा की थी। इसका पुत्र महमूद, जो इतिहास में सुल्तान महमूद गजनी के नाम से जाना जाता है, इस्लाम के प्रति अटूट श्रद्धा रखता था और मूर्तिपूजक हिन्दुओं का जन्मजात शत्रु था। यह बहुत बड़ा लोभी और क्रूर भी था। भारत में इस्लाम का प्रचार करने का बहाना बनाकर भारत में लूट-पाट करने के लिये इसने एक बहुत बड़ी सेना एकत्र की और १००० ई० में भारत पर टूट पड़ा। अगले छब्बीस वर्षों में (१०००–१०२६ ई० तक) इसने भारत पर १७ बार आक्रमण करके अनेक हिन्दू राजवंशों का अन्त किया, असंख्य मन्दिरों को तोड़ा और प्रभूत धन लूट कर गजनी वापस गया। इसके आक्रमणों का कोई राजनीतिक उद्देश्य न था।

महमूद गजनवी का पहला आक्रमण पेशावर होकर पंजाब पर हुआ। पंजाब का राजा जयपाल गजनवी से पराजित हुआ और महमूद गजनवी का पंजाब के काफी हिस्से पर अधिकार हो गया। १००४ ई० में महमूद गजनवी ने पंजाब पर फिर आक्रमण किया। जयपाल के उत्तराधिकारी आनन्द पाल को हराया। आनन्दपाल पराजित होकर कश्मीर भाग गया। अन्य आक्रमणों में विजय प्राप्त करते हुए महमूद गजनवी का आधिपत्य धीरे-धीरे पंजाब के राजाओं, मुल्तान के शिया सम्प्रदायवाले सुल्तानों, कन्नौज के प्रतिहारों, महोवे के चन्देलों आदि पर स्थापित हो गया। हिन्दुओं के मन्दिरों को तोड़ने से महमूद गजनवी को बहुत धन प्राप्त हुआ। उसने नगरकोट, मथुरा, काशी और कन्नौज के मन्दिरों को लूटा। १०२२ ई० में महमूद गजनवी का सोमनाथ पर आक्रमण हुआ। सोमनाथ के मन्दिर को तोड़कर वहाँ से भी वह मनों सोना, मोती तथा बहुमूल्य रत्न आदि उठाकर गजनी ले गया।

१०३० ई० में महमूद गजनवी की मृत्यु हुई। उसके मरते ही गजनवी राज्य का पतन हो गया। इसके आक्रमण का भारत की राजनीति पर कोई स्थायी प्रभाव तो न पड़ा किन्तु हिन्दुओं की कमजोरियाँ जाहिर हो गयीं और भारत पर विदेशी आक्रमणकारियों के लिये मार्ग खुल गया।

मुहम्मद गोरी के आक्रमण :—

जिन दिनों गजनी राज्य का पतन हो रहा था गजनी के उत्तर में एक अन्य तुर्क वंश शक्तिशाली हो रहा था। इसी वंश का एक प्रतापी बादशाह शहाबुद्दीन गोरी था, जिसको भारत पर तुर्कों का राजनीतिक प्रभाव डालने में महमूद गजनवी की अपेक्षा अधिक सफलता मिली। मुहम्मद गोरी ने भारतवर्ष पर आक्रमण करने की जब योजना बनायी तो भारत की, विशेषतया उत्तरी भारत की राजनीतिक स्थिति बड़ी ही कमजोर थी। देश स्वार्थी तथा संकीर्ण राजाओं के आपसी झगड़ों से तबाह था। यह बात नहीं है कि देश में इस समय वीरों का अभाव था किन्तु वीर और प्रबल राजाओं के होते हुये भी यह देश मुहम्मद गोरी जैसे आक्रमणकारी के सामने अशक्त इसलिये था कि यहाँ के वीर और प्रभावशाली राजा संकुचित राजनीतिक दृष्टिवाले थे और उनमें झूठी प्रतिष्ठा तथा आनबान के प्रति अनुचित व्यामोह था।

११७५ ई० में मुहम्मद गोरी ने मुल्तान का विजय किया और इसके बाद गुजरात और पंजाब के राजाओं के विरोध में कई धावे किये। ११९१ ई० में मुहम्मद गोरी का सबसे महत्वपूर्ण आक्रमण हुआ। इस आक्रमण में गोरी तथा पृथ्वीराज का संघर्ष हुआ। सरहिंद के पास मुहम्मद गोरी और पृथ्वीराज में भयंकर युद्ध हुआ जिसमें पृथ्वीराज को सफलता मिली। मुहम्मद गोरी किसी तरह भारत से भागा। अगले ही वर्ष बहुत बड़ी तैयारियों के साथ मुहम्मद गोरी का दूसरा हमला पृथ्वीराज के विरुद्ध हुआ। इस बार पृथ्वीराज को सफलता न मिली ~~जिस[illegible]~~

पृथ्वीराज चौहान

उत्तर के तीन प्रसिद्ध राजा कन्नौज

का जयचन्द, महोबा तथा कालिंजर का परिमर्दिन चन्देल और गुजरात का सोलंकी राजा भीम पृथ्वीराज के सहयोगी न हुये। पृथ्वीराज तराईन के मैदान में मारा गया और अजमेर तक का हिस्सा गोरी के अधीन हुआ। इस क्षेत्र के शासन के लिये मुहम्मद गोरी ने कुतुबुद्दीन एबक को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया, जिसने भारत पर तुर्क शासन की परम्परा की नींव डाली। पृथ्वीराज के प्रतिद्वन्द्वी गहड़वाल राजा जयचन्द को भी गोरी ने अपना शिकार बनाया और कन्नौज पर अपना आधिपत्य स्थापित किया। कन्नौज के पतन से काशी तक के क्षेत्र पर मुहम्मद गोरी का अधिकार स्थापित हुआ। कुतबुद्दीन एबक ने मुहम्मद गोरी की ओर से गुजरात के सोलंकियों पर भी आक्रमण किया। उसने ग्वालियर के राजा को भी अपने अधीन किया। मुहम्मद गोरी ११९४ ई० में ही भारत से चला गया था किन्तु उसकी ओर से तुर्क राज्य का विस्तार कुतुबुद्दीन तथा बख्तियार कर रहे थे। बख्तियार के आक्रमण से बिहार और बंगाल के राजा नष्ट-भ्रष्ट हो गये। नालंदा का प्रसिद्ध महाविहार इब्न बख्तियार के आक्रमण का शिकार होकर विनष्ट हो गया। बख्तियार ने यहाँ के विशाल ग्रन्थागार में आग लगा दी थी जो महीनों जलता रहा। बख्तियार के आक्रमण से बौद्ध धर्म और संस्कृति को जो क्षति पहुँची उसका वर्णन भारतीय इतिहासकार के लिये खेद का विषय है। बंगाल के सेनवंश के विनाश का कारण बख्तियार का ही आक्रमण हुआ। १२०२ ई० में कालिंजर पर कुतुबुद्दीन एबक का अधिकार हुआ और उसी के लगभग चन्देलों का भी पतन हुआ।

१२०५ ई० में मुहम्मद गोरी ने पंजाब के खोखर विद्रोहियों का निर्दयता-पूर्वक दमन किया। विद्रोह का तो दमन हो गया किन्तु वह स्वयं भी एक खोखर विद्रोही के द्वारा १२०६ ई० में मारा गया। उसके मरने के बाद उसका साम्राज्य उसके सरदारों ने बाँट लिया। ताजुद्दीन इलदौस को गजनी का राज्य मिला, नासिरुद्दीन कुबाचा को सिंध और कुतुबुद्दीन एबक को शेष भारतीय राज्य प्राप्त हुआ। कुतुबुद्दीन एबक ने लाहौर में अपने को स्वतन्त्र राजा के रूप में घोषित किया। अनेक हिन्दू राजाओं ने महमूद गोरी के मरते ही स्वतन्त्र होने की चेष्टा की जिससे जगह-जगह विद्रोह हुए। इन विद्रोहों का

दमन करने में कुतुबुद्दीन एबक का शेष जीवन तबाह रहा तथा कालिंजर को अधीन करने में उसे असफलता भी मिली। १२१० ई० में कुतुबुद्दीन मर गया। उसका उत्तराधिकारी आरामशाह अयोग्य था अतएव तुर्क अमीरों ने इल्तुतमिश को सुल्तान निर्वाचित किया।

प्रश्न

१. मुहम्मद गोरी के आक्रमणों का वर्णन कीजिए।

२. पृथ्वीराज पर नोट लिखिए।

अध्याय २

भारत में तुर्की शासन की स्थापना

इल्तुतमिश—इल्तुतमिश कुतुबुद्दीन एबक का खरीदा गुलाम था इसीलिये इसके वंश को गुलाम वंश कहा गया। सुल्तान होने के पूर्व वह बदायूँ का गवर्नर था। इसके शासन-सूत्र सँभालते ही नासिरुद्दीन कुबाचा और इल्दोज़ इसके विरोधी हो गये। १२१५ ई० में इल्तुतमिश ने इल्दोज़ को कैद कर लिया और धीरे-धीरे कुबाचा को भी अपने नियंत्रण में ले आया। बंगाल दिल्ली सल्तनत का अंग तो था, किन्तु उस पर दिल्ली का पूरा-पूरा नियंत्रण न था। इल्तुतमिश ने बंगाल पर अपना पूर्ण प्रभाव स्थापित किया। जितने भी विद्रोही राज्य थे उनका एक-एक करके दमन किया तथा रणथम्भोर, ग्वालियर, मारवाड़ पर अपना आधिपत्य स्थापित किया। दोआब के हिन्दुओं और पंजाब के खोखरों पर प्रभावशाली ढंग से अपना नियंत्रण स्थापित किया। इस प्रकार इसने कुतुबुद्दीन एबक के अनियन्त्रित और अव्यवस्थित शासन तथा राज्य को सुसंगठित और व्यवस्थित किया। इस कारण भारत में तुर्क शासन का वास्तविक संस्थापक इल्तुतमिश को ही मानते हैं। १२३६ ई० में इल्तुतमिश मरा। इल्तुतमिश का उत्तराधिकार उसके बेटे रुकनुद्दीन को मिला।

रजिया :—रुकनुद्दीन अयोग्य था, जिसे अमीरों ने हटा कर रजिया को दिल्ली का सुल्तान बनाया। रजिया ने अपने कर्तव्य का पालन उचित ढंग से किया। वह बड़ी योग्य और सद्गुणी थी। फिर भी स्त्री होने के कारण अमीरों ने इसके शासन को अपना सहयोग न दिया। अमीरों के षड्यंत्र में वह मारी गयी। रजिया के बाद गुलाम वंश के कई उत्तराधिकारी दिल्ली की गद्दी पर बैठे। अन्तिम शासक नासिरुद्दीन था जिसने गयासुद्दीन बलबन को अपना मंत्री बनाया। मंत्री की हैसियत से गयासुद्दीन बलबन ने राज्य को सुचारु रूप से संगठित और शासित किया। १२६६ ई० में नासिरुद्दीन मर गया। इसके

मरने पर गयासुद्दीन बलबन ही दिल्ली का सुल्तान बना। गयासुद्दीन बलबन के राज्यारोहण से बलबन वंश की प्रतिष्ठा बढ़ी और दिल्ली सल्तनत को सुदृढ़ता मिली। गयासुद्दीन बलबन बड़ा कठोर शासक था। इसने राज्य में होने वाले विद्रोहों को नृशंस रूप से दबाया और अपनी धाक कठोर दरबारी नियमों के द्वारा अमीरों पर जमायी। दोआब, मेवात तथा रुहेलखण्ड जिसे कटेहर कहते थे, के हिन्दुओं पर इसने बड़ा अत्याचार किया। १२ वर्ष से अधिक उमर वाले किसी हिन्दू को जीता न छोड़ा। इसका प्रभाव यह हुआ कि हिन्दुओं की स्वातंत्र्य चेतना दब गयी। बंगाल के हाकिम तुगरिलबेग भी इसकी अधीनता न मानता था। गयासुद्दीन बलबन ने १२७६ ई० में तुगरिल और उसके मित्रों तथा सम्बन्धियों को मरवा डाला। वहाँ अपने पुत्र बुगरा खाँ को शासक नियुक्त किया। उसने कई मंगोल आक्रमणों का भी प्रतिरोध किया। १२८६ ई० में गयासुद्दीन की मृत्यु हो गयी। इसका उत्तराधिकारी कैकुबाद था जो विलासी निकला। इसकी हत्या जलालुद्दीन खिलजी नामक एक नौकर ने कर दी। इस प्रकार १२६० ई० में जलालुद्दीन ने बलबन वंश का अन्त करके खिलजी वंश के शासन की स्थापना की।

प्रश्न

१. इल्तुतमिश के विजयों तथा कार्यों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

२. गयासुद्दीन बलबन के विषय में आप क्या जानते हैं? उसके कार्यों पर प्रकाश डालिए।

३. रजियाबेगम के विषय में आप क्या जानते हैं?

अध्याय ३

खिलजी वंश

जलालुद्दीन खिलजी :—सुल्तान के रूप में जलालुद्दीन खिलजी का शासन सफल रहा। ७० वर्ष की उमर १२९० ई० में वह सुल्तान बना था। काफी बूढ़ा होने पर भी उसने अपने शासन-काल में होनेवाले विद्रोहों का सफलतापूर्वक दमन किया। कड़ा के मालिक छज्जू, मेवाती विद्रोहियों तथा आक्रमणकारी मंगोलों के प्रति भी उसका रुख बहुत कड़ा न था। वह अन्य सुल्तानों की अपेक्षा उदार था। उसका उदार दृष्टिकोण तत्कालीन शासन नीति के लिये बहुत हितकर न था। उसके दरबारी उसके विरोधी थे। उसका प्रिय भतीजा अलाउद्दीन भी उसके पीछे षड्यन्त्र रचा करता था।

अलाउद्दीन खिलजी :—अलाउद्दीन खिलजी जलालुद्दीन को हटाकर स्वयं राज्य प्राप्त करना चाहता था। सुल्तान की आज्ञा के बिना ही वह दक्षिण की ओर एक बहुत बड़ी सेना लेकर चला गया था। अलाउद्दीन ने देवगिरि के राजा रामचन्द्र पर आक्रमण कर दिया तथा उससे एलिचपुर नगर छीन कर बहुत-सा धन प्राप्त किया। यही लूट का धन उसके भावी ऐश्वर्य का आधार बना। सुल्तान जलालुद्दीन को चाहिये था कि वह अलाउद्दीन की इस गतिविधि को नियन्त्रित करता। उसके कई दरबारी और मित्रों ने सलाह भी दी कि अलाउद्दीन के पास सेना भेज-

अलाउद्दीन खिलजी

कर उसे दरबार में पकड़ बुलाया जाय। किन्तु भावुक जलालुद्दीन जो अलाउद्दीन को बहुत मानता था, अलाउद्दीन के विरुद्ध कोई कड़ा रुख

न अपना सका। इसके विपरीत स्वयं अलाउद्दीन से मिलने कड़ा नामक स्थानपर निहत्था ही चला गया। उसे विश्वास था कि वह स्नेहपूर्वक विद्रोही अलाउद्दीन को वश में कर लेगा। किन्तु अलाउद्दीन बड़ा छली था। उसने मिलते समय भी स्नेह और सेवा का प्रदर्शन किया किन्तु अवसर पाते ही जलालुद्दीन का कत्ल कर दिया। जलालुद्दीन की हत्या की कोई जोरदार प्रतिक्रिया नहीं हुई। एकाध जो विरोधी भी हुये उन्हें अलाउद्दीन ने धन लुटा कर संतुष्ट कर लिया।

जलालुद्दीन खिलजी की हत्या करके अलाउद्दीन खिलजी १२९६ ई० में दिल्ली की सल्तनत का स्वामी हो गया। कड़ा (इलाहाबाद जिले में) से चलकर अलाउद्दीन दिल्ली पहुँचा और जलालुद्दीन के पुत्र को परास्त करके अपनी सत्ता दिल्ली में स्थापित की। १२९८ ई० में मंगोलों का तूफानी हमला दिल्ली पर हुआ। अलाउद्दीन ने भयंकर युद्ध के बाद इन आक्रमणकारी मंगोलों को परास्त किया। देश को ऐसे मंगोल आक्रमणों से सुरक्षित रखने के लिये उसने ५०००० चुने सिपाहियों की सेना तैयार की तथा सीमा के किलों की मरम्मतें करायीं। उसके इन प्रयत्नों का परिणाम यह निकला कि १३०७ ई० के बाद फिर कोई मंगोल आक्रमण अलाउद्दीन के शासनकाल में न हुआ। १२९७ ई० में अलाउद्दीन ने गुजरात पर चढ़ाई की और कर्ण बघेला को हराकर गुजरात को दिल्ली की सल्तनत का अंग बनाया। १२९९ ई० में उसने रणथम्भोर पर चढ़ाई की। वहाँ के राजा हम्मीर को लगभग १ वर्ष तक घेरे रहा। अन्त में १३०१ ई० में रणथम्भोर दुर्ग का पतन हुआ। १३०२ ई० में उसने मेवाड़ और अगले वर्ष चित्तोड़ के दुर्ग पर भी अधिकार किया। इन विजयों से उसकी धाक अन्य राजाओं पर भी जमी तथा धीरे-धीरे उसके अधीन धार, माँडू, उज्जैन, भिलसा, चन्देरी आदि के भी दुर्ग हो गये। इस प्रकार सम्पूर्ण उत्तरी भारत में अपना अधिकार स्थापित करके वह दक्षिण-विजय की ओर उन्मुख हुआ। जब वह कड़ा का सूबेदार था तभी वह देवगिरि तक चढ़ दौड़ा था। तब देवगिरि के राजा रामचन्द्र से उसने एलिचपुर और बहुत-सा धन लेकर छोड़ दिया था। सुल्तान होने पर उसने देवगिरि पर अपना स्थायी अधिकार स्थापित करने का विचार किया। मलिक काफूर नामक अपने एक सरदार को १३०७ ई० में

देवगिरि भेजा और उसे अपने अधीन बनाया। इस बार पुनः उसने देवगिरि के राजा रामचन्द्र को छोड़ दिया तथा उसे अपना करद राजा बना दिया। १३०६ ई० में मलिक काफूर ने देवगिरि के राजा रामचन्द्र की सहायता से वारंगल को अधीन किया। इसके बाद एक-एक करके १३११ ई० में द्वारसमुद्र, पाराड्य, चोल और चेर राज्यों पर भी अपना अधिकार जमाया। ये सभी दक्षिणी राजा अलाउद्दीन के करद राजा हुये। पूरे दक्षिण में अलाउद्दीन का इस प्रकार आधिपत्य स्थापित हो गया। किन्तु देवगिरि के राजा रामचन्द्र के यशस्वी पुत्र शंकरदेव ने विद्रोह कर दिया तथा अलाउद्दीन के प्रतिरोध में प्राण गँवा करके भी उसकी अधीनता स्वीकार न की। उसके मरने के बाद देवगिरि पर हरपालदेव ने अलाउद्दीन के प्रतिनिधि के रूप में शासन प्रारम्भ किया, तथा प्रतिवर्ष अलाउद्दीन को कर देता रहा।

अलाउद्दीन का शासन-प्रबन्ध :—अलाउद्दीन का शासन प्रबन्ध बड़ा अच्छा था तथा उसके शासनकाल में सामान्य जीवन अन्य सुलतानों के शासनकाल की अपेक्षा नियन्त्रित और शांतिपूर्ण था। उसने अपने विशाल साम्राज्य में प्रचण्ड सैनिक बल के द्वारा आंतरिक विद्रोहों का दमन किया था, केन्द्रीय शासन को प्रबल किया था तथा विदेशी (मंगोलों) के आक्रमणों को रोका था। उसे बहुत बड़ी सेना रखनी पड़ी थी अतएव सैनिक आवश्यकताओं के पूर्ति के हेतु सैनिक छावनियों तथा बड़े-बड़े नगरों में बिकनेवाली चीजों के भाव निश्चित कर दिये थे। बाँट-बटखरों की जाँच होती थी तथा कम तौलनेवाले व्यापारियों को अमानुषिक दण्ड दिया जाता था। व्यापारियों के नाम-पते दर्ज होते थे तथा उनपर सरकारी नियन्त्रण रहता था। राज्य की ओर से भी अन्नादि उपयोगी वस्तुओं का संचित भंडार स्थापित रहता था। इस प्रकार के मूल्य नियन्त्रण से सामान्य जनता को भी लाभ पहुँचा। राज्य की आय के कई स्रोत थे। वार्षिक कर के अलावा भी वह कितनी तरह के कर लगाये हुये था। दोआब के हिन्दुओं के विरुद्ध तो उसने अनैतिक ढंग की कर-व्यवस्था चलायी। उनसे पचास प्रतिशत कर लिया जाता था। इस कर व्यवस्था के परिणाम स्वरूप हिन्दू कंगाल हो गये थे और दाने-दाने के लिये मुहताज थे। मुसलमान अमीरों पर भी उसने कड़े नियन्त्रण

लगाये। जागीर-प्रथा बन्द कर दी और अमीरों तथा दर्बारियों का वेतन निश्चित कर दिया। दर्बारियों और अमीरों को अपने व्यक्तिगत मामलों के लिये भी सुलतान की आज्ञा लेनी पड़ती थी तथा उनके आपसी मिलन-जुलन पर भी नियन्त्रण था। गबन आदि अपराधों के लिये उन्हें कड़े से कड़ा दण्ड दिया जाता था! अलाउद्दीन को विद्रोहों की बड़ी आशंका बनी रहती थी। अतएव उसने देशभर में गुप्तचरों का जाल बिछा रखा था। सेना का प्रबन्ध अच्छा था। चूंकि सैनिक बल पर ही उसका विशाल शासन और साम्राज्य टिका हुआ था, अतएव वह सैनिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देता था। सैनिकों को वेतन मिलता था और अमीरों की व्यक्तिगत सेना तथा सैनिकों को उसने अवैध घोषित किया था। जो भी सैनिक थे, वे अमीरों के नियन्त्रण में न होकर सीधे सुल्तान के नियन्त्रण में थे और उसी से वेतन तथा काम पाते थे। सुल्तान सैनिकों का बराबर निरीक्षण करता था तथा उनकी बदली भी की जाती थी। उसने घोड़ों के दागने की भी प्रथा चलायी। मुख्य सेना तो दिल्ली में रहती थी किन्तु शेष सेना अनेक टुकड़ियों में विभक्त होकर जगह-जगह बिखरी हुई थी।

कठोर शासन तथा सुदृढ़ सैनिक बल आन्तरिक विद्रोहों और असन्तोषों को नियन्त्रित न कर सका। उसके जीवन काल ही में उसका साम्राज्य विघटित होने लगा। १३१६ ई० में उसकी मृत्यु हो गयी। मलिक काफूर अलाउद्दीन के शासन-तन्त्र पर हावी था। ३५ दिनों तक तो मलिक काफूर स्वयं ही सुल्तान बना रहा। इसके बाद वह अलाउद्दीन के एक ६ वर्षीय बच्चे को राज्य का स्वामी बनाकर राज्य का भोग करने लगा। उसने अलाउद्दीन के सभी सम्बन्धियों को या तो मरवा डाला या अन्धा करवा दिया। केवल मुबारक शाह ही किसी तरह बच रहा। इसी मुबारक शाह को, जो अलाउद्दीन का एक पुत्र था, अमीरों ने मलिक काफूर को मार कर गद्दी का हकदार बनाया। इसके शासन-काल में देवगिरि और तेलंगाना दिल्ली सल्तनत का अंग बना। इसका मन्त्री खुसरो बड़ा प्रबल था। वास्तव में मुबारक शाह को जो भी सफलता मिली थी, उसका श्रेय खुसरो को है। वह गुजरात का परवारी जाति का हिन्दू था, जो किन्हीं कारणों से मुसलमान

हो गया था। इसने षड्यंत्र करके मुबारक शाह को मरवा दिया और १३२० ई० में स्वयं दिल्ली सल्तनत का सुल्तान बना। सुल्तान होने पर इसने हिन्दू-साम्राज्य को स्थापित करने की चेष्टा की और हिंदुओं को संगठित होने के लिये तथा मुसलमानी शासन से स्वतन्त्र होने के लिये उभाड़ा। किन्तु हिन्दुओं ने ऊँच-नीच का विचार करके इस 'पतित हिन्दू' की सहायता न की और इसका विशाल और गौरवशाली मनोरथ अपूर्ण रह गया। इसके विपरीत मुसलमान संगठित हो गये। दीपालपुर के हाकिम गाजी तुगलक ने 'इस्लाम' के नाम पर मुसलमानों को एकत्र किया और दिल्ली पर हमला कर दिया। खुसरो मारा गया। गाजी तुगलक स्वयं सुल्तान बना और गयासुद्दीन तुगलक के नाम से शासन करने लगा।

प्रश्न :-

१. सिद्ध कीजिये कि दिल्ली के सुल्तानों में अलाउद्दीन सबसे सशक्त और योग्य शासक था।

२. अलाउद्दीन के विजयों और शासन प्रबन्ध पर प्रकाश डालिए।

अध्याय ४

तुगलक वंश

गयासुद्दीन तुगलक :—यह तुगलक वंश का संस्थापक था। जब यह शासनारूढ़ हुआ तो देश की राजनीतिक और आर्थिक स्थिति बड़ी डावाँडोल थी। केन्द्रीय शासन ढीला पड़ गया था। राजकोष खाली था। गयासुद्दीन तुगलक ने बड़ी योग्यता से शासन का कार्य सँभाला। विना अतिरिक्त कर लगाये, केवल राजकीय बकाये की वसूली से उसने राज्य की आर्थिक स्थिति को दृढ़ किया। प्रजा के साथ इसका व्यवहार नम्र था और इसका सैनिक संगठन भी सुचारु था। इसने अपने शासनकाल में होनेवाले विद्रोहों का दमन किया। दक्षिण के वारंगल, काकतीय और यादवों को इसने काफी दबा दिया। बंगाल पर भी इसका व्यापक अधिकार स्थापित हो गया। १३२५ ई० में जूना खाँ के षड्यन्त्र से यह मारा गया।

मुहम्मद तुगलक :—जूना खाँ गयासुद्दीन के मरने के बाद मुहम्मद तुगलक की उपाधि से दिल्ली का सुल्तान बना। तुर्कों के इतिहास में इसकी बड़ी चर्चा और महत्व है। इसके व्यक्तित्व के विषय में भी इतिहासकार एक-मत नहीं हैं। इसकी योजनाओं के प्रति कुछ इतिहासकारों की तो यह धारणा है कि ये अविवेकपूर्ण थीं और इससे देश की तबाही हुई। किन्तु कुछ इतिहासकारों की यह राय है कि तुगलक की योजनाओं का महत्व राजकर्म-चारियों और तत्कालीन प्रभावशाली लोगों ने नहीं समझा फलतः योजनाओं का सम्पादन इस प्रकार से हुआ कि उसकी योजनाओं का प्रभाव कुछ का कुछ हो गया।

मुहम्मद तुगलक का राजनीतिक प्रभाव उत्तरी भारत में सुदृढ़ था। सुदूर दक्षिण में भी इसने अनेक विजय किये। उसने देवगिरी, वारंगल, द्वारसमुद्र तथा माबर के हिन्दू राज्यों का अन्त करके वहाँ मुसलमान शासक नियुक्त किये। इस प्रकार १३२७ ई० तक में तुगलक साम्राज्य का शासन क्षेत्र हिमालय

से दक्षिण में मावर और पूर्व में लाहौर से लेकर पश्चिम में बंगाल तक था। उसका यह विशाल साम्राज्य २३ प्रान्तों में विभक्त था।

तुगलक का शासन प्रवन्ध और सुधार :—मुहम्मद तुगलक का विशाल साम्राज्य एक बहुत बड़ी सेना से सुरक्षित था। देश भर में सैनिक छावनियाँ बिखरी हुईं थीं और गुप्तचरों का भी जाल सारे देश में बिछा था। सैनिकों पर केन्द्रीय सरकार का नियन्त्रण होता था। सैनिकों को वेतन नगद मिलता था तथा उन्हें बहुत अनुशासन में रखा जाता था। राज्य नियमों को तोड़नेवाले चाहे हिन्दू हों, मुसलमान हों, समान रूप से दण्डित होते थे। तुगलक सती-प्रथा को रोकने के लिये प्रयत्नशील हुआ था। व्यापार और कला की अभिवृद्धि के लिये भी उसने बड़ा प्रयत्न किया था। मुहम्मद तुगलक का व्यक्तिगत प्रभाव दरबारियों पर था और उसके भय से बड़े-बड़े मुल्ला और दरबारी भी काँपते थे। मुहम्मद तुगलक बड़ा विद्वान् तथा बड़ो सूझबूझ का गुणी व्यक्ति था।

मुहम्मद तुगलक के जिन कार्यों का प्रभाव राज्य और प्रजा पर सुखद नहीं हुआ उनका विवरण इस प्रकारण है :—

१३२७ ई० में उसने दक्षिण पर प्रभावशाली ढंग से अपना शासन दृढ़ करने के लिये शासन का केन्द्र दिल्ली से हटाकर दौलताबाद (देवगिरि) कर दिया। किन्तु शीघ्र ही उसे अनुभव हुआ कि राजधानी के परिवर्तन से जनता प्रसन्न नहीं है और उत्तरी भारत सैनिक दृष्टि से बड़ा अरक्षित हो गया है। इसलिये उसने पुनः अपने साम्राज्य का केन्द्र दौलताबाद से दिल्ली कर दिया। इस अविवेकपूर्ण परिवर्तन से जनता और राजकोष को बड़ी क्षति पहुँची। दिल्ली तो एक तरीके से उजड़ गया। वैसे योजना अपने में दोषपूर्ण न थी यदि वह राजधानी परिवर्तन का कार्य केवल दफ्तरों के हटानेमात्र तक सीमित रखता। दफ्तरों के साथ-साथ दौलताबाद तक पूरी दिल्ली को लादना इसके सिर का ऐसा बोझ हो गया जो उसके उठाये न उठा और उसे बदनाम होना पड़ा।

दोआब का प्रदेश (गंगा-जमुना के बीच का मैदान) बड़ा उपजाऊ था, जहाँ से राजकोष को अधिक कर मिलने की सम्भावना थी। अतएव उसने

दोआब की जनता पर कर की दर दूनी कर दी। उसी साल दोआब में अकाल पड़ गया और जनता में सामान्य कर देने की क्षमता भी न रही। किन्तु मुहम्मद तुगलक ने इस बदली परिस्थिति का ध्यान न रखा और जनता को तबाह करके भी दूना कर वसूला। इसका परिणाम कृषकों पर बहुत बुरा पड़ा खेती-बारी चौपट हो गयी, राजकोष खाली हो गया, तुगलक बदनाम हो गया और उसका शासन कमजोर पड़ गया।

लगातार मँहगी और अकाल के कारण तुगलक की मुद्रास्थिति कमजोर पड़ गयी थी और देश में सिक्कों का अभाव हो चला था। व्यापार की सुविधा के लिये उसने ताँबे के टनके चलाये जिनका मुद्रामूल्य चाँदी के सिक्कों के बराबर था। जनता ने इन ताँबे के सिक्कों के व्यवहार में आना-कानी की जिससे कारबार ठप-सा हो गया। ताँबे के इन नये सिक्कों पर कोई शाही प्रतीक (चिह्न) नहीं लगाया जिसके कारण नकली सिक्कों के टकसाल घर-घर खुल गये। इस स्थिति को देख मुहम्मद तुगलक ने ताँबे के सिक्कों को वापस ले लिया और उनके बदले सोने-चाँदी के सिक्कों के देने लगा। लोग ताँबे के नकली सिक्कों को चाँदी और सोने के सिक्कों से बदलने लगे। फलतः राज-कोष सोने-चाँदी से खाली हो गया।

सबसे बुरी स्थिति तो तब हुई जब कि मुहम्मद तुगलक ने असंख्य धन व्यय करके पौने चार लाख सेना खुरासान जीतने के लिये इकट्ठी की। इस सेना को उसने १ वर्ष का अग्रिम वेतन दिया। किन्तु आक्रमण खुरासान पर न करके इसने हिमालय के छोटे-छोटे राजाओं पर किया जहाँ प्राकृतिक असुविधाओं के कारण उनकी सेना नष्ट हो गयी। युद्ध से लौटे सैनिकों को भी उसने मरवा डाला। इस क्रूर कर्म से मुहम्मद तुगलक बड़ा ही बदनाम हो गया। उसके विरुद्ध जगह-जगह विद्रोह होने लगे। १३३४—३५ ई० के लगभग सुदूर दक्षिण का माबर प्रदेश स्वतन्त्र हुआ। अगले ही वर्ष विजयनगर स्वतन्त्र होकर नवीन राष्ट्र के रूप में उठ खड़ा हुआ। इसके बाद क्रमशः बंगाल, वारंगल, द्वारसमुद्र और कम्पिल स्वतन्त्र हुये। १३४७ ई०में बहमनी वंश के नाम से देवगिरि में एक नयी और स्वतन्त्र रियासत की नींव पड़ी। इस प्रकार तुगलकी साम्राज्य धीरे-धीरे विघटित होने लगा। १३५१ ई० में मुहम्मद तुगलक की मृत्यु हो गयी।

फीरोज तुगलक :—मुहम्मद तुगलक के बाद उसका उत्तराधिकारी फीरोज तुगलक हुआ। इसमें धार्मिक उदारता नहीं थी। इसने हिन्दुओं पर जजिया लगाया और ब्राह्मणों पर अत्याचार किया। उसमें सैनिक गुणों का भी अभाव था। फलतः विघटित तुगलकी साम्राज्य के अंगों को वह पुनः संगठित न कर सका। विद्रोहों के दमन के लिये भी उसने समझौते का रुख अपनाया। सैनिक संगठन के नियम ढीले थे। यहाँ तक कि उसने सेना में भी बूढ़े और अयोग्य सैनिकों को भी रक्खा।

फीरोजशाह का ध्यान प्रजा हित पर था। उसने सैकड़ों बाग-बगीचे लगवाये और सरायें, अस्पताल, मदरसे, महल, मसजिदें आदि बनवायीं। नहरें निकलवायीं एवं कुएँ खुदवाये। नदियों पर पुल बँधवाये। अनेक मुस्लिम कन्याओं का ब्याह करवाया तथा बेकार आदमियों को धन्धों में लगाया। उसने कर भी कम कर दिये। फीरोज की मृत्यु १३८८ ई० में हुई। इसके उत्तराधिकारी निर्बल थे। १३९८ ई० में भारत पर तैमूर का आक्रमण हुआ। इस समय फीरोज तुगलक का उत्तराधिकारी तुगलक सुल्तान महमूद दिल्ली का शासक था। महमूद तैमूर के आक्रमण का सामना न कर सका। तुगलक भीषण जनसंहार और धन-जन का अपहरण करते हुये मुल्तान से दिल्ली आ धमका। महमूद ने तैमूरी-वेग को रोकने की असफल चेष्टा की, तैमूर के आक्रमण और जनसंहार से दिल्ली उजड़-पुजड़ गयी। दिल्ली को लूटकर तैमूर मेरठ और हरद्वार होता हुआ समरकन्द वापस चला गया।

१४१२ ई० में महमूद तुगलक की मृत्यु हुई। उसकी मृत्यु के साथ तुग़लक साम्राज्य का भी अन्त हो गया।

प्रश्न

१. मुहम्मद तुगलक की योजनाएँ क्या थीं ? क्या वह पागल था ?

अध्याय ५

सैयद और लोदी वंश

महमूद तुगलक के मरते ही तुगलक साम्राज्य के बचे-खुचे हिस्सों में भी अराजकता फैल गयी और प्रान्तीय हाकिम स्वतन्त्र होने लगे। १३९९ ई० में जौनपुर स्वतन्त्र हुआ और १४०१ ई० में मालवा तथा गुजरात। दक्षिण में बहमनी और विजयनगर साम्राज्य प्रबल हो रहे थे और मेवाड़ में राजपूतों की भी शक्ति बढ़ रही थी। दिल्ली में तैमूर का प्रतिनिधि खिज्र खाँ राज्य कर रहा था। इसने १४१४ ई० में महमूद तुगलक के उत्तराधिकारी दौलत खाँ को राज्यच्युत करके दिल्ली की सल्तनत पर अधिकार किया। १४२१ ई० से १४३४ ई० तक खिज्र खाँ के पुत्र मुबारकशाह के अधीन दिल्ली रही। इसका शासनकाल अशान्तिपूर्ण था। दोआब, मेवात, पूर्वी राजस्थान, पंजाब और मुल्तान में विद्रोह होते रहे जिनके दमन में वह आजीवन व्यस्त रहा। १४३४ ई० में एक षड्यन्त्र का शिकार होने के कारण इसकी मृत्यु हो गयी। इसके उत्तराधिकारी निर्बल थे। १४५१ ई० में बहलोल लोदी ने दिल्ली पर अधिकार कर सैयद-शासन का अन्त किया और नये राजवंश की प्रतिष्ठा की।

लोदी वंश :—बहलोल लोदी अफगान था। इसने १४५१ ई०–१४८८ ई० के बीच राज्य किया। यह बहुत लोकप्रिय न था। इससे अफगान, तुर्क और हिन्दू विद्वेष करते थे। फिर भी इसने जागीर आदि को भेंट करके अफगान और तुर्क सरदारों को मिला लिया। जौनपुर के सुल्तान बहलोल लोदी के पक्ष में न थे। बहलोल लोदी ने जौनपुर पर आक्रमण करके उसे दिल्ली सल्तनत में मिला लिया। यह कूटनीतिज्ञ था और तरह-तरह की चालों को चलकर सामन्तों तथा सरदारों को वश में किये रहता था। १४८८ ई० में इसकी मृत्यु हो गयी। उसके बाद सिकन्दर लोदी दिल्ली का अधिकारी बना। इसने कुशलतापूर्वक ग्वालियर, धौलपुर-दोआब और रणथम्भोर को अधिकृत किया। बिहार पर भी इसका अधिकार हो गया। फिर भी इसका शासन

लोकप्रिय न था और सरदार इसके विरुद्ध रहते थे। इसमें धार्मिक कट्टरता भी थी तथा हिन्दुओं को बहुत सताता था। न्याय में कठोर था तथा इसकी गुप्तचर व्यवस्था सुगठित थी। आगरा का शहर इसी ने बसाया था। १५७० ई० में इसकी मृत्यु हो गयी। इसका बेटा इब्राहीम लोदी इसका उत्तराधिकारी हुआ। इब्राहीम लोदी बड़ा घमण्डी, क्रोधी, विनय तथा नीति से रिक्त था। इससे इसके कुछ सरदार, खास कर अलाउद्दीन और दौलत खाँ विशेष चिढ़े हुये थे। १५२६ ई० में पानीपत के मैदान में बाबर से युद्ध करते हुये इब्राहीम मारा गया। इसकी मृत्यु से लोदी वंश का अन्त हुआ तथा दिल्ली पर मुगलों का आधिपत्य हुआ।

प्रश्न

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखो

१. सैयदवंश

२. लोदी वंश

३. दौलत खाँ लोदी

अध्याय ६

मुगल साम्राज्य की स्थापना और बाबर

बाबर—बाबर मध्यएशिया का मंगोल था। भारतवर्ष में इसका वंश मुगल वंश के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इसके बाप का नाम शेख मिर्जा था जो फरगना का स्वामी था। जब बाबर ११ वर्ष का हुआ तो उसके पिता का देहान्त हो गया इस कारण ११ वर्ष की अवस्था में ही बाबर को अपने पैतृक राज्य की जिम्मेदारियों को सँभालनी पड़ी। इसके सगे चाचा और मामा इसके शत्रु थे। इनके षड्यन्त्रों के कारण उसको फरगना और समरकन्द राज्य छोड़ना पड़ा। इन्हीं सब परिस्थितियों के कारण १५०४ई० के लगभग फरगना को छोड़कर बाबर को अपनी शक्ति काबुल तथा कंधार में संचित करनी पड़ी। जब उसकी सत्ता काबुल में सुदृढ़ हो गयी तो उसने भारत की ओर ध्यान दिया तथा भारत में घुस-पैठ करने की चेष्टाएँ करने लगा। उस समय

बाबर

भारत की राजनीतिक परिस्थितियाँ बाबर के अनुकूल थीं। दिल्ली सल्तनत इब्राहीम लोदी जैसे अशक्त और कायर शासक के अधीन था। पूरा देश छोटे-छोटे राज्यों में विकेन्द्रित होकर भारत की सुरक्षा के प्रति उदासीन था। पहले बाबर ने कई हमलों के द्वारा पंजाब के कुछ हिस्सों में अपना दखल जमाया। दौलत खाँ लोदी जो इब्राहीम लोदी के विरुद्ध था, बाबर की साठ-गाँठ में आ गया था और बाबर को दिल्ली पर आक्रमण करने के लिये प्रेरित कर रहा था। बाबर पंजाब में घुस आया और लगभग पूरे पंजाब को

अधिकृत कर लिया। लाहौर के शासक दौलत खाँ लोदी के मित्रता की उपे
करके उसने दौलत खाँ लोदी को भी अपमानित किया तथा उसकी रियास
को अपने आधीन कर लिया। लाहौर से आगे बढ़कर वह अपनी बड़ी भा
सेना के साथ पानीपत के मैदान में आ जमा। एक लाख सैनिकों के साथ इब्राही
लोदी ने बाबर का सामना किया। किन्तु इब्राहीम लोदी पराजित होकर मा
गया। बाबर के इस विजय का कारण स्वयं बाबर का प्रभावशाली सेनापति
और उसका तोपखाना था। इब्राहीम की कमजोरियाँ और युद्ध सम्बन्
अनुभवहीनता तथा दौलत खाँ लोदी जैसे देशद्रोहियों का आचरण भी बा
को सफल बनाने में सहायक हुआ। १५२६ ई० में पानीपत के मैदान
जीत लेने के बाद बाबर का हौसला बढ़ गया और उसने आगे बढ़कर दिल्
को अधिकृत कर लिया। बाबर की ओर से हिमायूँ आगे बढ़कर ग्वालिय
बियाना, धौलपुर, जौनपुर, गाजीपुर और कालपी तक के प्रदेश को अप
आधीन किया।

बाबर को मेवाड़ के राणा-साँगा से बड़ा खतरा था। साथ ही अफग
भी विद्रोह के लिये यत्र-तत्र संगठित हो रहे थे। खास करके पूर्व में अफगानों
कई गढ़ स्थापित हो गये थे। राणा-साँगा और अफगानों ने मिलकर बाबर
दिल्ली से बाहर निकालने के लिये प्रयत्न किया। १५२७ ई० में कान
नामक स्थान पर राजपूत और अफगानों की संयुक्त सेना जिसकी संख्या लगभ
२ लाख थी, लेकर राणा-साँगा कानवाह में बाबर का प्रतिरोध करने
गया। बाबर और राणा-साँगा में घोर युद्ध हुआ तथा बाबर के छ
छूट गये। किन्तु समय ने बाबर का ही साथ दिया। सांगा पराजित हुआ
इसके बाद बाबर बचे-खुचे अफगानों का दम तोड़ने के लिये घाघरा
ओर बढ़ा। चन्देरी के दुर्ग पर उसने अधिकार कर लिया। १५२७ ई
में घाघरा के तट पर अफगानों को बुरी तरह से हराया। करीब-करीब स
अफगानों ने उसकी आधीनता स्वीकार कर ली और बंगाल तक बाबर
धाक जम गयी।

१५३० ई० में बाबर की मृत्यु हो गयी। बाबर की मृत्यु से मुगलों
राजनीतिज्ञ विकास सहसा रुक सा गया। बाबर को शासन को सुचारु रू

संगठित करने का भी अवसर न मिला था। फिर भी उसका शासन लोकप्रिय था। वह चरित्रवान था। कवि और संगीतज्ञ भी था। चित्रकला से उसका विशेष प्रेम था। अपने परिवार के प्रति उसे बड़ी ममता थी। परम धार्मिक होते हुये भी उसमें धार्मिक उदारता थी और हिन्दुओं के प्रति उदारतापूर्ण दृष्टिकोण रखता था। संकट के समय में भी आत्मविश्वास को न खोना उसके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता थी।

प्रश्न

१. बाबर कौन था ? उसके चरित और कार्यों पर प्रकाश डालिए।

२. संक्षिप्त नोट लिखिए।

दौलत खाँ लोदी, राणा-सांगा।

अध्याय ७८

हिमायूँ और शेरशाह

हिमायूँ :—१५३० में बाबर का उत्तराधिकारी और पुत्र हिमायूँ दिल्ली को गद्दी पर बैठा। बाबर ने बड़ी लगन के साथ हिमाँयू को अपने उत्तराधिकार के लिये शिक्षित प्रशिक्षित किया था और उसे सद्गुणी बनाया था। वह कोमल स्वभाव का था तथा बड़ा भावुक था। समय की आवश्यकता और राजनीति की जरूरत को महत्त्व न देते हुये कभी कभी तो वह ऐसी भावुकता दिखाता था कि उसका परिणाम राज्य और शासन के लिये बहुत ही बुरा होता था। उसमें पिता के प्रति और भाइयों के प्रति बड़ी निष्ठा थी। पिता की बात मानकर वह अपने भाइयों और राजकर्मचारियों के प्रति इतना उदार था कि वह उनके बुरे से बुरे अपराधों को भी क्षमा कर देता था। फलतः वह आजीवन भाइयों और राज्यकर्म-चारियों के षडयंत्रों का शिकार बना रहा। उसका शासन भी उसके व्यक्तिगत स्वभाव के कारण ढ़ीला ढ़ाला था। संदिग्ध व्यक्तियों को भी वह महत्त्वपूर्ण पद दिये हुये था, तथा राजनीतिक स्थिति की गंभीरता की उपेक्षा करके अनुचित सरलता प्रदर्शित करता था। समय की महत्ता को भी नहीं जानता था तथा टालमटोल करने की आदत थी। आमोद-प्रमोद में उसका बड़ा मन लगता था तथा अफीम खाने का दुर्व्यसन भी उसमें था।

हुमायूँ

इन कमजोरियों के बावजूद उसका प्रारम्भिक शासन सफल रहा। राज्यारोहण के समय जो अमीर और जागीरदार तथा संबंधी उससे असन्तुष्ट

थे उन्हें उसने जागीर आदि बाँट कर सन्तुष्ट कर लिया। असन्तुष्ट भाइयों को भी उसने प्रसन्न रखने की कोशिश की। उसके तीन और भाई थे जिनके नाम कामरान, अस्करी और हिंदाल थे। कामरान को उसने काबुल और कन्धार दिया। किन्तु कामरान को इससे संतोष न हुआ और जिद करके हिमायूँ से पंजाब तक प्राप्त कर लिया। कामरान की हिमायूँ के प्रति कोई निष्ठा नहीं थी। केवल भ्रातृप्रेम की भावुकता में आकर कामरान के हाथों में काबुल कन्धार तथा पंजाब का प्रदेश देना, मुगल साम्राज्य की सुरक्षा के लिये बड़ा घातक हो गया। पंजाब से मुगल सेना को सैनिक मिलते थे, जो कामरान ने रोक दिया। इसका बहुत बुरा प्रभाव मुगल सेना पर पड़ा। सेना कमजोर हो गयी। साथ ही काबुल कन्धार से होकर भारत को आने वाले रास्ते भी हिमायूँ के अधिकार के बाहर हो गये। अस्करी को उसने सम्भल का प्रदेश और हिन्दाल को अलवर का क्षेत्र दिया। ये भाई भी अपने अपने जिम्मेदारियों का निर्वाह न कर सके तथा अपने कुशासन से इन क्षेत्रों में हिमायूँ के शासन को बदनाम कर दिया।

हिमायूँ के दो शत्रु थे। बिहार के अफगान जिन्हें शेरशाह का नेतृत्व प्राप्त था तथा गुजरात का बहादुरशाह। इन दोनों पर ही प्रारम्भ में हिमायूँ को कुछ सफलता मिली, किन्तु आगे चलकर ये दोनों ही हिमायूँ के दुर्भाग्य के कारण बने।

बिहार में अफगानों का संगठन हिमायूँ के लिये खतरा था। दौलत खाँ लोदी भी अफगानों से मिल गया था। १५३१ ई० में हिमायूँ ने अफगानों को हराया और उनसे चुनार प्राप्त कर लिया। चुनार के किलेदार, जो एक तरह से उसका स्वामी भी था, शेरशाह था। शेरशाह की शक्ति बढ़ रही थी। हिमायूँ ने चुनार जीतकर किले को अपने आधीन न कर सका। शेरशाह ने आत्मसमर्पण करके मुगलों की आधीनता स्वीकार कर ली थी। यह उसका ढोंग था, क्योंकि वह समर्पण करके अपनी ताकत को भविष्य के लिये सुरक्षित रखना चाहता था। इस चतुरता का लाभ शेरशाह को और हानि हिमायूँ को पूरा पूरा मिला। बहादुरशाह गुजरात से मालवा और चित्तौड़ की ओर बढ़ रहा था। उसके आधीन अहमद नगर, बरार और खानदेश आ चुके

थे। बहादुरशाह चितौड़ को जीतने तेजी से बढ़ रहा था। १५३५ई० में मंदसोर में हिमायूँ ने बहादुर शाह को हरा दिया और दिल्ली के मिर्जाओं के विद्रोह का भी दमन किया। बहादुरशाह हार कर पुर्तगालियों की शरण में गया तथा उसका प्रदेश मालवा और गुजरात हिमायूँ ने अस्करी की हाथों में सौंप दिया। यह भी उसकी भूल थी। अस्करी ने मालवा और गुजरात की सुरक्षा का कोई प्रबन्ध नहीं किया। शीघ्र ही ये दोनों प्रान्त मुगलसाम्राज्य से निकल कर पुनः बहादुरशाह की कब्जे में आ गये। १५३६ ई० में बहादुर शाह को मालवा और गुजरात पर पुनः अधिकार करने में सफलता मिली तथा उसका आतंक इस कदर बढ़ गया कि दिल्ली तक की सुरक्षा खतरे में पड़ गयी। हिमायूँ बहादुरशाह की बढ़ती शक्ति से परेशान ही था कि शेरशाह बिहार में धूम मचाने लगा। बहादुरशाह को छोड़ हिमायूँ ने शेरशाह की ओर अपना ध्यान केन्द्रित किया। उसने चुनार पर आक्रमण किया। किला जीतने में कुछ समय लगा कि इसी बीच शेरशाह ने रोहतास गढ़ में अपनी शक्ति बढ़ा ली तथा बंगाल तक के प्रान्त को अपने प्रभाव में ले लिया। इसके बाद शेरशाह ने बड़ी चातुरी से काम लिया। चुनार के दुर्ग पर हिमायूँ का अधिकार हो जाने दिया तथा बिना रोक टोक मुगलों की सेना को बंगाल तक बढ़ जाने दिया। जब हिमायूँ बंगाल में पहुँच गया तो हिन्दाल ने विश्वास घात किया और उसने दूरस्थ हिमायूँ की सेना को रसद पानी भेजना बन्द कर दिया। उसने स्वयं आगरे पर अधिकार कर लिया और अपने को दिल्ली का बादशाह घोषित किया। बिना रसद पानी के बंगाल में हिमायूँ की सेना तबाह हो गयी, और उसमें बीमारी भी फैल गयी। किसी तरह जब हिमायूँ अपनी महती सेना लेकर वापस लौटने लगा तो पाया कि शेरशाह ने सभी रास्तों पर नाका बन्दी कर ली है और घाटों को छेंक लिया है। जगह जगह शेरशाह की छापा मार हमलों से हिमायूँ तबाह हो गया। १५३९ई० में शेरशाह और हिमायूँ के बीच चौसा में घोर युद्ध हुआ जिसमें हिमायूँ मरते मरते बचा। इसी बीच कामरान भी विद्रोही हो गया। इस दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति में अन्तिम बार वह बिलग्राम नामक स्थान में शेरशाह से भिड़ा। इस बार भी हिमायूँ हारा। हारकर अनेक कठिनाइयों को झेलता हुआ किसी प्रकार १५४३-४४ ई० तक फारस पहुँचा।

वहाँ के बादशाह ताहमस्प ने उसकी बड़ी आवभगत की तथा सैनिक सहायता देने का वचन दिया।

हिमायूँ का भारत लौटना :—हिमायूँ फारस में लगभग १० वर्षों तक रहा। ताहमस्प से उसको १२००० सिपाहियों की सहायता मिली और उसने कन्धार जीत लिया। १५५४-५५ई० में भारत की राजनीतिक स्थिति पुनः निर्बल थी और दिल्ली पर सिकन्दरशाह का अधिकार था। हिमायूँ ने पंजाब होकर भारत में प्रवेश किया तथा सिकन्दर शाह को हटाकर पुनः दिल्ली तथा आगरे को अधिकृत किया। अभी उसका एक और प्रबल शत्रु आदिल शाह था, जो अफगानों का नेता था। किन्तु हिमायूँ १५५६ ई० में ही मर गया। सूर-शाही को समाप्त करने तथा आदिल शाह को पराजित करने का हिमायूँ द्वारा छोड़ा हुआ कार्य उसके योग्य उत्तराधिकारी अकबर द्वारा सम्पन्न हुआ।

शेरशाह और शूरवंश :—हिमायूँ की असफलताएँ शेरशाह की सफलताएँ थीं। यह एक साधारण जागीरदार का पुत्र था। इसका बचपन का नाम फरीद खाँ था। शेरखाँ इसकी उपाधि थी, जो इसे एक शेर मारने के कारण मिली थी। फरीदखाँ या शेरखाँ का पिता सहसराम में रहता था। इसका नाम हसन था। इसकी सगी माँ मर गयी थी। सौतेली माँ फरीदखाँ के साथ दुर्व्यवहार करती थी। सौतेली माँ के व्यवहार से ऊब कर फरीदखाँ १४९४ ई० में जौनपुर चला आया जहाँ उसने फारसी का अच्छा ज्ञान प्राप्त किया। विद्याभ्यास में फरीदखाँ ने बड़ी प्रतिभा दिखाई। इस कारण फरीद के सम्बन्धियों ने उसे उसके पिता के पास भेज दिया, जहाँ वह कुछ दिनों तक पिता की जागीरदारी का प्रबन्ध देखता भालता रहा। किन्तु वह बहुत दिनों तक अपने बाप के पास न रह सका। माँ से उसकी न पटी अतएव १५१८ ई० में पुनः घर छोड़कर नौकरी की खोज में बाहर निकल

शेरशाह

गया। उसने दो वर्षों तक विहार के सूबेदार बहर खाँ के यहाँ नौकरी की तथा पिता हसन की मृत्यु के बाद बाबर की कृपा से अपने पिता की जागीरदारी का स्वामित्व प्राप्त किया। कुछ ही दिनों बाद बहरखाँ भी मर गया। वह बहरखाँ के उत्तराधिकारी जमालखाँ का संरक्षक बना। संरक्षक के रूप में धीरे-धीरे इसने अपने प्रतिभा और प्रभाव का प्रदर्शन प्रारम्भ किया। बंगाल के सूबेदार को हरा कर उसने बिहार की सूबेदारी की सुरक्षा की। चुनार की दुर्ग-स्वामिनी से अपना विवाह करके वह चुनार का स्वामी बना। १५३१ ई० में जब हिमायूँ ने चुनार पर आक्रमण किया तो उसने बड़ी चतुरता से दुर्ग की रक्षा की और आधीनता स्वीकार करके अपने शक्ति को बचाया तथा मौका पाते ही बंगाल के सुल्तान पर आक्रमण करके गौड़ तक के प्रदेश को अधिकृत कर लिया। गौड़ विजय के बाद उसकी सीधी टक्कर हिमायूँ से होने लगी। जब हिमायूँ शेरशाह के विरुद्ध बढ़ा तो उसने हिमायूँ को ६ मास तक चुनार में उलझाए रहा और इसी बीच अपनी सैनिक शक्ति पुष्ट की। इसके बाद वह हिमायूँ को बंगाल तक बढ़ जाने दिया। जब हिमायूँ बंगाल से लौटा तो शेरशाह ने चौसा और बेलग्राम (कन्नोज के पास) के युद्ध में उसे हरा कर उससे दिल्ली और आगरा तक का हिस्सा प्राप्त कर लिया। हिमायूँ का पीछा करते हुये वह लाहौर तक गया। इस प्रकार बिना किसी युद्ध के ही वह पंजाब का स्वामी बन बैठा।

पंजाब से बंगाल तक के प्रदेश पर अपना स्वामित्व स्थापित कर लेने के बाद कुछ समय उसने सीमा की सुरक्षा और आन्तरिक प्रदेशों (मुख्यतया बंगाल) के विद्रोहों के दमन में बिताया। तदुपरान्त अपनी विजय-वाहिनी को लेकर अन्य राज्यों की विजय में प्रयत्नशील हुआ। उसने एक एक करके मालवा, रायसेन, सिन्ध, मुल्तान, जोधपुर और चित्तौड़ को अधिकृत किया। शेरशाह की अन्तिम विजय-यात्रा कालिञ्जर के विरुद्ध हुई, कालिञ्जिर पर तो उसकी विजय हुई, किन्तु एक दुर्घटना का शिकार होकर १५४५ ई० में उसकी वहीं मृत्यु हो गयी।

शेरशाह का शासन-प्रबन्ध :—शेरशाह की कृति का महत्वपूर्ण आधार उसका शासन-प्रबन्ध है। उसने परम्परागत शासन प्रणाली में कुछ ऐसा

सुधार लागू किये जिनका अनुकरण अकबर तथा उसके उत्तराधिकारियों ने भी किया। वह निरंकुश शासक था किन्तु शासन में उदारतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाता था प्रजाहित और साम्राज्य की सुरक्षा उसके शासन प्रणाली के प्रधान उद्देश्य थे। उसमें धार्मिक सहिष्णुता थी और शासन में नौकरी के लिये हिन्दू और मुसलमान दोनों ही के लिये समान रूप से द्वार खुले थे। वह प्रत्यक्ष रूप से, मुख्यतया केन्द्रीय शासन की निगरानी करता था। उसका साम्राज्य शासन की सुविधा के लिये ४७ सूबों में बँटा था। प्रत्येक सूबे की छोटी इकाइयाँ सरकार परगना और गाँव थीं। सूबों का प्रधान अधिकारी कोई अफगान होता था, सरकार की संरक्षता शिकदारे शिकदार करता था। परगनों के कर्मचारी शिकदार, अमीन, खजाची मुंसिफ, हिन्दीलेखक और फारसी लेखक होते थे। गाँवों के अधिकारी मुकद्दम, चौधरी और पटवारी थे। सिकदार सैनिक अधिकारी था, अमीन माल का काम करता था, मुन्सिफ न्याय करता था, और कोष की सुरक्षा खजांची द्वारा होती थी। कर-निर्धारण के पूर्व किसानों की सारी भूमि नाप डाली गयी थी और उस पर पैदावार का $\frac{1}{3}$ कर नियत कर दिया गया था। कर उगाहने में जो अधिकारी गड़बड़ी करता उसे वह कड़ा से कड़ा दण्ड देता था। कर निर्धारण में वह जितनी छूट देता वसूलने में उतनी ही कड़ाईकरता। कर सामान्यतया रूपये के रूप में ली जाती थीं, यद्यपि अन्न के रूप में भी कर जमा करने की सुविधा थी। उसका सैनिक प्रबन्ध भी सुचारु था। सिपाहियों की भर्ती और प्रशिक्षण वह अपने ही देख रेख में करता था। सिपाहियों तथा उनके घोड़ों की हुलिया दर्ज रहती थी तथा घोड़ों को दागा भी जाता था। फौजियों को नगद वेतन और नियत समय पर ही मिलता था। सिपाहियों को अनुशासन का नियम कड़ाई से पालन करना पड़ता था। जो सिपाही उदंडता वश कृषि को हानि पहुँचाता उसे कठोर दण्ड मिलता था। उसकी स्थायी सेना में १५००० घुड़सवार, ५००० हाथी और २५००० पैदल तथा एक विशाल तोपखाना था। न्याय की भी व्यवस्था सुन्दर थी और निष्पक्ष न्याय की ओर जोर दिया जाता था। चोरी डकैती को रोकने की जिम्मेदारी आमिल और शिकदार पर थी। चोरी का माल बरामद न होने पर अधिकारियों से ही चोरी का धन वसूला जाता था। हिन्दुओं के

उत्ताधिकार सम्बन्धी विवाद उनकी पंचायतों में ही तय हो जाते थे। यातायात की सुविधा के लिये सड़कों पर शेरशाह ने विशेष ध्यान दिया और अनेक सड़कों का निर्माण किया जिनमें ये चार प्रसिद्ध हैं:—

(१) सोनार गाँव (बंगाल) में रोहतास गढ़ (पंजाब) तक।

(२) आगरा से बुरहानपुर तक।

(३) आगरा से बियाना होती हुई मारवाड़ की सीमा तक।

(४) लाहौर से मुल्तान तक।

इन सड़कों पर यात्रियों की सुविधा के लिये उसने सरायों की स्थापना की थी तथा छायादार वृक्ष लगवाये थे। डाक की व्यवस्था भी थी। अस्पताल का भी प्रबन्ध था। शेरशाह बड़ा दानी भी था और विद्वानों की कदरी करता था।

सूरी वंश का पतनः—शेरशाह का शासन काल कुल ५ वर्षों तक ह सीमित रहा। उसके बाद उसका बेटा इस्लामशाह अगले ६ वर्षों तक किसी तरह राज्य खेता रहा। किन्तु इसके बाद स्थिति भिन्न हो गयी। अफगानों में बड़ी फूट फैल गयी और सूरी साम्राज्य दो राज्यों में विभक्त हो गया पश्चिमी प्रान्तों का केन्द्र दिल्ली थी जो सिकन्दर शाह के आधीन थी। सूरी साम्राज्य का पूर्वी क्षेत्र आदिलशाह के आधीन था। हिमायूँ के द्वारा सिकन्दर शाह और उसके शासन का पतन हुआ और अकबर के द्वारा आदिलशाह तथ उसके आधीन राज्य का। इस प्रकार सूरी साम्राज्य सदा के लिये विशाल मुगल साम्राज्य में विलीन हो गया।

प्रश्न

१. हिमायूँ की प्रारम्भिक कठिनाइयाँ क्या थीं? उसने उन पर कैसे काबू पाया?

२. शेरशाह के चरित और कार्यों पर प्रकाश डालिए।

३. शेरशाह के शासन-प्रबन्ध का विवरण प्रस्तुत कीजिए।

अध्याय ८

अकबर

हिमायूँ का पुत्र और उत्तराधिकारी जलालुद्दीन अकबर भारतीय इतिहास में बहुत सम्मान का स्थान रखता है। इसका बाल्यकाल संकटपूर्ण स्थिति में बीता। १३ वर्ष की अवस्था में ही उसे राज्य-भार संभालना पड़ा। जिस समय इसे उत्तराधिकार मिला मुगलों का भारतीय साम्राज्य केवल पंजाब तक ही सीमित था। दिल्ली में आदिलशाह सूर और उसके मन्त्री हेमू का प्रबल शासन था। अकबर ने बैरमखाँ की संरक्षता में शासन का प्रारम्भ किया। दिल्ली को अधिकृत करने के लिये पानीपत के मैदान में अफगानों को पराजित किया और आदिलशाह और हेमू ने उनके हाथों से दिल्ली, आगरा तथा जौनपुर तक का हिस्सा छीन लिया। जब इस प्रकार अकबर की शक्ति प्रबल हुई और वह वयस्क हुआ तो १५६० ई० में बैरमखाँ को हटाकर पूर्णरूपेण शासनाधिकार अपने हाथों में ले लिया। शासनसूत्र संभालने पर उसने सम्पूर्ण भारत को मुगल साम्राज्य के अन्तर्गत लाने की योजनाएँ बनाने लगा। अकबर ने समझा कि भारत में मुगल साम्राज्य की स्थिति और प्रतिष्ठा तभी सम्भव है जब कि उसे राजपूतों का सहयोग प्राप्त रहे। राजपूतों के प्रति उसने साम, दाम, दण्ड और भेद, चारों ही नीतियों को अपनाया। पहले तो धार्मिक पक्षपात की नीति का परित्याग करके उसने राजपूत ही नहीं अपितु

अकबर

सारे हिन्दुओं की प्रियता प्राप्त की। १५६३ ई० में तीर्थ कर और १५६४ ई० में जजिया नामक कर बन्द कर दिया। हिन्दुओं और राजपूतों को सेना तथा शासन में महत्वपूर्ण तथा जिम्मेदारियों के पद दिये तथा नौकरियों तथा नियुक्तियों में भेदभाव का अन्त किया। बीरबल टोडरमल जैसे हिन्दुओं ने मुगल साम्राज्य की सुरक्षा और सुव्यवस्था के लिये महत्वपूर्ण योग दिया था।

राजपूतों से मैत्री सम्बन्ध को स्थायित्व देने के लिये अकबर ने मुगलों और राजपूतों के बीच वैवाहिक सम्बन्धों की प्रथा चलायी। उसने कई राजपूत कन्याओं का विवाह अपने बेटों से किया। स्वयं अपना भी विवाह प्रसिद्ध राजघरानों में किया। १५६२ ई० में आमेर के राजा भारमल की कन्या से अपना विवाह किया। इन वैवाहिक सम्बन्धों को मेवाड़ के शिशोदियों और रणथम्भोर के हाड़ा राजपूतों ने अवमानना की दृष्टि से देखा।

जिन राजपूतों ने न तो अकबर की स्वाधीनता स्वीकार की, न वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किया और न दरबार में जाकर नौकरियाँ ही की उनके साथ अकबर ने युद्धनीति अपनायी। उनके विरुद्ध उसने अपनी शक्ति का प्रबल प्रदर्शन किया। कभी-कभी अकबर दो स्वतन्त्र राजपूत रियासतों को भेदनीति से लड़ा देता था। फिर एक-एक करके दोनों ही रियासतों को धर दबोचता था। इन रियासतों के आधीन सामन्तों को वह विद्रोह करने के लिये बढ़ावा देता था। जरूरत पड़ने पर इन्हें स्वतन्त्र रियासतों के रूप में मान्यता भी देता था। रणथम्भोर के विरुद्ध में सुर्जन हाड़ा, मारवाड़ के विरुद्ध में राणा उदय सिंह, बीकानेर के विरुद्ध में राव कल्याणमल को इसी प्रकार प्रोत्साहन देकर उक्त राज्यों को विभक्त और विघटित किया था। राजपूतों की शक्ति कभी बढ़ने न पावे इसके लिये वह नौकरी करनेवाले राजपूतों को उनके पैतृक राज्यों से बहुत दूर नियुक्त करता था। राजपूत दुर्गों से मुसलमान सैनिकों की नियुक्तियां करता था।

अकबर का साम्राज्य विस्तार :—जब अकबर ने राज्यभार संभाला था तब उसके अधिकार में पंजाब तथा दिल्ली और बिहार के कुछ हिस्से थे। बंगाल में अफगानों का प्रभाव था और दक्षिण में बहमनी और विजयनगर प्रबल थे। गुजरात और राजस्थान पर भी मुगल शासन का कोई प्रभाव

नहीं था। किन्तु धीरे-धीरे अकबर ने विजयों द्वारा अपने साम्राज्य का विस्तार किया। उसके विजयों का इतिहास तीन काल-क्रमों में बाँटा जा सकता है।

(१) १५५८ से ७६ ई० तक जिसके बीच सिन्ध और कश्मीर को छोड़कर समस्त उत्तरी भारत को अपने आधीन किया।

(२) १५८० से ६६ ई० तक जिसके बीच उसने पश्चिम और पश्चिमोत्तर सीमा के राज्यों को नियोजित किया।

(३) १५६७ ई० से १६०१ ई० तक जिसके बीच वह दक्षिण भारत में अपने साम्राज्य विस्तार के लिये चेष्टावान् रहा।

साम्राज्य विजय के प्रथमकाल में अर्थात् १५७३ ई० तक अकबर ने कई विद्रोहों का दमन किया और राज्य जीते। १५६१—१५६२ ई० में बाज-बहादुर को पराजित करके मालवा का उपजाऊ प्रदेश अपने साम्राज्य के अन्तर्गत किया। इसी वर्ष १५६२ ई० में गोंडवाना की रानी दुर्गावती पर आक्रमण करके उसने गोंडवाना का विशाल साम्राज्य अपने आधीन किया। दुर्गावती पर अकबर द्वारा आक्रमण अकबर की साम्राज्य कामता और धन-लिप्सा का प्रमाण है क्योंकि दुर्गावती और अकबर में न तो कोई वैमनस्यता थी और न युद्ध के लिये अकबर ने कोई कारण ही बताया था। इन दो विजयों से मुगल साम्राज्य की सीमा नर्मदा नदी तक पहुँच गयी। इधर राजस्थान में भी अकबर की सेनाओं ने हलचल मचाया। मेवाड़ के प्रसिद्ध दुर्ग चित्तौड़ पर चढ़ाई करके शिशोदियों के गोरव का अपहरण किया। रणथम्भोर पर भी अकबर ने युद्ध का आतंक प्रदर्शित करके उसे अपने आधीन किया। इसके बाद अकबर ने क्रमशः जोधपुर, बीकानेर और कालींजर को भी परास्त और अधिकृत किया। बंगाल में दाऊदखाँ का प्रभाव बढ़ रहा था। उससे मुगलों की एक बार फिर टक्कर होने की सम्भावना हुई। अकबर ने एक विशाल सेना लेकर पटना, हाँसी, गढ़ी, टांडा को भी जीत कर वर्धमान के पास दाऊदखाँ को हराया। दाऊदखाँ शरणापन्न हुआ। बंगाल अकबर के आधीन हुआ। हुमायूँ के समय में ही गुजरात मुगल साम्राज्य से निकल गया था। गुजरात का पुनर्विजय मुगलों के यश और श्रीवृद्धि के लिये महत्त्वपूर्ण था। अकबर अपनी सेना के साथ गुजरात की ओर चढ़ दौड़ा तथा अहमदाबाद, कांबे, सूरत तथा पाटन आदि को जीत कर १५७३ ई० तक सम्पूर्ण गुजरात का विजय किया।

अकबर को चित्तौड़ पर एक बार फिर हमला करनी पड़ी। पहली बार

जब अकबर ने चित्तौड़ जीता था तो चित्तोड़ उदयसिंह के अधिकार में था। उदयसिंह एक कायर और भीरु राजा था। किन्तु उदयसिंह के मरने के बाद उसके उत्तराधिकारी महाराणाप्रताप ने शिशोदिया गौरव के अनुकूल राज्य-

महाराणा प्रताप

संचालन किया। राणाप्रताप ने अकबर की अधीनता न स्वीकार की और उसके साथ रोटी-बेटी का सम्बन्ध भी अपमानजनक और अप्रिय समझा।

अकबर का सचिव और सेनापति मानसिंह भी प्रताप से वैर रखता था। साम्राज्यकामी अकबर और विवेकहीन मानसिंह के संयुक्त प्रयत्न से सलीम के साथ प्रताप के विरुद्ध एक सेना भेजी गयी। महाराणा प्रताप और अकबर के बीच जो संघर्ष प्रारम्भ हुआ वह लगभग एक चौथाई शताब्दी तक चलता रहा। इस संघर्ष का इतिहास भारतीय इतिहास का गौरवपूर्ण अध्याय है। महाराणा प्रताप बड़ा ही धीर-वीर और स्वाभिमानी था। कष्ट झेल कर भी उसने अकबर की अधीनता स्वीकार न की जो उसके गौरवशाली और उत्कृष्ट मनोबल का सूचक है।

अकबर और प्रताप के बीच हल्दीघाटी में घनघोर युद्ध हुआ। आरम्भिक सफलताएँ तो प्रताप के पक्ष में थीं, किन्तु युद्ध के दिन शाम को विजयश्री अकबर के पुत्र सलीम के हाथों लगी। प्रताप की सेना हार गई। हार कर भी प्रताप नहीं हारा और अकबर से अन्तिम स्वासों तक लड़ता रहा। १५९७ ई० में प्रताप की मृत्यु हो गयी। उसके बाद उसका पुत्र अमरसिंह अकबर से संघर्ष करने में अपने को पिता की तरह समर्थ न पाया। अकबर और अमरसिंह में सन्धि हो गयी।

मेवाड़ और बंगाल से छुट्टी पाने पर अकबर की दृष्टि काबुल और कन्धार की ओर गयी। बीरबल औरमानसिंह को भेजकर धीरे-धीरे उसने काबुल, कश्मीर, कन्धार, सिन्धु, यूसुफजोई तथा बदखसां तक के क्षेत्र को अधिकृत किया। काबुल में उसे जो सफलता मिली उसका परिणाम यह हुआ कि अफगानी जातियाँ निर्मूल हो गयीं। उसने उड़ीसा को भी अपने अधीन किया। इससे सम्पूर्ण उत्तरी भारत पर उसका प्रभाव व्याप्त हो गया।

१५९१ ई० के बाद अकबर ने दक्षिण के राज्यों, जिनमें गोलकुण्डा और बिजापुर प्रधान थे, की ओर ध्यान दिया। गोलकुण्डा की रियासत पर धावा करके अकबर ने असीरगढ़ का महत्त्वपूर्ण दुर्ग अपने आधीन कर लिया। इसके बाद उसने असीरगढ़ को घेर लिया। असीरगढ़ के बाद उसने अहमदनगर को जीता। इन विजयों से अकबर के साम्राज्य का अङ्ग खान-देश तक का हिस्सा हो गया।

अकबर का शासन-प्रबन्ध :— अकबर का विशाल साम्राज्य १५ सूबों में बँटा था। सूबों की छोटी इकाइयाँ सरकार और परगना थीं। केन्द्रीय सरकार कई विभागों में बँटा हुआ था। पहला विभाग कर और कोष का प्रबन्ध करता था, दूसरा विभाग राजा तथा राजमहल की व्यवस्था करता था। सैनिकों को वेतन बख्शी देता था। चौथा विभाग फौजदारी का था, पाचवाँ विभाग वक्फ और दान सम्बन्धी कार्यों की देखभाल करता था। छठा विभाग मुफसिल के अधीन था जो प्रजा के नैतिक हितों की रक्षा करता था।

इनके अतिरिक्त तोपखाने का विभाग था। डाक की व्यवस्था दारोग-ये-डाकचौकी और कारखाने की देखभाल दारोगाखाने सामान करता था। प्रान्तीय शासन की व्यवस्था केन्द्रीय सरकार के नमूने पर होती थी। गांवों में पंचायतें थी जिन्हें काफी अधिकार मिला था। प्रान्तों का प्रमुख शासक सूबेदार कहलाता था, जिसके अधीन पूरे प्रान्त की सुरक्षा थी। दीवान, सूबेदार के साथ काम करता था जो माल और कर-व्यवस्था की देखभाल करता था। प्रान्तों के अन्य कर्मचारी फौजदार, तहसीलदार और अमीन थे। शहरों और नगरों का प्रधान कर्मचारी कोतवाल था। राज्यभर की गुप्त सूचनाएँ शासन को वाकियनवीस और खोफियानवीस से मिलती थी। कर उगाहने का कार्य क्रोरी करता था। टोडरमल माल विभाग का केन्द्रीय अधिकारी था जिसने सम्पूर्ण करद भूमि को बांस के कट्ठों से नपवा डाला था। उसने धरती की उर्वरता का ध्यान करके मालगुजारी भी निश्चित की थी जो सामान्य उपज का $\frac{१}{३}$ था। नापने और कर निश्चित करने का क्रम प्रति दसवें वर्ष दुहराया जाता था। इसे दस-साला बन्दोबस्त कहते थे। किसानों से अनुचित नजराना या भेंट नहीं ली जाती थी। कृषकों को कृषि के लिये आर्थिक सहायता भी दी जाती थी।

अकबर अपनी धर्मनीति के लिये विशेष विख्यात है। अकबर मुसलमान था किन्तु अन्य सम्प्रदायों के प्रति राजनीतिक और व्यक्तिगत कारणों से वह बड़ी उदारता प्रदर्शित करता था। उसने गोहत्या बन्द कर दी थी, बलपूर्वक धर्मपरिवर्तन को भी अपराध घोषित किया था, मंदिरों को न तोड़ने की नीति अपनायी और सती प्रथा को रोकने की भी चेष्टा की। अकबर का नाम

दीनइलाही से सम्बद्ध है। दीनइलाही में एकेश्वरवाद की मान्यता थी और सब धर्मों के प्रति उदारतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाने को श्रेयस्कर कहा गया था। दीनइलाही के अन्तर्गत आचरण सम्बन्धी नैतिक नियम भी था। निरामिष भोजन करना, भोजन के लिये जीवहिंसा न करना, इन्द्रियनिग्रह, कर्म के प्रभाव का चिंतन, सद्व्यवहार आदि पर विशेष बल दिया जाता था। दीनइलाही के माननेवाले को सम्राट् के प्रति श्रद्धा करनी पड़ती थी और अकबर को धर्मगुरु मानना पड़ता था। वर्षगांठ के दिन लोगों से मिलना-जुलना, प्रीतिभोज आदि का महत्व था। पारसी-धर्म के प्रभाव से सूर्य और अग्नि की पूजा होती थी।

दीनइलाही का उद्देश्य सभी धर्म का समन्वय करना तो था ही, किन्तु इसके साथ-साथ यह भी था कि अकबर दीनइलाही की आड़ में सम्राट् के साथ ही साथ धर्मगुरु भी बनना चाहता था। दीनइलाही को इसी कारण कोई लोकप्रियता न मिली और इसकी दीक्षा अकबर के मित्रों, चापलूसों, मुसाहिबों के अतिरिक्त अन्य लोगों ने न ली।

प्रश्न

१. अकबर को महान् क्यों कहते हैं ?

२. अकबर के विजयों और शासन प्रबन्ध का वर्णन कीजिये।

३. अकबर की धार्मिक नीति क्या थी ? सिद्ध कीजिये कि उसका दृष्टिकोण राष्ट्रीय था।

अध्याय ६

जहाँगीर और शाहजहाँ

जहाँगीर :—अकबर १६०५ ई० में मरा। उसका उत्तराधिकारी सलीम था जो जहाँगीर के नाम से गद्दी पर बैठा। अपने पिता की तरह उदार और प्रतिभाशाली न होते हुये भी यह मुगल साम्राज्य को योग्यतापूर्वक सँभाले रहा। इसने लगभग २२ वर्षों तक राज्य किया। मुगल साम्राज्य का विघटन इसी के समय से प्रारम्भ हो गया। १६२० ई० में जहाँगीर ने खुर्रम को भेज कर नगरकोट का विजय किया। अहमदनगर के राज्य से वहाँ के मालिक अम्बर के विरुद्ध कई युद्ध किये। इस युद्ध से अहमदनगर काफी कमजोर पड़ गया। मेवाड़ पर उसका स्थायी अधिकार हो गया। काँगड़ा की विजय भी जहाँगीर की महत्त्वपूर्ण सफलता थी। किन्तु १६२२ ई० में कन्धार हाथ से निकल गया। शासन के अन्तिम दिनों में जहाँगीर के पुत्र खुर्रम ने विद्रोह कर दिया था जिससे मरने के कुछ दिन पूर्व तक उसकी मानसिक और शारीरिक स्थिति खराब थी।

जहाँगीर

जहाँगीर के विषय में कहा जाता है कि वह बड़ा न्यायप्रिय था और आगरे में राज-महल के घण्टे से सम्बद्ध एक जंजीर लटका दी थी जिसे कोई भी फरियादी खींचकर बादशाह को अपनी शिकायतें सुना सकता था। वह

परम विलासी भी था। उसकी रानी नूरजहाँ उस पर पूरी तरह से हावी थी तथा जहाँगीर को शराब के प्यालों में उलझा कर खुद राजकाज देखती थी। नूरजहाँ का राजनीति और राजकाज में इस तरह से प्रभाव बढ़ गया था कि राज-दरबार नूरजहाँ की चालों से ऊबकर षडयन्त्रों का अड्डा-सा बन गया था। शाहजहाँ और महावत खाँ ने जहाँगीर के प्रति विद्रोह नूरजहाँ के कारण किया था। जहाँगीर की धार्मिक अनुदारता ने सिक्खों को मुगलों का स्थायी दुश्मन बना लिया। इसने निरपराध गुरु अर्जुन देव को फाँसी दी थी। जहाँगीर की मृत्यु लाहौर में १६२७ ई० में हुई।

शाहजहाँ :—जहाँगीर का तीसरा पुत्र खुर्रम, शाहजहाँ के नाम से १६२८ ई० में मुगल साम्राज्य क अधिष्ठाता बना। अन्य भाइयों की अपेक्षा यह चतुर, सदाचारी और राजनीतिज्ञ था। गद्दी पर बैठते ही बुन्देलों ने विद्रोह कर दिया जिसका दमन शाहजहाँ ने सफलतापूर्वक किया। कुछ दिनों बाद १६३५ई० में बुन्देलों के सरदार जुझार सिंह ने दोबारा विद्रोह किया। इस बार फिर शाहजहाँ को जुझार सिंह के विरुद्ध सफलता मिली। १६३० ई० में मालवा के खानजहाँ के विद्रोह का भी उसने सफलतापूर्वक दमन किया। अगले वर्ष बंगाल के हाकिम कासिम खां को उसने हुगली के अत्याचारी पुर्तगालियों के विरुद्ध नियुक्त किया। करीब-करीब चार मास के घेरे और भीषण नरसंहार के बाद कासिम द्वारा पुर्तगाली सर किये गये।

शाहजहां

इन छोटे-मोटे विद्रोहों के बाद शाहजहाँ ने अपनी दृष्टि दक्षिण की ओर दौड़ाई। उसे इसका अवसर भी मिल गया। मुगल सरदार खानजहाँ के विद्रोह

में सहायक दक्षिण की जो भी रियासतें थीं उनके प्रति शाहजहाँ ने कड़ा रुख अपनाया। अहमदनगर इनमें प्रधान था। १६३३ ई० में अहमदनगर रियासत के शेष भाग पर अधिकार कर लिया गया। इस प्रकार अकबर का शेष काम शाहजहाँ ने पूरा किया तथा सम्पूर्ण अहमदनगर मुगल सल्तनत का अङ्ग बन गया। दक्षिण की दो रियासतों, गोलकुण्डा और बीजापुर को भी उसने अपने अधीन बनाया। दक्षिण से छुट्टी पाते ही उसकी दृष्टि कन्धार की ओर गयी। कन्धार का दुर्ग जहाँगीर के समय में ही मुगल साम्राज्य से निकल गया था। वहाँ के किलेदार अलीमर्दा खाँ को अपने पक्ष में करके कन्धार पर अधिकार कर लिया। किन्तु कुछ ही समय बाद ईरानियों ने कन्धार का किला मुगलों से छीन लिया। १६४६, १६५२ और १६५३ ई० में शाहजहाँ ने कन्धार को जीतने के लिये पुनः धावे करवाये, किन्तु उसे सफलता न मिली और कन्धार का किला ईरानियों के ही अधिकार में बना रहा। १६४३ ई० में शाहजहाँ ने एक सेना बदख्शां पर अधिकार करने के लिये भेजी। १६४६ ई० में बदख्शां पर शाहजहाँ का अधिकार हो भी गया। किन्तु स्थानीय विद्रोहों के कारण शाहजहाँ का शासन वहाँ जम न सका और १६४७ ई० में मुगलों की सेना वहाँ से वापस लौट आयी। कन्धार और बदख्शां की असफलताओं से मुगल साम्राज्य के अपार धन की हानि हुई और प्रतिष्ठा घटी। अकेले कन्धार के युद्धों पर शाहजहाँ को बारह करोड़ रुपया खर्च करना पड़ा था जो पूरे साम्राज्य की एक वर्ष की आधी आमदनी थी।

उत्तराधिकार का युद्ध

शाहजहाँ के जीवन के अन्तिम ५ वर्ष बड़े कष्ट से बीते। इसका प्रधान कारण उसके पुत्रों का उत्तराधिकार के लिये आपसी युद्ध था। शाहजहाँ के चार लड़के दारा, शुजा, मुराद और औरंगजेब थे। इन चारों में साम्राज्य प्राप्त करने की होड़ थी। दारा को शाहजहाँ बहुत चाहता था और इसे अपना उत्तराधिकारी घोषित कर चुका था। १६५७ ई० में शाहजहाँ बीमार पड़ा। इसके बिमार पड़ते ही शुजा ने बंगाल में अपने को स्वतन्त्र घोषित कर दिया और शाहजहाँ का उत्तराधिकारी बनने का दावा किया। अहमदाबाद में मुराद ने भी इसी का अनुकरण किया और अपने को स्वाधीन घोषित किया। दारा अपने पिता के पास आगरे में ही था। औरंगजेब मौके की ताक में दक्षिण में पड़ा-पड़ा

अपने अन्य भाइयों के पतन की राह देख रहा था'। औरंगजेब ने मुराद से मिल-कर यह ढोंग रचा कि वह राज-पाट तो चाहता नहीं, चाहता तो वह केवल इतना है कि दारा जैसा काफिर मुगल सल्तनत का स्वामी न बन सके। औरंगजेब ने मुराद से सांठ-गांठ करके आगरे की ओर अभियान किया। यशवंत सिंह और कासिम खाँ मुराद और औरंगजेब को रोकने के लिए दक्षिण भेजे गये। धर्मत के पास १५ अप्रैल १६५८ ई० में दोनों प्रतिद्वन्द्वी सेनाओं में मुठभेड़ हुई और शाही सेना हार गई। औरंगजेब और मुराद उज्जैन होकर आगे बढ़े। शुजा बंगाल से आगरे की ओर आ रहा था। जयसिंह के प्रयत्न से बहादुर गढ़ के लगभग शुजा पराजित हो गया और तुरन्त बंगाल की ओर भाग गया। औरंगजेब और मुराद की जो सेना आगरे की ओर आ रही थी उसका सामना दारा ने सामूगढ़ के लगभग किया। दारा पराजित हुआ और आगरे की ओर भगा। आगरे का किला औरंगजेब ने घेर लिया। उसने किले में प्रविष्ट होकर शाहजहाँ को कैद कर लिया। दारा दिल्ली की तरफ भाग गया था। मुराद को लेकर औरंगजेब आगरे से दिल्ली की ओर गया। मथुरा के पास औरंगजेब ने मुराद को भी कैद कर लिया तथा उसे प्राण-दण्ड दिया। औरंगजेब के सैनिक दारा का पीछा करते हुये लाहौर की ओर गये। इधर फतेहपुर जिले में खजवा के पास औरंगजेब ने शुजा को हराकर भगा दिया। शुजा भागकर राजमहल की पहाड़ियों में लुप्त हो गया। दारा भी जगह-जगह भटकता हुआ अंत में बोलन दर्रे के पास दादर नामक स्थान पर पकड़ा गया। औरंगजेब ने दारा को दिल्ली लाकर ३० अगस्त १६५६ ई० को अपमानित करके कत्ल कर दिया। इस प्रकार उसने अपने तीनों भाइयों को परास्त किया। औरंगजेब २१ जुलाई १६५८ ई० को शाहजहाँ की गद्दीपर बैठ चुका था। शाहजहाँ आगरे के किले में कैद की हालत में ७४ वर्ष की अवस्था में २२ जनवरी १६६६ ई० में मरा।

प्रश्न

१. जहाँगीर के शासन काल का संक्षिप्त वर्णन कीजिये।
२. शाहजहाँ के उत्तराधिकार का वर्णन कीजिये।
३. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :—नूरजहाँ, दारा।

अध्याय १०

मराठा साम्राज्य की स्थापना और शिवाजी

मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी थे। शिवाजी के पूर्व मराठे दक्षिण के सुल्तानों के यहाँ नौकरियाँ करते थे। शिवाजी के पिता शाहजी भोसले भी अच्छे राजनीतिज्ञ थे और अहमदनगर और बीजापुर के साथ और मुगलों के बीच होनेवाले युद्धों में भाग ले चुके थे।

शिवाजी :—शिवाजी का जन्म १० अप्रैल १६१७ ई० में शिवनेरी के दुर्ग में हुआ था। शिवाजी की माता जीजाबाई असाधारण स्त्री थीं। इन्होंने अपने पुत्र शिवाजी का लालन-पालन बड़ी योग्यता से किया तथा बचपन में पौराणिक और ऐतिहासिक वीरों की गाथाओं को सुना कर शिवाजी को वीर और स्वाभिमानी बनने के लिए प्रेरित किया। दादा जी कोंणदेव से शिवाजी को सैनिक शिक्षा मिली थी। वे बहुश्रुत और योग्य थे। धर्म-नीति और शासन-नीति का उन्होंने अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया था। उनका आचरण उच्चकोटि का था।

शिवाजी

१८ वर्ष की अवस्था में ही उन्होंने स्वतन्त्र राज्य स्थापित करने का इरादा कर लिया था। १६३७ ई० के बाद उन्होंने इस दिशा में प्रयास किया। १६४६ ई० में ही शिवाजी ने बीजापुर से तोरण का दुर्ग छीन लिया। इसके बाद चाकन, पुरन्दर आदि के किलों पर अधिकार करके कोंकण और कल्याणपर भी अधिकार कर लिया। शिवाजी की इन काररवाइयों से बीजापुर के दरबार में खलबली मच गयी और बीजापुर के शाह आदिलशाह ने शिवाजी के पिता

को कैद कर लिया। इस कारण कुछ दिन शिवाजी शान्त रहे। १६५५ ई० में शिवाजी पुनः सक्रिय हुये और जावली राज्य पर अधिकार कर लिया। १६५७ ई० में बीजापुर दरबार से अफजल खाँ शिवाजी के विरुद्ध भेजा गया। अफजल खाँ धोखे से शिवाजी की हत्या करना चाहता था। किन्तु शिवाजी सतर्क थे फलतः अफजल खाँ स्वयं मारा गया। इससे मराठों का हौसला बढ़ गया और मराठों ने पंढालगढ़ के दक्षिण में कृष्णा नदी तक अधिकार कर लिया। १६६२ ई० तक बीजापुर दरबार ने शिवाजी को पराजित करने के लिये कई चेष्टाएँ कीं जो विफल रहीं। अन्त में बीजापुर के सुल्तान को अपने साम्राज्य का बहुत सा अंश गँवा कर शिवाजी से सन्धि कर लेनी पड़ी।

शिवाजी की गतिविधियों से मराठों का स्वतन्त्र साम्राज्य खड़ा हो गया। मराठों का यह उत्कर्ष औरंगजेब के लिये खतरा था। अतएव १६६० ई० में औरंगजेब ने शिवाजी का दमन करने के लिए शाइस्ता खाँ को भेजा। शाइस्ता खाँ को पहले तो थोड़ी-बहुत सफलता मिली किन्तु मराठों के छापामार युद्धों के कारण उसे बहुत परेशान होना पड़ा। १६६३ ई० में शाइस्ता खाँ जब कि पूने में ठहरा हुआ था तो शिवाजी ने शाइस्ता खाँ पर हमला कर दिया और शाइस्ता खाँ को पराजित करके पूना से खदेड़ दिया। १६६४ ई० में शिवाजी ने सूरत पर अधिकार किया जहाँ से उसे बहुत धन मिला। शिवाजी से औरंगजेब बहुत परेशान हो गया। अन्त में उसे शाहजादा मुअज्जम, दिलेर खाँ और मिर्जा राजा जयसिंह को दक्षिण भेजना पड़ा। जयसिंह के प्रयत्न से शिवाजी और मुगलों में सन्धि हो गयी। शिवाजी औरंगजेब के निमन्त्रण पर १६६६ ई० में आगरा लाये गये। किन्तु औरंगजेब ने अपने वचन के अनुसार शिवाजी का स्वागत नहीं किया जिससे शिवाजी खिन्न हुये। औरंगजेब ने शिवाजी को नजरबन्द कर लिया। शिवाजी औरंगजेब के पहरेदारों को चकमा देकर नज़रबन्दी से निकल भागे। स्वयं मथुरा, बंगाल, उड़ीसा और गोंडवाना होते हुए किसी प्रकार मराठों से मिल गये। इस घटना से शिवाजी और औरंगजेब के बीच खुला युद्ध छिड़ गया। धीरे-धीरे शिवाजी ने मुगल साम्राज्य पर आक्रमण करते हुये एक विशाल मराठा साम्राज्य खड़ा कर दिया। १६७४ ई० में रायगढ़ में शिवाजी ने अपना अभिषेक किया। इस समय शिवाजी

का राज्य पश्चिमी घाट और कोंकण में कल्याण से गोवा तक था। उत्तर और पूर्व में बगलाना तक और दक्षिण में नासिक और पूना तक था। इसके

अतिरिक्त मृत्यु से कुछ दिन पहले उन्होंने दक्षिण में समस्त पश्चिमी कर्नाटक

पर अधिकार कर लिया था। यह अंश बेलगांव से लेकर तुंगभद्रा नदी तक था जो आजकल के मद्रास प्रान्त के बेलारी जिले के पास पड़ता है।

शिवाजी का शासन प्रबन्ध :—शिवा जी विजेता के साथ-साथ शासन-कुशल भी थे। उनके शासन की सबसे बड़ी विशेषता एक मंत्रिपरिषद की स्थापना थी जिसे अष्ट-प्रधान कहते थे। अष्ट-प्रधान मंत्रिपरिषद में प्रधान मंत्री या पेशवा, अर्थ मंत्री या अमात्य, मंत्री अथवा वाकयानवीस, सचिव सामंत, सेनापति, पण्डितराव तथा दानाध्यक्ष, और न्यायाधीश थे। पेशवा प्रधान मंत्री था जो राजा की अनुपस्थिति में राजा का प्रतिनिधित्व भी करता था। अर्थ मंत्री का काम सरकारी आय-व्यय का हिसाब रखना और राजा की वैयक्तिक सुविधाओं का प्रबन्ध करना था। सचिव राजकीय पत्रों को लिखवाता, मोहर करवाता और भेजता था। यही महाल और परगनों की आय-व्यय का हिसाब भी रखता था। सामंत वैदेशिक मामलों का जिम्मेदार था और सेनापति का काम सैनिक संगठन और संचालन था। दान तथा धार्मिक हितों की रक्षा का कार्य पण्डितराव तथा दानाध्यक्ष करता था। न्यायाधीश दीवानी तथा फौजदारी मामलों का निबटारा करता था। इन मन्त्रियों को वेतन जागीरदारी के रूप में नहीं दिया जाता था बल्कि नकद मिलता था। शिवाजी का साम्राज्य तीन प्रान्तों में बँटा था। प्रत्येक प्रान्त सूबा कहलाता था जो एक सूबेदार के अधीन होता था। शिवाजी का सैनिक संगठन और किलों की व्यवस्था सुन्दर थी। उनके राज्य में २४० किले थे। प्रत्येक किले में हवलदार और सरई नौबत नियुक्त थे। दुर्ग के आस पास पटवारी नियुक्त होते थे। शिवा जी के पास एक बहुत बड़ी स्थायी सेना थी जिसमें १० हजार पैदल, तीस हजार घुड़सवार, १२०७ हाथी, ३ हजार ऊँट और ५०० तोपें थीं। घुड़सवार सेना मराठा सेना की प्रमुख अंग थी। सैनिकों को वेतन नकद दिया जाता था। शिवा जी के पास एक जलसेना भी थी। शिवाजी को युद्धों में बहुत धन खर्च करना पड़ता था इसलिये उन्होंने भूमि सम्बन्धी कुछ सुधार भी किये थे। शिवा जी ने जागीरदारी प्रथा तोड़ दी और ठेके पर भी जमीनों का देना बन्द कर दिया। राज्य की सम्पूर्ण भूमि पर राज्य का स्वामित्व होता था। राज्य अपनी ओर से उसे कृषि

कर्म के लिये किसानों को देता था। इस प्रथा को रैयतवाड़ी कहते थे। सम्पूर्ण भूमि नाप डाली गयी थीं और कर उपज का ३० या ४० प्रतिशत निश्चित कर दिया गया था। किसानों को सुविधायें भी मिलती थीं। पड़ोसी राज्यों से शिवाजी चौथ और सरदेशमुखी वसूल करते थे। चौथ आय का चतुर्थांश होता था। सरदेशमुखी और चौथ पड़ोसी राज्यों से बलात् वसूला जाता था। इन करों को कोई नैतिक आधार प्राप्त नहीं था। कालान्तर में इन करों की आड़ में मराठों ने बड़ी लूट पाट की।

शिवाजी की मृत्यु १६८० ई० में हुई। शिवाजी के उत्तराधिकारी योग्य न थे। शिवा जी का पुत्र अयोग्य और विलासी था। उसके शासन-काल में मराठों का नैतिक बल भी नष्ट होता गया। १७१३ ई० में शिवा जी के वंशधरों की अपेक्षा पेशवाओं का प्रभाव बढ़ा। बाला जी विश्वनाथ प्रथम प्रभावशाली पेशवा थे। इन्होंने पूना को मराठा राज्य का केन्द्र बनाया और शिवाजी के पोते साहु जी को एक छोटी सी रियासत देकर स्वयं मराठा साम्राज्य का वास्तविक उत्तराधिकारी बन गया।

प्रश्न

१. सिद्ध कीजिये कि शिवाजी मराठा साम्राज्य के संस्थापक थे।

२. शिवाजी के चरित और कार्यों पर प्रकाश डालिये।

३. शिवाजी के शासन प्रबन्ध पर नोट लिखिए।

अध्याय ११

औरंगजेब और मुगल साम्राज्य का पतन

औरंगजेब मुगलों का अन्तिम प्रसिद्ध बादशाह था। यह चतुर राजनीतिज्ञ और कट्टर सुन्नी मुसलमान था। धार्मिक उदारता इसमें बिल्कुल न थी तथा इसकी शासन नीति अत्यन्त संकीर्ण थी। इसकी नीतियों और धार्मिक पक्षपात के कारण इसका शासन हिन्दुओं में लोकप्रिय न था जिससे मुगल शासन के विरोध में सिक्खों, राजपूतों और मराठों के विद्रोह होने लगे। प्रजा के प्रति भी उसका दृष्टिकोण उदार न था। शासन सूत्र सम्हालते समय उसने कर-व्यवस्था में अनेक परिवर्तन किए। औरंगजेब ने मीर जुमला के द्वारा आसाम पर १६६१ ई० में आक्रमण किया। किन्तु उसे सफलता न मिली। आसाम के जलवायु और प्राकृतिक स्थिति के कारण औरंगजेब को विशेष हानि उठानी पड़ी। दक्षिण में भी लगातार उपद्रव हो रहे थे और मराठों की शक्ति बढ़ने से मुगल सल्तनत को लगातार क्षति उठानी पड़ रही थी। औरंगजेब ने बीजापुर और गोलकुण्डा के मुस्लिम शासकों से मिलकर शिवाजी का दमन करना चाहा, किन्तु औरंगजेब को इस प्रयत्न में सफलता न मिल सकी। शिवाजी के जीवन-काल में औरंगजेब के सैनिक शिवाजी से कई बार टकरा कर भी शिवाजी का कुछ बिगड न सके। शिवाजी के मरने के बाद औरंगजेब स्वयं

औरंगजेब

दक्षिण गया और मराठों की शक्ति को कुचलने की असफल चेष्टाएँ करता रहा। औरंगजेब की दक्षिण नीति नितांत असफल थी। इसी प्रकार औरंगजेब को अफगानों के विरुद्ध भी कोई विशेष सफलता न मिली। औरंगजेब की दक्षिण नीति केवल बीजापुर और गोलकुण्डा के प्रति ही सफल कही जा सकती है। ये दोनों रियासतें क्रमशः १६७२ और १६८७ई० में मुगलों के अधीन हुई थीं। पश्चिमोत्तर सीमा प्रान्त के नगरों में फँसकर औरंगजेब को प्रभूत धन और जन की हानि उठानी पड़ी। राजपूतों से भी औरंगजेब का सम्बन्ध अच्छा नहीं था। सीमांत युद्धों में महाराज यशवन्तसिंह का देहांत हो जाने के बाद औरंगजेब ने मारवाड़ पर अधिकार कर लिया और वहाँ के मन्दिरों को तोड़-फोड़ डाला। यशवन्तसिंह का उत्तराधिकारी अजीत सिंह था जो अबोध बालक था। औरंगजेब के द्वारा अजीतसिंह कैद कर लिया गया। दुर्गादास ने अजीतसिंह को तथा यशवन्तसिंह की दो विधवा रानियों को औरंगजेब के चंगुल से मुक्त करवाया और जोधपुर पहुँचा दिया। इस घटना के बाद औरंगजेब और राजपूतों में खुला युद्ध छिड़ गया। मेवाड़ भी इस युद्ध में शामिल हुआ औरंगजेब ने मारवाड़ पर धावा कर दिया और मारवाड़ का सर्वनाश कर दिया। मेवाड़ के राणा भी पराजित हुये। औरंगजेब ने उदयपुर और चित्तौड़ के मन्दिरों को तोड़ा और भ्रष्ट किया। १६८१ ई० में मेवाड़ के राणा जयसिंह और मुगलों में फिर सन्धि हो गयी। किन्तु दुर्गादास की अधीनता में राठौरों ने विद्रोह जारी रखा। राजपूतों के विरुद्ध औरंगजेब का यह रुख बड़ा ही गलत था जिसका परिणाम यह हुआ कि राजपूत, जिन्हें मुगल साम्राज्य का स्तम्भ भी कहा जा सकता है, मुगलों के विरोधी हो गये।

औरंगजेब का हिन्दुओं के प्रति कपटपूर्ण व्यवहार था और वह हिन्दुओंके प्रति प्रजावत् व्यवहार न करता था। नये मन्दिरों के निर्माण पर उसने रोक लगा दी थी। पुराने मन्दिरों को तोड़ कर मस्जिदों में बदल दिया था। मन्दिरों में गो-वध कराये थे। काशी में विश्वनाथ का मन्दिर, मथुरा में केशव राय का मन्दिर और काठियावाड़ में सोमनाथ का मन्दिर उसी के द्वारा तोड़ा गया था। हिन्दू मात्र पर उसने जजिया लगाया तथा तीर्थकर वसूले। इस्लाम धर्म को वरीयता दी तथा इस्लामी रीति रिवाजों का ही कानूनी रूप दिया।

औरंगजेब की इस प्रकार की अविवेकपूर्ण नीति के कारण बहुत से हिन्दू औरंगजेब के शत्रु हो गये। १६६६ ई० में जाटों ने बड़ा प्रबल विद्रोह किया। जाटों के विरुद्ध औरंगजेब की दमन नीति कारगर न हुई। जाटों की मार का परवर्ती मुगलों पर बुरा प्रभाव पड़ा। १६७२ ई० में मेवात के सतनामी साधुओं का विद्रोह हुआ, जिसे दमन करने में औरंगजेब को बड़ी कठिनाइयाँ उठानी पड़ीं।

१७०७ ई०में औरंगजेब की मृत्यु हो गयी। उसके उत्तराधिकारी अयोग्य थे। साम्राज्य की सुरक्षा के लिये उसने मुगलसाम्राज्य अपने तीन पुत्रों में बाँट दिया था। किन्तु उसके पुत्रों में फिर भी संघर्ष हुआ। अन्त में उसका एक पुत्र जिसका नाम मुअज्जम था बहादुरशाह के नाम से गद्दी पर बैठा। उसका शासन काल केवल ५ वर्षों तक ही सीमित रहा। इस छोटी सी अवधि में बहादुरशाह ने सिक्खों, राजपूतों और मराठों से सन्धि करके मुगलसाम्राज्य को विघटित होने से रोकने की चेष्टा की थी। उसका उत्तराधिकारी जहाँदार शाह था जो मूर्ख और विलासी था। इसे मार कर १७१३ ई० में इसका भतीजा फर्रुखशियर गद्दी पर बैठा। इसकी भी १७१९ ई० में हत्या कर दी गयी। इसके समय में दो अमीर अब्दुला और हुसेन अली बड़े प्रबल उठे थे, जो फर्रुखशियर की उपेक्षा करते थे। फर्रुखशियर इन्हीं के षड्यंत्रों का शिकार बना था। अब्दुला और हुसेन अली सैयद थे। इनके द्वारा दिल्ली की गद्दी पर कई बादशाह बैठाये और उतारे गये। १७१९-१७४८ ई० तक दिल्ली पर मुहम्मदशाह का शासन था। इसने सैयद भाइयों पर तो काबू पा ली थी किन्तु यह साम्राज्य की सुरक्षा न कर सका। इसी के समय में नादिरशाह का हमला हुआ, जिसने मुगल साम्राज्य की जड़ें और भी खोखली कर दीं। मुहम्मदशाह के बाद अहमदशाह, आलमगीर द्वितीय और शाहआलम ने मुगलसल्तनत सँभाली। शाहआलम नाममात्र का राजा था। १७६१ ई०में अहमदशाह अब्दाली का आक्रमण दिल्ली पर हुआ। इसका कुप्रभाव यह हुआ कि शाहआलम स्वयं भी अहमदशाह अब्दाली का आश्रित हो गया। अत्यन्त दीन और हीन परिस्थिति में १८०६ ई० में यह मरा। बहादुरशाह अन्तिम मुगल बादशाह था जो १८६२ ई० में अंगरेजों का कैदी बनकर मरा। इसने १८५७ ई० के प्रथम स्वातंत्र्य युद्ध में भाग लिया था।

मुगल साम्राज्य के पतन के कारण :—औरंगजेब के मरते ही सारा मुगल साम्राज्य विघटित होने लगा। इसके लिये उसके अयोग्य उत्तराधिकारी भी बहुत बड़े जिम्मेदार हैं। औरंगजेब स्वयं भी अपनी धार्मिक कट्टरता के कारण मुगल साम्राज्य की सुरक्षा करने में असमर्थ था। जिसने मुगल साम्राज्य के विश्वस्त मित्र राजपूत जाति की अप्रियता प्राप्त कर ली। उसकी धार्मिक संकीर्ण नीति का कुपरिणाम हिन्दू तथा सिक्खों के मन पर बहुत पड़ा। बुन्देलों ने औरंगजेब के प्रति विद्रोह करके छत्रसाल के अधीन एक नये स्वतंत्र राज्य को जन्म दे दिया था। मथुरा में औरंगजेब द्वारा किये गये धार्मिक अत्याचार की भीषण प्रतिक्रिया जाटों पर पड़ी। जाट मुगलों के शत्रु हो गये। चूडामन द्वारा भरतपुर में नये जाट राजवंश ने मुगल साम्राज्य के राजनीतिक वैभव को बहुत घटा दिया था। औरंगजेब के बाद के सभी शासक दरबारी गुटबन्दी के शिकार थे। हिन्दुस्तानी, तूरानी और ईरानी, ये प्रमुख तीन गुट थे जो समय समय पर अपने प्रभाव को बढ़ाकर सम्राट को कमजोर करते रहे। फर्रुखशियर के समय में हिन्दुस्तानी दल के सरदार तो 'राजाओं के निर्माता' कहे जाते थे। इन गुटों के द्वारा अपने अपने सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण पदों पर रखे जाते थे, जो शासनयन्त्र को अवरुद्ध किये रहते थे। इनसे विदेशी आक्रमणों को भी बढ़ावा मिलता था। इन विदेशी आक्रमणों में नादिरशाह और अहमदशाह के आक्रमण बड़े कुख्यात थे जिनसे देश का प्रभूत धन विदेश चला गया। इन्हीं आक्रमणों से जब राजकोष खाली हो गया और मुगल बादशाहों की प्रतिष्ठा बहुत घट गयी तो जगह जगह विद्रोह होने लगे। निजामुलमुल्क जो मुहम्मदशाह का प्रधानमन्त्री था, हैदराबाद में स्वतन्त्र हो उठा और निजाम राज्य की नींव पड़ी। जयपुर और जोधपुर के नेतृत्व में सारा राजस्थान भी स्वतन्त्र हो गया। भरतपुर में जाटों की रियासतें खड़ी हुईं तथा इसी प्रकार कोटा और बूँदी भी स्वतन्त्र हो गये। बंगाल में अलीवर्दी खाँ और अवध में सआदत खाँ ने स्वतन्त्र नवाबी राज्य स्थापित किये। मराठों ने मालवा, गुजरात और मध्यभारत के बहुत बड़े हिस्से पर अधिकार कर लिया था। रुहेलखण्ड में रुहेले प्रबल थे। अन्तिम बादशाहों में कुछ तो मराठों और रुहेलों के हाथ की कठपुतली बन गये थे।

दोषपूर्ण सैन्य-व्यवस्था और उत्तराधिकार का अनिश्चित नियम भी मुगल साम्राज्य के पतन के लिये जिम्मेदार हैं। इन दोषों का कुपरिणाम अकबर के समय से ही पड़ता आ रहा था। उत्तराधिकार-युद्ध और इसके लिये हुये विद्रोहों से मुगल शासन बड़ा अप्रिय था तथा इससे सरदारों में भी फूट फैलती थी। बादशाहों को अनावश्यक रीति से इन घरेलू झगड़ों में फँसे रहना पड़ता था और वे अपने ही स्वजनों से तबाह रहते थे। कभी कभी तो इनके विद्रोहों से साम्राज्य के विनष्ट तक हो जाने की सम्भावना उठ खड़ी होती थी।

प्रश्न

१. औरंगजेब की धार्मिक नीति क्या थी? उसका हिन्दुओं पर क्या प्रभाव पड़ा?

२. सिद्ध कीजिये कि औरंगजेब की धार्मिक नीति ने मुगल साम्राज्य की जड़ें खोखली कर दी।

३. मुगल साम्राज्य के पतन के कारणों पर प्रकाश डालिये।

अध्याय १२

मध्यकालीन समाज और संस्कृति

भारतीय समाज पर इस्लाम धर्म का व्यापक प्रभाव पड़ा। आठवीं शती ईसवी के पूर्व जो जो विजातीय तत्त्व भारतीय समाज में आते गये यहाँ के समाज और संस्कृति में समाहित होते गये। किन्तु इस्लाम धर्मावलम्बियों की, जिनमें अरब, तुर्क, अफगान और मुगल प्रमुख थे, यहाँ के धर्म और संस्कृति में वह अभिरुचि उत्पन्न न हुई जो यवन, शक, कुषाणादि जातियों की हुई थी। अरब, तुर्क और अफगान आक्रमणकारी तो यहाँ के धर्म, समाज और संस्कृति के कट्टर शत्रु थे तथा उनके भारत-आक्रमण का सैद्धान्तिक उद्देश्य भी हिन्दूधर्म और मूर्तिपूजा के प्रति जिहाद (धर्मयुद्ध) था। साथ ही भारतीय समाज की पाचनशक्ति भी गड़बड़ा गयी थी। यह सत्य है कि हिन्दुओं ने इस्लाम धर्म के विरुद्ध कोई धार्मिक युद्ध नहीं छेड़ा। राजनैतिक पराभव के कारण शायद इसकी क्षमता भी नहीं थी। किन्तु यह भी सत्य है कि इस्लाम को हिन्दूसमाज अपनी वर्जनशील मनोवृत्ति के कारण हिन्दूधर्म के मेल में भी न ला सका। हिन्दू और इस्लाम दो पृथक् सम्प्रदाय के रूप में टकराते रहे। इनका सम्मिलन न हो सका। फिर भी हिन्दू और इस्लाम दोनों ही सम्प्रदायों में ऐसे अनेक सन्त महात्मा हुये जो इन दो पृथक् सम्प्रदायों को एक करने के लिये सचेष्ट रहे। इस्लामी संस्कृति और विचारधारा में दीक्षित सूफीसन्तों का इस दिशा में बड़ा प्रयत्न रहा। इन सन्तों का इस्लाम के प्रचार में भी बड़ा योग रहा, यद्यपि धर्म-प्रचार में ये उदारतावादी थे। ख्वाजा मुइनुद्दीन चिस्ती, फरीउद्दीन, निजामुद्दीन औलिया, शेख सलीम चिस्ती मध्यकालीन भारत के प्रसिद्ध सन्त थे जो इस्लाम के प्रचार में बड़े सहायक हुये। इनके उदारतावादी इस्लामी दृष्टिकोण ने हिन्दुओं को भी बहुत प्रभावित किया था। कबीर का नाम हिन्दू सन्तों में अमर है। इन्होंने हिन्दू और मुसलमानों को एक करने की बड़ी चेष्टा की और राम-रहीम की एकता का आदर्श बता कर दोनों ही

जातियों में सद्भावना का प्रचार किया। ये हिन्दू तथा मुसलमान दोनों ही धर्मों में प्रचलित मिथ्या आडम्बरों के कटु आलोचक और शत्रु थे। कबीर का जन्म १३९८ ई० में काशी में हुआ था। इनका बाल्यकाल एक जुलाहे के घर में बीता था। बड़े होने पर रामानन्द से इन्हें रामनाम की दीक्षा मिली। जीवन भर ये अपने भजनों द्वारा धर्म के बाह्य आडम्बरों की निन्दा करते रहे तथा शुद्ध भक्ति और सदाचारी जीवन का उपदेश देते रहे। प्रार्थना और स्तुति को ही इन्होंने उपासना का श्रेष्ठ मार्ग समझा था। सन् १५१८ ई० में इनकी मृत्यु मगहर (बस्ती) में हुई।

सन्त कबीर

इनके उपदेशों का प्रभाव हिन्दू और मुसलमान दोनों ही सम्प्रदायों पर

गुरु नानक

समान रूप से पड़ा। कबीर के ही समान नानक का भी महत्त्व है। ये

सिक्ख सम्प्रदाय के संस्थापक गुरु थे। ये हिन्दू और मुसलमानों में एकता की प्रतिष्ठा चाहते थे। ये जाति के खत्री थे। सन् १४६९ ई० में इनका जन्म हुआ था। काफी दिनों तक गार्हस्थ्य जीवन व्यतीत करने के बाद संन्यासी हो गये थे और घूम-घूम कर अपनी वाणी से लोगों में भेदभाव को दूर करने का उपदेश करते रहे। इन्होंने अपनी 'वाणी' का संग्रह 'ग्रन्थ साहब' नामक ग्रन्थ में किया है। १५६६ ई० इनकी मृत्यु हुई।

इस्लामी आक्रमण से त्रस्त होकर हिन्दू जीवन अपना आत्मसम्मान खो बैठा था। सुल्तानों के शासनकाल में तो हिन्दुओं की बड़ी ही मुसीबत थी और वे कठिन अग्निपरीक्षा से गुजर रहे थे। जो हिन्दू इस्लाम को स्वीकार न कर सके थे उन पर तरह-तरह का कर लगाया जाता था, वे बड़ी-बड़ी नौकरियों से वंचित किये जाते थे तथा आत्मसम्मान की रक्षा का प्रश्न उनके लिये जीवन-मरण का प्रश्न बन गया था। दोआब के खेतिहर हिन्दुओं को सुल्तानों ने बहुत तबाह किया उदास और निरीह हिन्दू जीवन को आध्यात्मिक शान्ति देने में तत्कालीन भक्ति धर्म बड़ा ही सहायक हुआ। भक्तिमार्गी सन्तों ने राम और कृष्ण के जीवन के आदर्शों के आधार पर हिन्दू-जीवन में नये प्राणों का संचार किया। उनमें आत्म-बल जगाया और उन्हें नया जीवन दिया। भक्ति आन्दोलन के प्रारम्भिक कर्णधार रामानुज, ज्ञानदेव, नामदेव, रामानन्द आदि थे। वल्लभाचार्य भी इसी युग के दार्शनिक थे जिनका प्रभाव तत्कालीन हिन्दू समाज पर व्यापक रहा। बंगाल में भक्ति और संकीर्तन के प्रचारक चैतन्य महाप्रभु थे। हिन्दुओं को भक्ति और प्रेम का

चैतन्य देव

सम्बल देकर चैतन्य महाप्रभु ने उनकी निराशा दूर की थी। राजस्थान मे मीराबाई ने भी भक्ति-आन्दोलन को बल दिया। इन भक्तों के भक्ति-प्रचार से हिन्दू-मन का नैराश्य दूर हो गया और इससे विक्षुब्ध मन को बड़ी सान्त्वना मिली।

सोलहवीं शती में सूरदास और तुलसीदास ने क्रमशः कृष्ण और राम के आधार पर भक्ति आन्दोलनों को सजीव रखा। सूरदास भक्त कवि थे जिन्होंने कृष्णचरित के आधार पर गेय पदों की रचना की। इनका प्रभाव वैष्णव समाज पर विशेष रहा। किन्तु भक्त कवियों में तुलसीदास श्रेष्ठ थे। इनका रामचरितमानस तब से लेकर आजतक लाखों हिन्दुओं की आध्यात्मिक उन्नति का आधार बना हुआ है। रामचरितमानस भारत के 'विशाल जन-समुदाय की एक आचार संहिता है जिसकी उक्तियाँ, प्रमाण, दृष्टान्त आदि गरीब-अमीर, किसान, राजा आदि सभी की जिह्वा पर अहर्निश विराजमान रहते हैं'। "तुलसीदास की रचनाओं का अपने देशवासियों के जीवन और ज्ञानवर्धन पर कितना प्रभाव पड़ा केवल उसे ही आँकना एक बड़ा कठिन काम है। इसके अतिरिक्त एक साहित्यिक रचना और एक धार्मिक ग्रन्थ होने के नाते रामचरितमानस का स्थान और ऊँचा उठ गया है।"

सूरदास

तुलसीदास के कारण भक्ति-आन्दोलन का विकास अपनी चरम सीमा को प्राप्त हुआ। राम के आदर्शचरित को लोकरञ्जक रूप में व्यक्त करके हिन्दू जीवन को इन्होंने व्यापक नैतिक बल दिया। गोस्वामी तुलसीदास का जन्म १५२३ ई० में हुआ था और वे १६३२ ई० तक जीवित रहे। वे प्रकाण्ड पण्डित थे तथा उनमें असाधारण कवित्व की क्षमता थी। संस्कृतज्ञ होते हुए भी हिन्दी (अवधी) में रामचरितमानस की रचना करने का इनका उद्देश्य

ही हिन्दूमात्र का नैतिक जागरण था। इनकी अन्य प्रसिद्ध रचनाएँ विनय-

तुलसीदास

पत्रिका, कवितावली, गीतावली आदि हैं।

मध्ययुग में साहित्य के क्षेत्र में प्रभूत उपलब्धियाँ हुईं। बहुत से हिन्दू-मुस्लिम सन्त केवल सन्त ही नहीं, अपने समय के अच्छे कवि भी थे। प्रसिद्ध सूफी सन्त मलिक मुहम्मद जायसी अवधी के अच्छे कवि थे। ये अलाउद्दीन के समकालीन थे और इनकी प्रसिद्ध रचना पद्मावत है। निर्गुण सन्त साहित्य के प्रसिद्ध कवि कबीर, दादू, मलूकदास और सुन्दरदास थे। अकबरकालीन सूरदास और तुलसीदास की चर्चा हम कर चुके हैं। मीराबाई और रसखान

भी कृष्ण-भक्ति-शाखा के प्रसिद्ध कवि थे। अन्य हिन्दी कवियों में बीरबल, गंग, अब्दुर्रहीम खानखाना, सुन्दरदास, केशवदास, सेनापति, देव, बिहारी मतिराम पद्माकर, भूषण आदि थे। इनकी रचनाओं से मध्यकालीन हिन्दी साहित्य बड़ा ही कीर्तिमान् हुआ। उर्दू साहित्य की भी बड़ी उन्नति हुई। वली, नुसरत, हाशमी, सेवा, रामराव, शौकी, गव्वासी, चन्द्रभान बरहमन, मीर, सैदा, शोज आदि प्रसिद्ध उर्दू कवि थे। फारसी साहित्य को सुल्तानों तथा मुगल बादशाहों द्वारा बड़ा प्रश्रय मिला। नजीर, उर्फी, फैजी आदि इस युग के अच्छे फारसी कवि थे। मुगलों ने गीता, श्रीमद्भागवत आदि अनेक संस्कृत ग्रन्थों का अनुवाद फारसी में कराया। पण्डितराज जगन्नाथ मध्ययुगीन कवियों में सर्वश्रेष्ठ थे। ये शाहजहाँ के समकालीन थे। मुगल बादशाहों ने अपनी जीवनियाँ लिखी हैं। मध्ययुग में अबुलफजल, फरिस्ता, खफी खाँ, गुलबदन बेगम, जौहर आदि प्रसिद्ध इतिहासकार थे जिनके ग्रंथों का ऐतिहासिक ही नहीं, अपितु साहित्यिक महत्व भी है।

भुवनेश्वर के लिङ्गराज मन्दिर का शिखर

पूर्व मध्यकालयुगीन वास्तुकला को मुस्लिम आक्रमणों से बड़ा धक्का लगा। हिन्दू शैली के वास्तु का प्रचलन हिन्दू राज्यों की संरक्षता में होता रहा, किन्तु दिल्ली

के सुल्तानों ने इस्लामी ढंग और आवश्यकता के अनुसार भवनों, मकबरों तथा अन्य प्रकार के स्मारकों को निर्मित कराया। इस इस्लामी शैली पर हिन्दू वास्तुशैली का प्रभाव रहा, फलतः आत्मा और स्वरूप में बहुविध भेद होते हुये भी सुल्तानों तथा अन्य मुस्लिम बादशाहों के बनवाये हुये वास्तु ईरानी परम्परा की अपेक्षा भारतीय परम्परा के ही निकट रहे। बहुत से हिन्दू वास्तु मुस्लिम वास्तु में परिवर्तित कर दिये गये। मुस्लिम वास्तु की सादगी इसकी प्रसिद्ध विशेषता है। साथ ही इनमें प्रान्तीय भेद भी है। जौनपुर,

कोणार्क का सूर्यमन्दिर

बंगाल, गुजरात, मांडू आदि प्रसिद्ध वास्तुकेन्द्र थे जहाँ के भवन ऊपर से समान इस्लामी ढाँचा धारण करते हुये भी स्थानीय भेद के कारण विभिन्न शैलियों के हैं।

अढ़ाई दिन का झोपड़ा, कुतुबमीनार, तुगलकशाह का मक़बरा, अताला मस्जिद आदि सुल्तानों के युग के प्रसिद्ध निर्माण हैं। हिन्दू रियासतों में हिन्दू शैली के निर्माण होते रहे जिनमें भुवनेश्वर का लिङ्गराज मन्दिर और कोणार्क

राणा कुम्भा का जयस्तम्भ

का सूर्यमन्दिर, कुम्भा द्वारा निर्मित जयस्तम्भ, विशेष प्रसिद्ध हैं। राजपूतों ने दुर्ग निर्माण-कला को विशेष प्रश्रय दिया।

मुगलों में औरंगजेब को छोड़ कर शेष सभी बादशाह निर्माता थे। बाबर को निर्माण का अवसर ही नहीं मिला किन्तु हिमायूँ की बनवायी आगरे और फताहाबाद की मस्जिदें अपने ईरानी शैली के अलंकरण के लिये विख्यात हैं। शेरशाह द्वारा निर्मित सहसराम के मकबरे और मस्जिदें अपनी सादगी तथा भारतीयता के लिये दर्शनीय हैं। अकबर द्वारा निर्मित आरम्भिक भवनों पर, यथा दिल्ली के हिमायूं के मकबरा पर, ईरानी प्रभाव है। किन्तु आगरा, फतहपुर सीकरी, अजमेर, दिल्ली और इलाहाबाद में बने अकबरकालीन वास्तु पर

भारतीय प्रभाव सबल है। इनमें संगमरमर का प्रयोग प्रचुर है जिससे अकबर द्वारा निर्मित भवनों से अकबर की सुरुचि और उसका उदात्त

शेरशाह का मकबरा

व्यक्तित्व झलकता है। वास्तु-निर्माण में अकबर की कल्पना महान थी। फतहपुर सीकरी में बना जोधाबाई का महल, दीनाने खास, शेखसलीम चिश्ती का मकबरा, पंचमहल, बुलंद दरवाजा आदि बड़े ही दर्शनीय हैं। जहाँगीर चित्रकला से तो बड़ी अभिरुचि रखता ही था, वास्तु कला के प्रति भी उदासीन न था। उसके समय का सिकन्दरा में बनी अकबर की समाधि और आगरे में बना एतमादुद्दौला का मकबरा तत्कालीन वास्तु के उत्तम उदाहरण हैं। शहाजहाँ का नाम ताजमहल के निर्माण के लिये अमर है। ताजमहल का निर्माण उसने अपनी चहेती बेगम मुमताज महल की स्मृति में बनवाया था। इसका निर्माण बाईस वर्षों में पूरा हुआ था और इसके निर्माण पर तीस करोड़ रुपये खर्च हुए थे। यह सफेद संगमरमर का बना हुआ मकबरा है जो अपनी

भव्यता और दीप्ति से दर्शकों का मन सहज ही हर लेता है। बारीक पच्ची-

ताजमहल

मुमताज़ महल

कारियों के लिये ताजमहल दर्शनीय है। पच्चीकारी में बहुमूल्य रत्नों का प्रयोग हुआ है।

शाहजहाँ के बनवाये अन्य भवनों में दिल्ली का लालकिला और उसके अन्दर के महल यथा दीवाने आम और दीवाने खास, विशेष प्रसिद्ध हैं। लाहौर में जहाँगीर का मकबरा इसी के समय में निर्मित हुआ था। औरंगजेब वास्तुकला के प्रति उदासीन था और हिन्दू वास्तु शैली का कट्टर दुश्मन। इसके समय से इस्लामी और हिन्दू वास्तु कला का पतन होने लगा।

हिन्दू रियासतों की संरक्षकता में मुगलों के समय में भी कुछ मन्दिरों और भवनों का निर्माण हुआ जो आकर्षक हैं।

चित्रकला के प्रति दिल्ली के सुलतानों की कम अभिरुचि थी। किन्तु जहाँगीर

के समय में चित्रकला को विशेष प्रश्रय मिला। चित्रकला की अनेक स्थानीय शैलियाँ प्रचलित थीं जिनमें मुगल और राजपूत शैलियाँ विशिष्ट थीं। चित्रकला के कई केन्द्र कांगड़ा, राजस्थान, हिमांचल प्रदेश, विजयनगर, जौनपुर आदि में थे। प्रसिद्ध चित्रकारों में आगा रजा अबुल हसन, मुहम्मद नादिर, मुराद, मंसूर, विशनदास, मनोहर, बसावन, गोवर्धन आदि के नाम आते हैं। 'संगीत का मुगल बादशाहों को बड़ा शौक था, विशेष कर अकबर को। इसके समकालीन प्रसिद्ध संगीतकार तानसेन और बैजूबावरा थे। औरंगजेब अन्य कलाओं की तरह संगीत का भी शत्रु था। हिन्दू रियासतों में अनेक चित्रकारों और संगीतज्ञों को प्रश्रय मिला था। मालवा का बाजबहादुर और उसकी रानी रूपमती को भी संगीतप्रिय था।

मध्यकालीन संस्कृति का आर्थिक ढाँचा बहुत कुछ सुदृढ़ था और मुख्यतया कृषि पर ही निर्भर था। कृषि तथा कृषक जीवन को सुधारने के लिये अलाउद्दीन, शेरशाह और अकबरकालीन टोडरमल के नाम उल्लेखनीय हैं। अकबर के समय में कृषि-व्यवस्था को जो रूप दे दिया गया था, वह इतना उत्तम और व्यवस्थित था कि उसका निर्वाह अठारहवीं और बहुत कुछ उन्नीसवीं शती तक होता रहा। उद्योग-व्यापार की भी उन्नति थी। विलास-की वस्तुओं के निर्माण में मुगलकालीन कारीगरों ने बड़ी कुशलता प्राप्त कर ली थी। इनकी बनाई ऊनी, सूती और रेशमी वस्तुओं का निर्यात विदेशों में भी होता था। कसीदाकारी, धातु, हाँथीदाँत और लकड़ी की कलात्मक वस्तुओं पर पच्चीकारी और मीनाकारी भी उत्तम होती थी। मार्ग और यातायात के साधन पुराने ढंग के थे तथा कुछ स्थितियों में अरक्षित भी। जलयानों और पोतों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता था, जिससे विदेशी व्यापार पर भारतीय नियंत्रण करीब करीब नहीं के बराबर था। मुगलों की नौ शक्ति की निर्बलता के ही कारण भारतीय व्यापार में अरब तथा अन्य पश्चिमी एशियाई और यूरोपीय जातियों का बोलबाला था जिसका कुप्रभाव कालान्तर में भारतीय राजनीति पर भी पड़ा।

प्रश्न

१. चौदहवीं से सोलहवीं शती के सन्तों का परिचय दीजिये ।

२. मुगलों ने वास्तु कला को जो प्रश्रय दिया उसकी विवेचना कीजिये ।

३. मुगलकालीन संस्कृति पर निबन्ध लिखिये ।

४. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:—

१. कबीर, तुलसीदास, ताजमहल ।

तृतीय खण्ड

अध्याय १

भारत में यूरोपीय व्यापारी

सातवीं शती से ही भारतीय समुद्री व्यापार पर अरब व्यापारियों का व्यापक प्रभाव था। धीरे-धीरे अरब व्यापारियों ने मिश्र और सीरिया को जीतकर भूमध्य सागर और लाल सागर से होकर चलने वाले भारत और पश्चिमी देशों के व्यापार को पूर्ण रूपेण नियंत्रित कर लिया। योरोपीय व्यापारी भूमध्य सागर और लाल सागर होकर भारत तक नहीं आ पाते थे फलतः योरोपीय व्यापारियों को भारत से व्यापार करने के लिये नहीं राहें खोजनी पड़ीं। योरोपीय व्यापारियों के पास अच्छे जहाज, जहाजरानी के अच्छे तरीके कुतुबनुमा और नक्शे भी थे। इन साधनों से सम्पन्न होकर योरोपीय व्यापारी, भारत के लिये नये रास्तों की खोज में प्रवृत्त हुए। भारत की खोज में कोलम्बस ने अमेरिका का पता लगाया और वास्कोडिगामा ने १४६७ ई० में उत्तमाशा अन्तरीप का चक्कर लगाकर १९९८ ई० में कालीकट पहुँच गया। कलीकट के राजा जमोरिन ने पुर्तगाली व्यापारियों को व्यापार की सुविधायें दीं और उन्हें बढ़ावा दिया। १५०५ ई० के लगभग पुर्तगाली व्यापारियों का अरबसागर के समुद्री रास्तों पर बड़ा प्रभाव जम गया।

वास्कोडिगामा

१५०५ ई० में आलमिडा नामक पुर्तगाली गवर्नर ने भारत में कई पुर्तगाली उपनिवेश स्थापित किये और उन्हें दुर्ग तथा सैनिक बल से सुरक्षित किया। १५१० ई० में अबुकर्क अलमिडाके बाद पुर्तगाली गवर्नर हुआ था तथा उसने गोवा पर अधिकार किया और इसे पुर्तगाली उपनिवेशों का केन्द्र बनाया। १६वीं शती में पुर्तगालियों का भारतीय समुद्री व्यापार पर एकाधिकार सा स्थापित हो गया।

जितनी शीघ्रता से भारत में पुर्तगाली उपनिवेशवाद का उत्थान हुआ उतनी ही शीघ्रता से पतन भी। पुर्तगाली व्यापारी और प्रशासक केवल व्यापारी ही नहीं थे अपितु लुटेरे भी थे। ये व्यापार भी करते थे और अन्य व्यापारियों को लूटते भी। बलात् ईसाई मत के प्रचार की भी चेष्टा करते थे। मुसलमानों से इनका सम्वन्ध बुरा था और हिन्दुओं के बीच में ये लोग प्रिय नहीं थे। पुर्तगाली उपनिवेश के कर्मचारी क्रूर और व्यभिचारी भी थे जो स्त्रियों का अपहरण जैसा कुकर्म भी करते रहते थे। इन कारणों से भारत में पुर्तगाली व्यापारियों को विशेष सफलता न मिली। पुर्तगाल पर जब स्पेन का अधिकार हो गया तो पुर्तगाली हितों को बड़ी क्षति पहुँची और उनका व्यापार तथा उनका औपनिवेशिक व्यापार भी ठप पड़ गया।

पुर्तगालियों के व्यापारिक प्रतिद्वन्द्वी हॉलैण्ड के डच व्यापारी थे। १६०१ ई० में डच व्यापारियों ने भारत तथा पूर्वी देशों से व्यापार करने के लिये एक कम्पनी स्थापित की। डच व्यापारियों का भारत पर कम प्रभाव रहा क्योंकि इनका ध्यान अधिकतर मसाला वाले पूर्वी द्वीप समूह पर केन्द्रित था।

सोलहवीं शती के अन्त में इंग्लैण्ड के कुछ व्यापारियों ने भारत से व्यापार करने के लिये एक कम्पनी खोली। सोलहवीं ईस्वी में महारानी एलिजाबेथ से इन व्यापारियों को भारत से व्यापार करने की अनुमति मिली। १६५० ईस्वी में भारत से व्यापार करने के लिये बनी अन्य कम्पनियों को मिलाकर एक में कर दिया गया, जिसे संयुक्त ईस्ट इण्डिया कम्पनी कहने लगे। १६१५ ई० में अंग्रेजों ने भारत के व्यापार और राजनीति में रुचि लेना प्रारम्भ किया। १६१५ ईस्वी में सर टामस रो इंग्लैण्ड के राजा जेम्स प्रथम का राजदूत बनकर जहाँगीर के दरबार में आया। इसके प्रभाव से मुगल दरबार में पुर्तगालियों की प्रतिष्ठा घटी और उनका प्रभाव कम हुआ। ईस्ट इण्डिया कम्पनी को व्यापार की कई सुविधायें प्राप्त हुईं और अंगरेजों ने भारतीय समुद्र तट के कई स्थानों पर केन्द्र खोले। व्यापार के प्रसिद्ध केन्द्र आरमा गाँव और मछलीपट्टम थे। १६४० ई० के आसपास अंगरेजों ने मद्रास का शहर बसाया और वहाँ पर फोर्ट सेन्ट जार्ज की स्थापना की। अंगरेजों ने उड़ीसा में बालासोर

और हरिहर में भी कारखाने खोले। बंगाल के सूबेदार की चिकित्सा करके प्रसिद्ध डाक्टर ग्रैब्रिल वटम ने १६५१ ई० में हुगली में कारखाना खोलने की अनुमति प्राप्त की और १६६१ ई० में ईस्ट इण्डिया कम्पनी को वम्बई प्राप्त हुआ। इन सब उपलब्धियों से अंगरेज व्यापारियों का प्रभाव बहुत बढ़ गया। किन्तु औरंगजेब से इन अंगरेज व्यापारियों की न पटी। १६७५ ई० में चुंगी के प्रश्न को लेकर औरंगजेब और कम्पनी में युद्ध भी छिड़ गया जो लगभग एक वर्ष तक चलता रहा। अन्त में औरंगजेब और अंगरेज व्यापारियों में सन्धि हो गई और अंगरेजों को पुनः हुगली में व्यापार करने की आज्ञा मिल गई। बंगाल के नवाब विशेषकर शाहिस्ता खाँ अंगरेजों को हुगली में व्यापार करने देने के पक्ष में न थे। किन्तु १६९० ई० में औरंगजेब से अंगरेज व्यापारियों को हुगली में किला बनाने और व्यापार करने की अनुमति मिल गई। १७०० ई० में अंग्रेजों ने सुतान्ति, कालीकता और गोबिंद पुर गाँवों को मिलाकर कलकत्ता नगर की स्थापना की। मुगल सम्राट् फर्रुखसियर की चिकित्सा करके विलियम हेमिल्ट ने कम्पनी के लिये कुछ महत्त्वपूर्ण सुविधायें प्राप्त कीं जिनका प्रभाव यह हुआ कि भारत में अंग्रेज व्यापारियों का प्रभाव बहुत बढ़ गया।

१६६४ ई० में फ्रांसीसियों ने भी एक व्यापारिक कम्पनी बनायी जिसका उद्देश्य भारत से व्यापार करना था। फ्रांसीसी व्यापारी बड़े चतुर और व्यावहारिक थे, तथा उन्हें भारत में अपना प्रभाव जमाने में अन्य कम्पनियों की अपेक्षा शीघ्र सफलता मिली। १६७४ ई० में फ्रांसीसियों ने पांडेचेरी, चन्द्रनगर और माही में सुदृढ़ व्यापारिक और औपनिवेशिक केन्द्र स्थापित किये। इनका प्रभाव दक्षिण की देशी रियासतों पर विशेष रूप से था।

प्रश्न—

१. भारत में यूरोपीय व्यापारियों के कम्पनियों का परिचय दीजिए।

२. अंगरेजी कम्पनी का मुगल बादशाहों से क्या सम्बन्ध था, और उन्हें उनसे क्या क्या सुविधायें मिलीं।

अध्याय २

योरोपीय व्यापारियों की प्रतिद्वन्द्विता और उनका देशी रियासतों पर प्रभाव

१७०७ ई० में औरंगजेब का मृत्यु हुई। इसके बाद मुगलों की शक्ति क्षीण होती गई। औरंगजेब के बाद ऐसा कोई मुगल बादशाह न हुआ जो दिल्ली में बैठे बैठे अंगरेजों और फ्रांसीसियों की औपनिवेशिक वस्तुओं को नियंत्रित कर पाता। मुगलों और मराठों के संघर्ष के कारण भी मुगल बादशाह इन व्यापारियों की गतिविधियों पर दृष्टि नहीं डाल पाते थे। बंगाल के नवाबों ने ज़रूर कुछ चेष्टा इस प्रकार की कि जिससे हुगली के अंगरेजों को नियंत्रण में लाया जा सके। किन्तु पाण्डेचेरी, बम्बई तथा सूरत के व्यापारियों को नियंत्रण में रखना कठिन सा था। १७३९ ई० में पेशवाओं से भी अंग्रेजों को सूरत में व्यापार करने का अधिकार मिल गया था। अंगरेज कम्पनी प्रारम्भ में व्यापार की ओर ही अपना ध्यान केन्द्रित किये रही अंगरेज व्यापारियों को कर न देना पड़ता था। अतएव वे अपना माल भारतीय व्यापारियों की

डुप्ले

स्पर्धा में सस्ते मूल्य पर भी बेच लेते थे। ये कारीगरों को उत्पादन के लिये रुपया और कच्चा माल देते थे और उनसे बनी वस्तुओं को बहुत सस्ती कीमत देकर प्राप्त कर लेते थे, इससे उनको बड़ा लाभ था, क्योंकि कम से कम मूल्य देकर वे

अधिक से अधिक लाभ पाने में सफल थे। साथ ही अन्य व्यापारियों का माल भी वे अपना कह कर बेचते थे और इस माल पर भी चुंगी न देते थे। अन्य व्यापारियों से इसके लिये वे नाजायज घूस लेते थे। इन सब बातों के कारण अंग्रेज व्यापारी और उनकी कम्पनी बड़े लाभ में थी।

फ्रान्सीसी कम्पनी अंगरेजों की स्पर्धा में थी। डुप्ले के नेतृत्व में फ्रांन्सीसी व्यापार और उपनिवेश बहुत संघटित हो गया था। डुप्ले ने सोचा कि अंगरेजों को जिन्हें बहुत से व्यापारिक अधिकार प्राप्त हैं व्यापारिक तरीकों से पछाड़ना कठिन है अतएव डुप्ले ने देसी रियासतों को अंग्रेज व्यापारियों के विरुद्ध भड़काया। उसने देसी रियासतों के आपसी झगड़ों में हाथ बटाना शुरू किया। भारतीय सैनिकों को योरोपीय ढंग से प्रशिक्षित करके अपने अधीन एक अच्छी सेना एकत्रित कर ली। इसके बाद उसने देशी राज्यों के तत्कालीन शासकों और उत्तराधिकारियों के विरुद्ध नये दावेदार खड़े किये। इन बातों से डुप्ले ने देशी रियासतों के आपसी सम्बन्धों को बहुत बिगाड़ दिया और इनकी नीति पर हावी हो गया। देशी रियासतों पर अपना प्रभाव जमाकर उसने न केवल अंगरेजों को भारत से बाहर निकाल देने की चेष्टा की अपितु वह भारत पर फ्रान्सीसी साम्राज्य की स्थापना का स्वप्न भी देखने लगा। संयोग से दक्षिण भारत की राजनीतिक परिस्थिति भी उसकी योजनाओं के अनुकूल थी। दक्षिण में मराठों की शक्ति प्रबल थी। किन्तु वे उत्तरी भारत की राजनीति में अधिक रुचि लेते थे और दक्षिणी भारत में कम। हैदराबाद का निजाम, नाममात्र के लिए मुगलों के अधीन था। किन्तु स्वतन्त्र होते हुये भी निजाम पर मराठों का आतंक था। कर्नाटक का नवाब अवश्य ही कुछ स्वाधीन था। तथा उसकी राजनीतिक प्रभुता अन्य दक्षिणी रियासतों की अपेक्षा बढ़ चढ़ कर थी। अन्य स्वतंत्र और सबल देशी रियासतें मैसूर और तंजौर की थीं जिन्हें अपने अस्तित्व के लिये मराठों, निजाम और कर्नाटक की रियासतों से बराबर लड़ते रहना पड़ता है।

कर्नाटक के युद्ध :—१७४६ और १७६३ ई० के बीच में कर्नाटक में तीन युद्ध हुये जिनमें फ्रांसीसियों और अंग्रेजों का प्रत्यक्ष हाथ रहा। कर्नाटक का

पहला युद्ध १७४६ और १७४८ ई० के बीच हुआ। फ्रांसीसियों और अंगरेजों के बीच यह युद्ध यूरप में दोनों देशों की प्रतिद्वन्द्विता के कारण हुआ। आस्ट्रिया के उत्तराधिकार के प्रश्न को लेकर १७४० ई० ही में फ्रांस और इंगलैण्ड में युद्ध हो रहा था। इन्हीं युद्धों की प्रतिच्छाया में दोनों देशों के व्यापारियों ने भारत में भी लड़ना शुरू किया। फ्रांसीसियों ने अंगरेजों से मद्रास छीन लिया। अंगरेजों को कर्नाटक के नवाव अनवरुद्दीन ने सहायता का वचन दिया था अतएव नवाव की फौजों ने डुप्ले की फ्रांसीसी सेना पर आक्रमण कर दिया। डुप्ले की विजय हुई। इस विजय से फ्रांसीसियों का हौसला बहुत बढ़ गया और कर्नाटक के नवाब की प्रतिष्ठा बहुत घट गई।

कर्नाटक का दूसरा युद्ध : (१७४८-१७५४ ई०)—अस्ट्रिया के उत्तराधिकार का युद्ध जब समाप्त हुआ तो अंगरेजों और फ्रान्सीसियों में सन्धि हो गयी। दोनों ने परस्पर विजित प्रदेश एक दूसरे को वापस कर दिये। किन्तु शीघ्र ही कर्नाटक के उत्तराधिकार का प्रश्न लेकर भारत में अंगरेजों और फ्रांसीसियों में पुनः युद्ध छिड़ गया। १७४८ ई० में हैदरावाद के निजाम आसफजाह की मृत्यु हो गयी। डुप्ले ने निजाम पद के लिये नासिर जंग को जो हैदरावाद के निजाम पद के लिये वास्तविक उत्तराधिकारी था, हैदरावाद का नवाव न मानकर मुजफ्फर जंग का समर्थन किया। फिर कर्नाटक के नवाव अनवरुद्दीन से प्रथम कर्नाटक युद्ध का प्रतिशोध लेने के लिये उसने मुजफ्फर जंग से अनवरुद्दीन की स्थान पर कर्नाटक का नवाव चाँदा साहव को बनवाने के लिये कहा। इस प्रकार डुप्ले, मुजफ्फर जंग और चाँदा साहव की एक संयुक्त सेना कर्नाटक के नवाव अनवरुद्दीन के विरुद्ध चढ़ दौड़ी। अनवरुद्दीन मारा गया और चाँदासाहव का कर्नाटक पर अधिकार हो गया। अनवरुद्दीन के पुत्र और उत्तराधिकारी मुहम्मद अली ने अंगरेजों और हैदरावाद के नवाव नासिरजंग से सहायता माँगी। नासिरजंग ने कर्नाटक पर धावा वोल दिया। चाँदा साहव मैदान छोड़ कर छोड़कर भाग गया और मुजफ्फर जंग, जो नासिरजंग का निजाम पद का प्रतिद्वन्द्वी था नासिरजंग का शरणापन्न हुआ। १७५० ई० में नासिरजंग धोखे से मार डाला गया। इस पर डुप्ले को अवसर मिला कि वह पुनः मुजफ्फरजंग को हैदराबाद का नवाब वनवा दे। मुजफ्फरजंग

को नवाव बना कर डुप्ले ने उससे कृष्णा नदी के दक्षिणी भाग की गवर्नरी प्राप्त कर ली। इससे डुप्ले का प्रभाव हैदराबाद और कर्नाटक दोनों पर ही बढ़ गया। अंगरेजों के लिये यह कठिन समय था। अतएव अंगरेजों ने मुहम्मद अली की सहायता की तथा कर्नाटक की राजनीतिक गतिविधि को अपने पक्ष में नियंत्रित करने का विचार किया। क्लाइव नामक एक लेखक की सलाह मानकर १७४६ ई० में अंगरेजों ने त्रिचनापल्ली, जहाँ मुहम्मद अली चाँदासाहब के घेरे में पड़ा था, और अर्काट, जो कर्नाटक की राजधानी थी, पर एक साथ

लार्ड क्लाइव

आक्रमण किया। चाँदा साहब घबरा गया। १७५१ ई० पराजित होकर मारा गया। कर्नाटक पर मुहम्मद अली का अधिकार हो गया। मुहम्मद अली से अंग्रेजों को कई गाँव प्राप्त हुये जिसके आधार पर अंग्रेजी राज्य का शिलान्यास हुआ। इधर हैदराबाद में फ्रांसीसियों का प्रभाव भी जमा रहा। मुजफ्फरजंग अचानक बीमार पड़ कर मर गया, किन्तु डूप्ले ने बुशी संरक्षता में मुजफ्फरजंग

कस्थान पर सलामतजंग को निजामपद पर प्रतिष्ठित कर दिया। १७५४ ई० में डुप्ले फ्रांस बुला लिया गया और फ्रांसीसियों और अंगरेजों में सन्धि हो गयी।

कर्नाटक का तीसरा युद्ध (१७५६-६३ ई०):—ज्यों-ज्यों भारत में अंगरेज और फ्रान्सीसी व्यापारियों की जड़ जमती जा रही थी, दोनों में संघर्ष और प्रतिद्वन्द्विता बढ़ती जा रही थी। डुप्ले के चले जाने के बाद भारत में फ्रान्सीसी उपनिवेशों का गवर्नर काउण्ट लैली नियुक्त हुआ। इसने बुसी को, जो हैदराबाद में निजाम के संरक्षक के रूप में नियुक्त हुआ था, हैदराबाद से वापस बुला लिया। इस पर मराठों ने हैदराबाद पर आक्रमण कर दिया और निजाम से कई किले छीन लिये। निजाम फ्रान्सीसियों से बहुत चिढ़ गया और अंगरेजों से सन्धि कर ली। निजाम राज्य का उत्तरी सरकार का इलाका जो फ्रान्सीसियों के अधिकार में था, अंगरेजों ने फ्रान्सीसियों से छीन लिया तथा उस पर विधिवत् अधिकार जमाया। उत्तरी सरकार पर अंगरेजों के आधिपत्य की पुष्टि भी निजाम ने कर दी। फिर धीरे-धीरे क्लाइव के नेतृत्व में अंगरेजों ने फ्रान्ससियों को हराना प्रारम्भ कर दिया। वांडेवाश के पास लैली हार कर अंगरेजों का बन्दी बना और चन्द्रनगर तथा पांडेचेरी अंगरेजों के कब्जे में आया। १७६३ ई० में पुनः अंगरेज और फ्रान्सीसियों में सन्धि हो गयी। दोनों ने एक दूसरे का विजित प्रदेश वापस कर दिया किन्तु फ्रान्सीसियों को यह वचन देना पड़ा कि वे भारत की राजनीति में भविष्य में कोई रुचि न लेगें। कर्नाटक के इस तीसरे युद्ध ने फ्रान्सीसियों की कमर तोड़ दी। अंग्रेज कम्पनी का भारतीय राजनीति में रोबदाब बढ़ गया।

अंगरेज कम्पनी की सफलता के कारण :—पुर्तगाली, डच, फ्रान्सीसी व्यापारियों की अपेक्षा अंगरेज व्यापारियों की कम्पनी भारत में विशेष सफल रही। पुर्तगाली व्यापारी भारत में लोकप्रिय न हो सके और उनका प्रभाव भी डच व्यापारियों ने नष्ट कर दिया। डच व्यापरियों की दृष्टि भारत की अपेक्षा पूर्वी द्वीप समूहों में केन्द्रित थी। फ्रान्सीसी व्यापारियों ने बहुत दिनों तक अंगरेज व्यापारियों से टक्कर ली। किन्तु वे भी अंगरेज व्यापारियों के सामने टिक न सके। फ्रान्सीसी सरकार फ्रान्सीसी व्यापारिक कम्पनी की ओर बहुत ध्यान न देती थी और न भारत में इसकी राजनीतिक गतिविधि को रुचि

पूर्वक प्रश्रय ही देती थी। फ्रान्सीसी व्यापारी भी स्वार्थी थे तथा उनमें मेल नहीं था। फ्रांस की सरकार भी इंगलैण्ड की अपेक्षा कमजोर थी। इसके विपरीत अंगरेज व्यापारियों की जड़ भारत में बहुत पहले से जम चुकी थी और उन्हें समय-समय पर व्यापार और पनिवेश संबंधी अनेक अधिकार प्राप्त थे। यह कम्पनी व्यक्तिगत व्यापारियों की कम्पनी थी जो फ्रान्सीसी कम्पनी की तरह हर बात के लिये अपनी सरकार की मुखापेक्षी नहीं थी। कम्पनी के व्यापारियों का शासन में प्रभाव था। इंगलैण्ड की सरकार कम्पनी की व्यापारिक और राजनीतिक गतिविधि में पूरी-पूरी रुचि लेती थी और हर समय कम्पनी को सैनिक तथा आर्थिक सहायता देने के लिए तैयार रहती थी। इंगलैण्ड की नौ सेना का भी आतंक अन्य यूरोपीय व्यापारी कम्पनियों को था। साथ ही अंगरेजी कम्पनी को क्लाइव, वाटसन जैसे योग्य अधिकारियों और सैनिकों का नेतृत्व भी प्राप्त था।

प्रश्न—

१. डुप्ले कौन था ? उसकी नीति क्या थी ? उसकी नीति का देशी रियासतों पर क्या प्रभाव पड़ा ?

२ कर्नाटक युद्धों का वर्णन कीजिये ?

३. अंगरेजी कम्पनी की सफलताओं के कारणों पर प्रकाश डालिए।

अध्याय ३

बंगाल के नवाब और कम्पनी

१७०० ई० में औरंगजेब से बहुत सी सुविधायें प्राप्त करके अंगरेजों ने हुगली में अपनी प्रभाव बढ़ा लिया था। बंगाल के नवाब मुर्शिदकुली खाँ से कम्पनी की न पटी। फर्रुखसियर से भी जब अंग्रेजों को कई ग्राम मिले तो बंगाल के नवाब और कम्पनी में खुला संघर्ष छिड़ गया। अंगरेजों ने सैनिक बल के आधार पर ही फर्रुखसियर से मिले गाँवों को बंगाल के नवाब से छीना था। मुर्शिदकुली खाँ के दो उत्तराधिकारी शुजा और अलीवर्दी खाँ बड़े प्रबल थे और इनके सामने कम्पनी की एक न चली। कम्पनी के कर्मचारियों की उदण्डता रोकने लिये अलीवर्दी खाँ ने अंगरेज और फ्रान्सीसी व्यापारियों की किलेबन्दी पर भी नियंत्रण लगवा दिया। किन्तु इसका उत्तराधिकारी सिराजुद्दौला कमजोर और नवयुवक था। फिर भी उसने अंगरेजों के विरुद्ध उचित कदम उठाया। १७५६ ई० के लगभग अंगरेज और फ्रासीसी व्यापारी बंगाल में पुनः किलेबन्दी करने लगे। सिराजुद्दौला ने दोनों ही कम्पनियों को किलेबन्दी रोकने का आदेश दिया। फ्रांसीसी मान भी गये। किन्तु अहंकारी अंगरेज व्यापारियों ने विवेक से काम न लिया और बंगाल के नवाब की आज्ञा का उल्लंघन किया। इतना ही नहीं, अंगरेजों ने सिराजुद्दौला के विद्रोहियों को शरण दी तथा व्यापार पर चुङ्गी देना भी बन्द कर दिया। फलतः सिराजुद्दौला ने हुगली पर आक्रमण करके अंगरेजों को बंगाल से निकाल दिया।

क्लाइव और सिराजुद्दौला—क्लाइव ने अंगरेजों के पराभव को रोक दिया और स्वयं स्थल मार्ग से एक बड़ी सेना को लेकर बंगाल की ओर चढ़ दौड़ा। वाटसन भी जलमार्ग से बंगाल आया। १७५७ ई० में क्लाइव ने कलकत्ते पर पुनः अधिकार कर लिया तथा अन्य कई नगर जीते। १७५७ ई० में अंगरेजों और सिराजुद्दौला में सन्धि हो गयी, तथा कम्पनी को सभी व्यापारिक सुविधाएँ

पूर्ववतः प्राप्त हो गयीं। इसी बीच क्लाइव बंगाल का गवर्नर नियुक्त कर दिया गया। इस पद पर आसीन होते ही वह बंगाल में हलचल मचाने लगा। सिराजुद्दौला के विरोध में उसने उसके सेनापति मीरजाफर से—जो स्वयं सिराजुद्दौला के स्थान पर बंगाल का नवाब बनना चाहता था—साँठगाँठ की। मुर्शिदाबाद के हिन्दू व्यापारी भी सिराजुद्दौला के विरोधी थे। उनके नेता जगतसेठ अमीचन्द को भी क्लाइव ने अपने पक्ष में किया। अमीचन्द के माध्यम से ही क्लाइव ने मीरजाफर को फोड़ा था। क्लाइव और मीरजाफर में यह सन्धि हुई कि सिराजुद्दौला को हटाकर मीरजाफर जब नवाबी पा जायगा तो वह कम्पनी को एक करोड़ रुपया और चौबीस परगने की जागीर देगा। इस जागीर की वार्षिक आय १० लाख रुपये थी। साथ ही मीरजाफर ने कम्पनी के कर्मचारियों को घूस देने का भी वचन दिया था। अमीचन्द को क्लाइव ने धोखे में रखा और उसे यह झाँसा दिया कि मीरजाफर जब नवाब हो जायगा तो नवाब के कोष का ५ प्रतिशत रुपया और जवाहरात का २५ प्रतिशत अमीचन्द को मिलेगा। अमीचन्द की यह शर्तें जाली कागज पर लिखी गयी थीं। असली सन्धि पर अमीचन्द की चर्चा नहीं थी। इन सब तैयारियों के बाद क्लाइव सिराजुद्दौला के विरुद्ध युद्ध छेड़ने का अवसर ढूँढ़ने लगा।

सिराजुदौला

प्लासी का युद्ध :—क्लाइव ने सिराजुद्दौला पर आरोप लगाया कि उसने अंग्रेज कम्पनी को क्षति का हरजाना नहीं दिया और फ्रांसीसियों से मिला हुआ है। इन थोथे आरोपों को सिराजुद्दौला के सिर थोप कर बिना उत्तर की प्रतीक्षा किये ही मुर्शिदाबाद की ओर सेना लेकर चढ़ दौड़ा। बंगाल का नवाब इस अप्रत्याशित आक्रमण के लिये तैयार न था। फिर भी सिराजुद्दौला ने अपनी सेना लेकर क्लाइव का प्रतिरोध किया। प्लासी के मैदान में दोनों की सेनायें डट गयीं। युद्ध छिड़ने पर मीरजाफर जो सिराजुद्दौला का सेनापति था, क्लाइव की सेना से मिल गया। सिराजुद्दौला पकड़ा गया और मीरजाफर

पुत्र मीरन के द्वारा मारा गया। इस प्रकार २६ जून १७५७ ई० को बंगाल की स्वतन्त्र नवाबी का अन्त हुआ।

अमीचन्द को देशद्रोह का फल केवल प्रायश्चित्त मिला। जब वह अपना हक माँगने के लिये मीरजाफर और क्लाइव के पास गया तो उसे असली सन्धि-पत्र दिखला दिया गया जिस पर अमीचन्द की चर्चा नहीं थी। वह क्षोभ और ग्लानि से पागल हो गया और कुत्तों की मौत मरा। क्लाइव और उसकी कम्पनी पूरी तरह से मालामाल हुई। उसे जागीर की आय के रूप में ९० हजार प्रति वर्ष मिलने का वचन मिला और २३॥ लाख रुपये कम्पनी के कर्मचारियों को भेंट रूप में मिले। फिर भी कम्पनी को अभी १ करोड़ रुपया मिलना शेष था जो मीरजाफर तत्काल न दे सका।

क्लाइव और मीरजाफर :—मीरजाफर के सम्बन्ध कम्पनी तथा क्लाइव से अच्छे न रह सके। वह क्लाइव के हस्तक्षेप के कारण नाममात्र का नवाब था। कम्पनी ने इतना धन उससे लूटा था कि वह निर्धन हो गया था। उसके पास अच्छी सेना भी न थी। सेना और कर्मचारियों के अभाव में वह कर भी नहीं वसूल पाता। फलतः वह दिन प्रतिदिन क्लाइव और कम्पनी के चंगुल में फँसता जा रहा था। बंगाल पर शाह आलम ने अवध के नवाब की सहायता से इसी बीच आक्रमण कर दिया। बंगाल में भी कम्पनी के कुशासन के कारण बड़ी अशान्ति थी। जगह-जगह विद्रोह हो रहे थे। क्लाइव ने बड़ी तत्परता से इन विद्रोहों को दबाया और शाह आलम को रोकने के लिये बढ़ा अवध का नवाब शाह आलम का साथ छोड़कर भाग गया। शाहआलम और

शाह आलम

क्लाइव में सन्धि हो गयी। शाहआलम की ओर से क्लाइव को अमीर की खिताब मिली। क्लाइव ने मीरजाफर से कलकत्ता का दक्षिणी प्रदेश अपने लिये

जागीर के रूप में प्राप्त कर लिया। इस प्रकार जब मीरजाफर से बहुत कुछ वसूल लिया गया तो उसे बंगाल की नवाबी से हटा दिया गया। क्लाइव १७६० ई० में इंगलैण्ड वापस बुला लिया गया था। नये गवर्नर वैन्सिहार्ट ने मीर कासिम को जो मीर जाफर का दामाद था, मीर जाफर की जगह बंगाल का नवाब बनाया। मीर कासिम से कम्पनी ने वर्दवान, चटगाँव, मिदनापुर के लिये २० लाख रुपये प्राप्त किये।

मीरकासिम :—१७६० ई० में मीरकासिम बंगाल का नवाब बना। वह योग्य था और कम्पनी का कठपुतली नहीं बनना चाहता था। उसने एक सेना भी संगठित कर ली थी और प्रशासन में कुछ सुधार भी किया था। शासन और सेना में अंगरेजों के अतिरिक्त अन्य विदेशियों को भी उसने रखा। ये बातें कम्पनी कर्मचारियों को सह्य न थीं। न तो वे यह चाहते थे कि मीरकासिम विदेशियों का सहयोग और सम्पर्क प्राप्त करे और न वे यही चाहते थे कि मीरकासिम स्वयं अपना शासन सुधार ले। किन्तु संघर्ष का प्रत्यक्ष कारण चुंगी हुई। कम्पनी के कर्मचारी न तो कम्पनी के माल पर चुंगी देते थे और न अपने। बल्कि अन्य व्यापारियों के माल पर भी अपनी मुहर लगाकर एवज में व्यापारियों से कुछ रुपया वसूल कर उनका भी माल अपना कहकर विना चुंगी के वेंचते थे। मीर कासिम ने कम्पनी की कौंसिल से इसकी कई वार शिकायतें कीं। जब उसके किये कुछ न हो सका तो उसने चुंगी प्रथा ही हटा दी। इससे अंग्रेज व्यापारियों के व्यक्तिगत हितों को धक्का लगा और कम्पनी ने मीरकासिम को गद्दी से उतार कर मीरजाफर को पुनः गद्दी पर बैठाना तय किया। मीरकासिम ने विद्रोह कर दिया तथा अंगरेज कोठियों को नष्ट-भ्रष्ट करके बहुत से अंगरेजों को मार डाला। उसकी सहायता शाह आलम और और अवध के नवाब भी कर रहे थे। बंगाल की कौंसिल ने मीरकासिम की जगह पुनः मीरजाफर को गद्दी पर बैठा दिया और उससे फिर बड़ा धन तथा मीरकासिम द्वारा की गयी कम्पनी की हानियों के लिए हरजाना देने का वचन प्राप्त किया। बक्सर में कम्पनी की सेना की मुठभेड़ मीरकासिम, अवध के नवाब और शाह आलम की संयुक्त सेना से हुई। मीरकासिम हार कर भाग गया और लुप्त हो गया। शाह आलम कम्पनी के अधिकार में आया।

अवध के नवाब को भी कम्पनी से सन्धि करनी पड़ी। इस बीच पुनः क्लाइव दो वर्षों के लिए (१७६५-१८६७ ई०) कम्पनी का गवर्नर बनाकर भेजा गया। उसने अनेक आन्तरिक सुधार किये और अवध से सन्धि करके अवध के नवाब सिराजुद्दौला से ५० लाख रुपया युद्ध का हरजाना वसूल किया और उसे कम्पनी की एक सेना भी रखनी पड़ी। बंगाल का नवाब मीरजाफर इसी बीच मर गया। अंगरेजों ने उसके पुत्र नज्मुद्दौला को बंगाल का सूबेदार नियुक्त किया। नज्मुद्दौला को वस्तुतः कम्पनी के अधीन कर दिया गया था। बंगाल में क्लाइव ने दोहरे शासन की व्यवस्था की। बंगाल का नवाब नज्मुद्दौला केवल अब सूबेदार था और उसे बंगाल में आन्तरिक शान्ति और सुरक्षा की व्यवस्था करनी थी। कम्पनी ने बंगाल के नवाब की दीवानी ली और कर वसूलती थी। इस द्वैध शासन का बड़ा ही बुरा परिणाम बंगाल पर पड़ा। कम्पनी के कर्मचारी कमीशन के लोभ में बंगाल के किसानों पर बड़ा बड़ा अत्याचार करते थे तथा क्रूरता से कर वसूलते थे। बंगाल दरिद्र हो गया और १७७० ई० में अकालग्रस्त हो गया। बंगाल की जनसंख्या का ⅓ भाग भूखों मर गया तथा ⅓ भूमि बंजर हो गयी। १७७२ ई० में वारन हेस्टिंग्स ने कम्पनी की स्थिति में कुछ सुधार किया। उसने बंगाल के नवाब को निकम्मा सिद्ध करके उसे १६ लाख वार्षिक पेंसन दे दिया। सम्पूर्ण बंगाल को कम्पनी के शासन में ले आया और इस प्रकार बंगाल की नवाबी का अन्त कर दिया।

प्रश्न—

१. क्लाइव कौन था ? उसके कार्यों की आलोचना कीजिये।

२. प्लासी के युद्ध के क्या कारण थे ? उसका क्या परिणाम हुआ ?

३. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिये :—

सिराजुद्दौला, मीरजाफर, मीरकासिस, अमीचन्द और शाहआलम।

—→०←—

अध्याय ४

मराठा और मैसूर राज्य तथा कम्पनी

कर्नाटक युद्धों के कारण हैदराबाद का निजाम अंगरेजों का मित्र हो गया था; किन्तु मराठों और मैसूर के हैदरअली से कम्पनी की अनबन चल रही थी। बंगाल में कम्पनी को जो सफलता मिली थी उसके कारण कम्पनी के भारत-स्थित कर्मचारियों का हौसला बहुत बढ़ गया था। वे साम्राज्यवादी नीति के द्वारा युद्ध और कूटनीति से कम्पनी के साम्राज्य का विस्तार करना चाहते थे।

कम्पनी और मराठे :—१७७५ और १८१८ ई० के बीच मराठों और कम्पनी में कई युद्ध हुए। दुर्भाग्य से मराठों में बड़ी फूट थी और पेशवा पद के लिये मराठा सरदारों में बड़ी होड़ लगी थी। १७७५ ई० में रघुनाथराव ने

नाना फड़नवीश

राघोबा

बम्बई के गवर्नर से पेशवा पद के लिये सहायता माँगी और कम्पनी को प्रतिमास डेढ़ लाख खर्च देकर तीन हजार सैनिक प्राप्त करने की चेष्टा की, तथा यह भी

वचन दिया कि पेशवा पद पाने के बाद वह कम्पनी को सालसेट, वेसीम, भड़ौच और सूरत का कुछ हिस्सा देगा। १७७६ ई० में बम्बई के गवर्नर की उपेक्षा करके बंगाल के गवर्नर जनरल वारन हेस्टिंग्स ने नाना फड़नवीस से एक सन्धि कर ली और यह तय किया कि वह रघुनाथराव या राघोबा को २५ हजार रुपया प्रतिमास पेन्शन देगा तथा कम्पनी को १२ लाख आय का इलाका देगा। किन्तु वारन हेस्टिंग्स की शर्तों को कम्पनी के डाइरेक्टरों ने नामंजूर किया और बम्बई के गवर्नर की बात मानकर रघुनाथराव की सहायता करना स्वीकार किया, साथ ही कम्पनी ने निजाम को भी पूना दरबार की सहायता न करने के लिए कहा। पेशवा अकेला पड़ गया, फिर भी इस बीच अंगरेजों की परिस्थिति हैदरअली के कारण डांवाडोल थी क्योंकि हैदरअली ने मद्रास पर आक्रमण कर दिया था। कम्पनी और पेशवा में सन्धि हो गई जिसे सालवाई की सन्धि कहते हैं। सन्धि की शर्तों के अनुसार कम्पनी को सालसेट के अलावा उनके द्वारा जीते अन्य प्रदेश वापस कर दिये गये। अंगरेजों ने वचन दिया कि वे मराठों के आन्तरिक मामलों में दखल नहीं देंगे, मराठों ने रघुनाथराव को पेन्शन दिया। १७८२ ई० में यह सन्धि हुई थी। इस युद्ध से मराठों की कमजोरियाँ जाहिर हो गयीं।

द्वितीय मराठा युद्ध :—सालवाई की सन्धि के बीस वर्षों तक कम्पनी और मराठों में कोई संघर्ष नहीं हुआ। इस बीच कम्पनी की शक्ति और महत्वाकांक्षायें बहुत बढ़ गयीं। इसके विपरीत मराठों का वैमनस्य, ईर्ष्या और द्वेष बढ़ता जा रहा था और उनका राजनीतिक प्रभाव भी घटता जा रहा था। १७९५ ई० में रघुनाथ राव का पुत्र पेशवा बना। इसी के लगभग यशवंतराव होलकर इन्दौर का शासक हुआ और दौलतराव सिन्धिया ग्वालियर की गद्दी पर आसीन हुआ। पेशवा बाजीराव द्वितीय ने सिन्धिया और होलकर दोनों को असन्तुष्ट कर दिया तथा १७०२ ई० में होलकर से पराजित होकर अंगरेजों की शरण में गया, अंग्रेज और बाजीराव द्वितीय में बेसीन की सन्धि हुई और बाजीराव ने वेलजली की सहायक शर्तें स्वीकार कर लीं। इस शर्त के अनुसार बाजीराव ने यह वचन दिया कि पेशवा पद प्राप्त करने के बाद वह कम्पनी को २६ लाख वार्षिक आय वाले इलाके को देगा और कम्पनी को अन्य व्यापारिक

सुविधाएँ भी देगा। कम्पनी ने एक सेना भेजकर पूना से होलकर की सेना को भगा दिया तथा बाजीराव द्वितीय को पेशवा पद पर पुनः प्रतिष्ठित करा दिया। सिन्धिया और भोसले कम्पनी के इस व्यवहार से बहुत रुष्ट हुए तथा कम्पनी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। कम्पनी की ओर से सिन्धिया और भोसले के खिलाफ उत्तर और दक्षिण से दो सेनायें भेजी गई। वेलजली ने जो दक्षिणी सेना का नेतृत्व कर रहा था। अहमदनगर के किले को जीतकर भोसले और सिन्धिया की संयुक्त सेना को पराजित किया। सिन्धिया से आसीरगढ़ और बुरहानपुर भी छीन लिया। कम्पनी की उत्तरी सेना के सेनापति ने दिल्ली और आगरे पर अधिकार कर लिया तथा लासवाडी नामक स्थान पर सिंधिया को पूरी तरह परास्त किया। १८०३–४ ई० के लगभग भोसला और सिन्धिया दोनों से ही कम्पनी की सन्धि होगई और दोनों ने बाजीराव द्वितीय की तरह वेसीन की सन्धी की शर्तों को स्वीकार कर लिया। भोसला से कम्पनी को कटक और बरार तथा सिन्धिया से आसीरगढ के अतिरिक्त उसका सारा दक्षिणी प्रदेश मिला। दिल्ली और आगरा भी कम्पनी को मिला। दोनों ने कम्पनी के रेजिडेन्ट और सेना को रखना स्वीकार किया।

तृतीय मराठा युद्ध :—होल्कर ने जयपुर पर हमला कर दिया था। वहाँ के राजा ने कम्पनी से सहायता मांगी जिसपर कम्पनी ने होलकर के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। होलकर और कम्पनी के बीच दो वर्षों तक युद्ध (१८०५ से १८०६ ई०) चलता रहा। १८०६ ई० में होलकर ने भी सहायक सन्धि स्वीकार कर ली। इसके एक वर्ष पूर्व ही गायकवाड भी सहायक सन्धि को मान चुका था।

चतुर्थ मराठा युद्ध :—सब कुछ गवां करके और एक एक करके जब सभी मराठा सरदार अंग्रेजों के चंगुल में फँस गये तो उन्हें बड़ी ग्लानि हुई। बाजीराव द्वितीय स्वयं भी बहुत पछताया और मराठों को एक सूत्र में बांधकर कम्पनी से युद्ध करने के लिये प्रेरित किया। पेशवा ने १८१७ ई० में खिड़की नामक स्थान पर अंगरेजों पर हमला कर दिया। भोसला और होलकर ने भी बाजीराव का अनुसरण किया, किन्तु परिणाम कुछ अच्छा न हुआ और अंगरेजों के सामने पेशवा, होलकर और भोसला तीनों को पराजित होना पड़ा। पेशवाई

का अन्त कर दिया गया और पेशवा को आठ लाख का वार्षिक पेन्शन देकर पूना से विठुर भेज दिया गया। उत्तरी भारत में भोसला का जो प्रदेश पड़ता था उसे कम्पनी ने अधिकृत कर लिया। होल्कर की भी शक्ति कम कर दी गई और इस प्रकार १८१८ ई० तक मराठों की स्वतंत्रता का अन्त कर दिया गया।

मराठों के पतन के कई कारण थे। शिवाजी के वाद मराठों को कोई योग्य नेता न मिला था। मराठा सरदार स्वार्थी थे और व्यक्तिगत लाभ के लिये लड़ते झगड़ते रहते थे। उनका सैन्य-वल भी अंगरेजों के सामने टिकने योग्य न था। चौथ और सरदेशमुखी की आड़ में मराठे लूट खसोट करते थे जिसके कारण वे लोकप्रिय न थे। हिन्दू और मुसलमान दोनों ही प्रकार की रियासतें मराठों के इस प्रकार की नीति से परेशान थीं और मराठों के पराभव पर उन्हें अफसोस न था। इन कारणों से मराठों का शासन और व्यवहार लोकप्रिय न था तथा जिसके कारण उनका पतन हुआ।

मैसूर पर अधिकार:—दक्षिण भारत की रियासतों में मैसूर का राज्य बड़ा प्रमुख था। यहाँ का शासक हैदरअली बड़ा ही प्रतिभावान और नीतिज्ञ था। एक साधारण सिपाही की हैसियत से इसने राज्य-पद की प्राप्ति अपने गुणों और विशेषताओं के द्वारा ही की थी। १७६१ ई० तक इसका प्रभाव बहुत बढ़ गया। मराठे भी इससे ईर्ष्या करते थे। १७६५ ई० में मराठों ने हैदरअली को हरा भी दिया था। अगले ही वर्ष निजाम, मराठा और अंग्रेजों ने एक साथ हैदरअली पर आक्रमण करने की एक योजना बनाई। किन्तु हैदरअली ने बड़ी चतुरता से निजाम और मराठों को अंगरेजों से अलग कर दिया। इस सफलता के बाद निजाम के साथ सन्धि करके (१७६७–६९ ई० में) अंगरेजों पर धावा कर दिया। हैदरअली ने कर्नाटक को रौंद डाला और मद्रास को घेर लिया। भयभीत होकर अंगरेजों ने

हैदरअली

हैदरअली से सन्धि कर ली। इस सन्धि के अनुसार हैदरअली और अंगरेजों में यह शर्त हुई कि किसी तीसरे शत्रु के आक्रमण पर वे एक दूसरे की सहायता करेंगे।

मैसूर का दूसरा युद्धः—हैदरअली और कम्पनी का मनमुटाव चल ही रहा था। प्रथम मैसूर युद्ध के अन्त में अंगरेजों ने हैदरअली को यह वचन दिया था कि वे हैदरअली पर यदि किसी शत्रु ने हमला किया तो सहायता देंगे। १७७१ ई० में मराठों ने हैदरअली पर आक्रमण किया किन्तु अंगरेजों ने हैदरअली की कोई सहायता नहीं की। साथ ही हैदरअली की इच्छा के विरुद्ध अंगरेजों ने माही पर अधिकार कर लिया। अतएव १७७९ ई० में हैदरअली ने अंगरेजों के विरुद्ध निजाम से फिर साँठगाँठ की, फलतः अंगरेज और हैदरअली में युद्ध छिड़ गया। इसे मैसूर का द्वितीय युद्ध कहते हैं जो १७८० से १७८४ ई० तक चलता रहा।

हैदरअली ने बड़ी तेजी से कर्नाटक और अरकाट पर अधिकार कर लिया, किन्तु १७८१ ई० में हैदरअली हार गया। हैदरअली के पुत्र टीपू को अवश्य ही कुछ सफलता मिली और उसने १७८२ ई० में कुड्नोर जीत लिया और अंगरेजों की एक बहुत बड़ी सेना को जो ब्रैथवेट के अधीन टीपू से लड़ने आयी थी, बुरी तरह पराजित किया। इसी बीच हैदरअली मर गया किन्तु टीपू ने युद्ध को जारी रखा। टीपू ने बदनौर और मंगलौर पर अधिकार कर लिया। इस प्रकार टीपू १७८४ ई० तक अंग्रेजों से लड़ता रहा तदुपरान्त दोनों में सन्धि हो गई और उभय पक्षों ने एक दूसरे का जीता हुआ राज्य वापिस कर दिया।

मैसूर का तीसरा युद्धः—टीपू जानता था कि उसका युद्ध अंगरेजों से होना फिर भी अनिवार्य है। अतएव वह चुपके चुपके फ्रांसीसियों और टर्की देश से सहायता की बातचीत कर रहा था। इन दिनों भारत का गवर्नर जनरल कार्नवालिस था जो भी सतर्क था और उसने टीपू के विरुद्ध निज़ाम और मराठों फोड़ लिया था। टीपू ने निजाम से गन्टूर का इलाका छीन लिया। इसी प्रकार ट्रावंकोर के हिन्दू राज्य पर भी उसने आक्रमण कर दिया। यह हिन्दू राज्य अंगरेजों का मित्र था। १७९० ई० में कार्नवालिस ने मराठों और निजाम के संयुक्त सहयोग से टीपू पर हमला कर दिया। युद्ध के

आरम्भिक परिणाम टीपू के पक्ष में रहे, किन्तु अन्त में टीपू की हार हुई। १७९२ ई० में टीपू और कम्पनी में सन्धि हो गयी, जिसके अनुसार टीपू को ३० लाख पौण्ड युद्ध का हर्जाना देना पड़ा तथा अपना आधा राज्य अंगरेजों, मराठों और निजाम को देना पड़ा। उसे अपने दो पुत्रों को भी जमानत के

टीपूसुल्तान

रूप में अंगरेजों के अधीन करना पड़ा। इन सब की वजह से टीपू की वास्तविक सत्ता बहुत घट गयी और वह कमजोर हो गया।

मैसूर का चौथा युद्ध :—मैसूर के तीसरे युद्ध में पराजित और अपमानित होकर भी टीपू ने अपना उत्साह नहीं खोया। वह बड़ा ही वीर और स्वतंत्रता-प्रिय था। प्रजा में भी वह लोकप्रिय था तथा धार्मिक-सहिष्णुता उसकी महान विशेषता थी। अंगरेज योरप में नेपोलिय के बढ़ाव के कारण त्रस्त थे और उन्हें इसकी भी आशंका थी कि कहीं भारत में फ्रान्सीसियों का आक्रमण न हो जाय। टीपू ने फ्रान्सीसियों से मित्रता कर भी ली थीं तथा काबुल और तुर्की से भी स्वातंत्र्य युद्ध के लिये सहायता प्राप्त करने की चेष्टा कर रहा था। इन दिनों वेलजली भारत का गवर्नर जनरल था और उसने यह धारणा बनायी कि बिना टीपू की सत्ता को मिटाये कम्पनी का भविष्य भारत ही में सुरक्षित नहीं है। अतएव बिना किसी पूर्व भूमिका के वेलजली ने टीपू से सहायक सन्धि को स्वीकार कर लेने का संदेश भेजा। यह प्रस्ताव टीपू के लिये अपमानजनक था। अंगरेजों

ने मैसूर पर आक्रमण कर दिया। टीपू की तैयारियाँ अपूर्ण थीं। युद्ध थोड़े दिन चला। मल्लवल्ली में टीपू हार गया तथा श्री रंगपट्टम में अपने किले की सुरक्षा करते हुये वीर गति को प्राप्त हुआ। मैसूर का अधिकांश राज्य कम्पनी ने हड़प लिया। शेष भाग को एक हिन्दू राजा को देकर, जो कि प्राचीन मैसूर राजवंश का ही था, नये हिन्दू मैसूर राज्य की स्थापना की। टीपू का सारा परिवार अंगरेजों द्वारा वन्दी बना लिया गया।

प्रश्न—

१. कम्पनी और मराठों के सम्बन्धों पर एक टिप्पणी लिखिए।
२. मराठों के पतन के क्या कारण थे ?
३. मैसूर और कम्पनी के सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए।
४. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए :—
राघोबा, बाजीराव द्वितीय, हैदरअली, टीपू, नाना फड़नवीस।

अध्याय ५

कम्पनी का राज्य-विस्तार

भारत में कम्पनी का राज्य-विस्तार धीरे धीरे हुआ। क्लाइव के समय में किस तरह बंगाल की नवाबी हड़प ली गयी, इसका विवरण हम प्रस्तुत कर रहे हैं। वारेन हेस्टिंग्स (१७७२–१७७४ ई०) का शासन-काल अंग्रेजी साम्राज्य के विस्तार के लिये बड़ा महत्त्वपूर्ण था। मराठों के सरदार महादाजी सिंधिया,

वारेनहेस्टिंग्स

शाहआलम के मनसूबों पर हेस्टिंग्स पानी फेर चुका था। अवध के नवाब से सन्धि करके उसने अपनी शक्ति उत्तरी भारत में मजबूत कर ली थी। बिना

किसी निमित्त और नैतिक आधार के, केवल लोभ और साम्राज्य-कामना से वह रुहेलों को परास्तकर उनका राज्य जीतकर अवध के सूबे में मिला चुका था। बनारस के राजा चेतसिंह को भी उसने बिना किसी औचित्य के पदच्युत किया, तथा बनारस का राज्य कम्पनी के नियंत्रण में लाया। मराठों को पानीपत की तीसरी लड़ाई (१७६१ ई०) में बड़ी क्षति उठानी पड़ी थी। उनको रही सही प्रतिष्ठा भी कम्पनी और मराठों के बीच हुये प्रथम मराठा युद्ध के कारण जाती रही। वारेन हेस्टिंग्स का व्यवहार अवध के नवाब के साथ भी अच्छा न रह सका। शुजाउद्दौला के बाद का नवाब आसफउद्दौला हेस्टिंग्स से परेशान था। अवध को बेगमों की लूट में भी हेस्टिंग्स का हाथ था। हेस्टिंग्स के ही शासन-काल में प्रथम दो मैसूर युद्ध हो चुके थे, जिससे हैदरअली और टीपू को बड़ी क्षति पहुंची थी।

लार्ड कार्नवालिस (१७८५–१७९३ ई०) शान्तिप्रिय होते हुए भी साम्राज्य-वादी था तथा तृतीय मैसूर युद्ध में बड़ी रुचि ली थी। किन्तु सबसे बड़ा साम्राज्यवादी गवर्नर जनरल लार्ड वेलेजली (१७९८–१८०५ ई०) था जिसने अपनी सहायक नीति से अनेक देशी राज्यों को पंगु कर दिया था। इस नीति

लार्ड कार्नवालिस

लार्ड वेलेजली

के अनुसार कम्पनी से सन्धि करने वाले देशी राज्यों को अंगरेजी अफसरों की देख-रेख में अपनी रक्षा के लिए एक सेना रखनी होती थी, तथा सेना के खर्च के लिए अपने राज्य का कुछ भाग अंगरेजों को देना पड़ता था, जिसके बदले में

अंगरेज सरकार उनकी रक्षा करती थी। देशी रियासतें इस सन्धि के अनुसार बिना कम्पनी सरकार की अनुमति के अन्य किसी से युद्ध या सन्धि न कर सकती थी। साथ ही एक अंगरेज रेजीडेण्ट भी देशी राज्यों को अपने दरबार में रखना पड़ता था।

इस सहायक नीति का सबसे पहला शिकार १७९८ ई० में निजाम हुआ। इसे स्वीकार करने के वाद जिनाम का स्वतन्त्र राज्य अंगरेजों का मुखापेक्षी हो गया। तीन कमजोर राज्य—कर्नाटक, सूरत और तंजोर पर कुशासन का आरोप लगा कर वेलेजली ने सहायक सन्धि उन पर जवरदस्ती लाद दी और इस प्रकार उनकी प्रभुसत्ता का अपहरण किया। अवध के नबाव भी जो अंगरेजों के मित्र माने जाते थे, वेलेजली के नीति-चक्र से न बच सके। विदेशी आक्रमण का झूठा भय दिलाकर १८०१ ई० में वेलेजली ने अवध से नयी सन्धि की जिसके परिणामस्वरूप कम्पनी को रुहेलखंड और गंगा-यमुना दोआबा का काफी हिस्सा मिला। टीपू सुल्तान को भी सहायक सन्धि न स्वीकार करने के कारण चतुर्थ मैसूर युद्ध के फलस्वरूप अपना सर्वनाश कराना पड़ा। मराठों की आपसी फूट, अहंकार और स्वार्थ ने उन्हें भी सहायक सन्धि के फन्दे में डाल दिया। १८०२ ई० में पेशवा ने, १८०४ ई० में भौसले और सिन्धिया ने, १८०५ ई० में होल्कर ने सहायक सन्धि को स्वीकार कर लिया। इन सन्धियों से मराठों की सत्ता नष्ट हो गई।

गोरखा और कम्पनी :—१८१३ ई० में लार्ड हेस्टिंग्स भारत का गवर्नर जनरल होकर आया। यह भी बड़ा साम्राज्यवादी था। १८१७ ई० में इसने अन्तिम रूप से मराठों को पूना और ग्वालियर की सन्धियों द्वारा अपनी सत्ता में लाया। मन्दसोर की सन्धि से होल्कर भी कम्पनी के वशीभूत हुए। लार्ड हेस्टिंग्स की दृष्टि उत्तर में नेपाल की ओर भी थी। गोरखपुर तक का भाग जब कम्पनी की स्वायत्तता में आ गया तो नेपाल के गोरखों और अंग्रेजों में संघर्ष होना भी अनिवार्य हो गया। कई युद्धों में गोरखों को अंगरेजों के विरुद्ध सफलता भी मिली और अंगरेज सैनिक पराजित भी हुए। किन्तु अक्टर लोरी के सेनापतित्व में अन्त में अल्मोड़ा के लगभग गोरखा की पराजय हो गई। अन्त में १८१६ ई० में सिगौली की सन्धि द्वारा गोरखों और कम्पनी में समझौता हो गया। नेपाल

सरकार ने कम्पनी के पक्ष में तराई पर से अपना दावा छोड़ दिया। सिक्कम का भी प्रदेश अंग्रेजों को मिला तथा काठमाण्डू में कम्पनी के रेजीडेन्ट का रखना भी स्वीकार किया।

अब अंगरेजों को भारतीय साम्राज्य पर सुहृदतापूर्वक अधिकार करने तथा कम्पनी के विजित अधिकृत प्रदेशों की सुरक्षा के लिए दो काम थे। एक तो बर्मा को अपने नियन्त्रण में लाकर भारत की पूर्वी सीमा की सुरक्षा करना तथा पश्चिमोत्तर सीमा के अफगानी राज्य को अपने प्रभाव में लाना। दूसरा काम भारत के अन्दर के उन गिरे पड़े राज्यों को आत्मसात् करना जो कि अभी तक कम्पनी के प्रत्यक्ष शासन में नहीं आये थे। पंजाब में रणजीत सिंह ने सिक्खों का एक सबल राज्य स्थापित कर लिया था। सिक्खों की अंगरेजों से कोई शत्रुता नहीं थी, फिर भी पंजाब में एक सबल राज्य की स्थिति कम्पनी शासन की आँखों का एक रोड़ा थी।

बरमा युद्ध :—लार्ड एमहर्स्ट के शासनकाल में बरमा से कम्पनी साम्राज्य को कुछ ख़तरा उत्पन्न हो गया था। बरमा के राजा ने १८१३ ई० में मणिपुर जीत लिया था तथा उनका बढ़ाव आसाम की ओर होता जा रहा था। १८२३ ई० में चटगाँव के कुछ ऐसे हिस्से पर जिस पर कम्पनी का राज्य था, बरमा का अधिकार हुआ। फलतः १८२३ ई० में लार्ड एमहर्स्ट ने बरमा के विरुद्ध युद्ध छेड़ दिया और रंगून पर अधिकार कर लिया। अगले वर्ष प्रोम भी अंग्रेजों के अधिकार में आ गया। इस प्रकार पूरा निचला बरमा कम्पनी के अधीन हुआ। १८२६ ई० में याण्डबू में बरमा के राजा और कम्पनी में सन्धि हो गयी जिसके अनुसार मणिपुर स्वतन्त्र रियासत मानी गयी, अराकान और तेनासरीन के जिले अंगरेजों को मिले, जयन्तिया आदि पर बरमा ने अपना दावा छोड़ा, कम्पनी के एक रेजीडेण्ट को अपने यहां रखना स्वीकार किया तथा १ करोड़ रुपया युद्ध का हर्जाना देना भी स्वीकार किया।

द्वितीय बरमा युद्ध :—याण्डबू की सन्धि का निर्वाह बरमा के राजा न कर सके। सन्धि की शर्तें बड़ी कड़ी थीं और उन्हें बरमा-वासियों पर बलात् लाद दी गयी थी। सन्धि की अवहेलना होने पर पुनः युद्ध की सम्भावनायें होने लगीं। अंगरेजों ने चुपके-चुपके काफी तैयारी कर ली। डलहौजी के शासन-

काल में बरमा और कम्पनी में पुनः युद्ध छिड़ गया। इस बार फिर कम्पनी ने रंगून, प्रोम और पेगू पर अधिकार कर लिया। बरमावासी जब अंगरेजों का बढ़ाव न रोक सके और उनकी राजधानी भी संकट में घिरी तो सन्धि हो गयी। इस सन्धि के अनुसार बरमा का निचला भाग कम्पनी के प्रत्यक्ष-शासन में मिला लिया गया, जिसके परिणाम से बरमा का राज्य अत्यन्त क्षीण और निर्बल हो गया।

कम्पनी और अफगानिस्तान:—भारत की पश्चिमोत्तर सीमा की सुरक्षा के लिए कम्पनी की निगाह अफगानिस्तान पर जमी। अफगानिस्तान को हड़पना कम्पनी के लिए इस कारण भी जरूरी था कि उसे रूस से, जिसकी सीमा अफगानिस्तान से टकराती थी, खतरा था। वहाँ का अमीर दोस्तमुहम्मद था। अफगानिस्तान को पश्चिम में फारस और पूर्व में रणजीतसिंह के सिक्ख राज्य से बड़ा खतरा था। १८३४ ई० में रणजीतसिंह ने अफगानियों से काबुल छीन लिया था। दोस्तमुहम्मद का एक प्रतिद्वन्द्वी शाहशुजा था, जो दोस्तमुहम्मद को हटा कर गद्दी पर बैठना चाहता था। यह अंगरेजों और रणजीतसिंह से मिला था, लार्ड आकलैण्ड, जो १८६३ ई० में भारत का गवर्नर जनरल था, के पास दोस्तमुहम्मद ने मैत्री का सन्देश भेजा और चाहा कि अंगरेज अपना प्रभाव रणजीतसिंह पर डालकर पेशावर दोस्तमुहम्मद को दिला दें। आकलैण्ड ने दोस्तमुम्मद की बात नहीं मानी और अफगानिस्तान पर हमला भी कर दिया। शस्त्रबल से शाहशुजा अफगानिस्तान की गद्दी पर बैठा दिया गया और दोस्तमुहम्मद को कलकत्ते बुला लिया गया। शाहशुजा का शासन लोकप्रिय न था। साथ ही अंगरेजों के अत्याचार और व्यभिचार से अफगानी सरदार बिगड़ गये। इस विद्रोह का दमन अंगरेज न कर सके तथा प्राण लेकर अफगानिस्तान से भागे। कहते हैं कि १६ हजार कम्पनी के सिपाहियों में केवल १२० ही अफगानिस्तान से बच कर लौटे। अंगरेजों की बड़ी अपमानजनक स्थिति हुई जिसके कारण १८४२ ई० में आकलैण्ड को इस्तीफा दे देना पड़ा। अगले गवर्नर जनरल एलेनबरा के शासनकाल में कुछ स्थिति सँभली जरूर किन्तु अंगरेजों को अफगानिस्तान-आक्रमण से कोई विशेष लाभ नहीं हुआ। एलनबरा ने एक सेना द्वारा काबुल और गजनी पर पुनः अधिकार कर लिया। शाहशुजा को गद्दी से हटा कर दोस्त-

मुहम्मद को पुनः गद्दी पर बैठाने के लिए अंगरेज मजबूर हुये। इस पर अंगरेजों को अफगानिस्तान की झंझटों में पड़कर कोई लाभ नहीं हुआ, उलटे २० हजार सैनिक और १॥ करोड़ रुपया गँवाना पड़ा।

कम्पनी का सिन्ध पर अधिकार:—सिन्ध के अमीर अंगरेजों के मित्र थे, और हर तरह सहायता के लिये तैयार रहते थे। किन्तु आकलैण्ड ने जानबूझ कर उन्हें अगरेजी सेना रखने के लिए विवश किया और उसके व्यय के लिये ३ लाख रुपया वार्षिक वसूलने का कुचक्र रचा। एलनबरा तथा उसके रेज़ीडेण्ट चार्ल्स नेपियर ने सिन्ध में स्वार्थों का नंगा नाच किया तथा तरह तरह के षडयंत्रों में फांस कर पूरे सिन्ध को कुछ ही समय में हड़प लिया। सिन्ध पर आक्रमण करने और उसे अपने अधीन करने का अंगरेजों के पास न तो कोई कारण था और न कोई नैतिक आधार।

सिक्ख और कम्पनी :—ज्यों ज्यों मुगल सल्तनत पतन के गर्त में गिरती गयी, सिक्खों का उत्थान होता गया। अठारहवीं शती ई० के पूर्वार्ध ही में सिक्ख एक प्रबल राजनीतिक शक्ति के रूप में संगठित हो गये थे। रणज़ीत सिंह के नेतृत्व में सिक्खों के सभी सम्प्रदाय (जिन्हें मिसिल कहते थे और जिनकी संख्या १२ थी) एकबद्ध हो गये थे। १७९८ ई० में रणजीत सिंह ने राजा की उपाधि धारण करके लाहौर केन्द्र से शासन प्रारम्भ किया। अंगरेज भी रणजीत सिंह की बढ़ती हुई सत्ता से भयभीत थे अतएव १८०९ ई० में उन्होंने अमृतसर में रणजीत सिंह से मैत्री-सम्बन्ध निर्वाह के लिये सन्धि कर ली थी। रणजीत सिंह के नेतृत्व में सिक्खों के अधिकार में पेशावर, कांगड़ा और कश्मीर आ चुका था। सतलज और यमुना के बीच सिक्खों का बढ़ाव अंगरेजों के कारण रुका हुआ था। रणजीत सिंह के मरने के बाद (१८३९ ई०) सिक्खों का संगठन ढीला पड़ गया तथा रणजीत सिंह

रणजीत सिंह

के उत्तराधिकारी सिक्ख साम्राज्य की रक्षा में असमर्थ सिद्ध हुये। सिक्खों की कमजोरी का लाभ उठा कर अंगरेज स्वयं सिक्खों से युद्ध करने का बहाना खोजने लगे। लार्ड हार्डिंज ने, जो उस समय भारत का गवर्नर जनरल था, सिक्खों को छेड़ने के लिये सतलज पर पुल बँधवाने का प्रयास किया। इससे सिक्ख सशंक हुये। उन्होंने १८४५ ई० में सतलज के पार कम्पनी द्वारा अधिकृत प्रदेश पर आक्रमण कर दिया। अंगरेज तो युद्ध के लिये तैयार ही बैठे थे अतएव सिक्खों का डट कर प्रतिरोध किया और धीरे-धीरे सिक्खों को पराजित करते हुये लाहौर तक चढ़ दौड़े। सिक्खों को पराजित होकर सन्धि करनी पड़ी जिसके अनुसार उन्हें कम्पनी को सतलज के दोनों भाग की सारी भूमि और १।। करोड़ रुपाया युद्ध का हर्जाना देना पड़ा। उन्हें लारेन्स को कम्पनी का रेजिमेण्ट के रूप में अपने दरबार में रखना पड़ा तथा सेना भी घटाना पड़ा।

द्वितीय सिक्ख युद्ध :—सिक्ख अपनी पराजय और अपमान को न भूले थे साथ ही अंगरेजों की वक्रदृष्टि पंजाब पर पूर्ववत् बनी रही। डलहौजी के समय में पुनः युद्ध का वातावरण उत्पन्न हो गया। सिक्ख राज्य का एक सूबा मुल्तान था जिसने विद्रोह कर दिया। मुल्तान का विद्रोह धीरे धीरे द्वितीय सिक्ख युद्ध में परिणत हुआ। इस बार भी सिक्ख पराजित हुये। डलहौजी ने पूरा का पूरा पंजाब हड़प लिया और उसे कम्पनी राज्य में मिला लिया। सिक्खों के राजा दलीप सिंह को ५ लाख रूपयों की पेंशन देकर इंगलैण्ड भेज दिया गया।

डलहौजी की गोद-नीति और उसका देशी राज्यों पर परिणाम :— शस्त्र और भेद नीति से जब सम्पूर्ण भारत अंगरेजी शासन में आ गया तो डलहौजी ने गोद संबंधी एक नई नीति खेली जिसका परिणाम यह हुआ कि बचे सहे छोटे छोटे अर्द्ध स्वतंत्र राज्य भी अपनी सत्ता मिटाकर कम्पनी-शासन के प्रत्यक्ष नियंत्रण में आ गये। डलहौजी (१८४८—१८५६ ई०) बड़ा ही निरंकुश स्वभाव का तथा साम्राज्यलोलुप था। राज्य हड़पने के पीछे वह नीति-अनीति का भी विचार नहीं करता था। द्वितीय सिक्ख और द्वितीय बरमा युद्ध में वह अपनी स्वार्थ और लोलुपता का आभास दे चुका था। ये दोनों राज्य तो उसने शस्त्रबल और कूटनीति से जीते। इनके अतिरिक्त उसने गोद-नीति चलाई। कुछ राज्यों को उसने उन पर कुशासन का आरोप लगा कर हड़पा।

अवध के नवाव वाजिदअली पर कुशासन का आरोप लगाकर उसे राज्यच्युत कर दिया तथा पेंसन देकर लखनऊ से कलकत्ते हटा दिया। विना किसी अप-

राध के, केवल साम्राज्यलिप्सा की पूर्ति के लिए उसने कर्नाटक, तंजोर के राज्यों को कम्पनी में मिलाया तथा उत्तराधिकारियों की उपाधियाँ और पेन्शन

जब्त कर ली। पेशवा घून्घूपन्त (नानासाहब) और वाजीराव को मिलने वाली पेंशन को भी बन्द कर दिया।

गोद के संबन्ध में डलहौजी ने यह नीति निर्धारित की कि जिस राजा का कोई उत्तराधिकारी न हो, उसे गोद लेने का कोई अधिकार नहीं है। उसके मरने के बाद उसका उत्तराधिकारी अंगरेज सरकार है और वह राज्य कम्पनी शासन में विलीन हो जायगा। इस नीति से उसने सतारा, तेजपुर, सम्भलपुर, नागपुर और झाँसी राज्यों को गोद लेने के धर्मशास्त्रीय अधिकार से वंचित रखा तथा इन राज्यों को कम्पनी-शासन के अन्तर्गत कर लिया। कर्नाटक, तंजोर राजा की पदवियाँ, और घून्घूपन्त की, जो वाजीराव द्वितीय का दत्तक था, पेंशन भी उसने इसी नीति का आधार लेकर छीना। डलहौजी की इस नीति की बड़ी भीषण प्रतिक्रिया हुई तथा १८५७ ई० के प्रथम स्वातंत्र्य युद्ध का योग जुटाने में डलहौजी की गोद और उत्तराधिकार सम्बन्धी नीति ने खर पानी का काम किया।

प्रश्न—

१. कम्पनी के राज्य-विस्तार में वारेन हेस्टिंग्स, वेलेजली और डलहौजी के योग की समीक्षा कीजिए।
२. वेलेजली की सहायक नीति क्या थी ? इसका देशी रियासतों पर क्या प्रभाव पड़ा ?
३. कम्पनी और अफगानों के सम्बन्ध पर टिप्पणी लिखिए।
४. सिक्खों के उन्मूलन के लिए हार्डिंज और डलहौजी के प्रयत्नों का विवरण दीजिए। सिक्खों के पतन के क्या कारण थे ?
५. डलहौजी की गोद-नीति क्या थी ? इस नीति का क्या परिणाम हुआ ?
६. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए :— दोस्त मुहम्मद, रणजीत सिंह।

अध्याय ६

कम्पनी-शासन के अन्तर्गत प्रशासनिक और सामाजिक सुधार

कम्पनी-प्रशासन का क्रमिक विकास हुआ। पहले कम्पनी अपने आन्तरिक शासन और व्यवस्था में स्वतन्त्र थी तथा आवश्यकता पड़ने पर ही इंगलैंड की पार्लियामेंट कम्पनी के कार्यों पर नियन्त्रण लगाती या सुविधा देती थी। किन्तु ज्यों-ज्यों कम्पनी का स्वरूप व्यापारिक से राजनीतिक होता गया, ब्रिटिश पार्लियामेंट कम्पनी में रुचि लेने लगी और कम्पनी की गतिविधि का नियन्त्रण करने लगी।

रेग्यूलेटिङ्ग ऐक्ट :—१७७३ ई० में पार्लियामेंट ने रेग्यूलेटिङ्ग ऐक्ट पास किया जिसके द्वारा उसने कम्पनी की आर्थिक स्थिति सुधारने और कम्पनी के कर्मचारियों के नैतिक स्तर को उठाने की चेष्टा की। इस ऐक्ट की मुख्य बातें निम्नलिखित थीं :—

(१) बंगाल का गवर्नर अब गवर्नर जनरल बना दिया गया, जिसे अन्य प्रान्तों के वैदेशिक मामलों को नियन्त्रित करने का अधिकार था।

(२) चार सदस्यों की एक कमेटी बनायी गई जो गवर्नर जनरल को परामर्श देती थी। गवर्नर जनरल को इस कौंसिल की इच्छा के विरुद्ध कार्य करने का अधिकार नहीं था।

(३) कौंसिल और गवर्नर जनरल पर डाइरेक्टरों का नियन्त्रण था।

(४) डाइरेक्टर ब्रिटिश सरकार के नियन्त्रण में थे तथा ब्रिटिश सरकार को आय-व्यय का ब्यौरा देते थे।

(५) कौंसिल और गवर्नर के नियन्त्रण से स्वतन्त्र एक सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की गयी।

(६) कम्पनी के कर्मचारियों के निजी व्यापार को निषिद्ध घोषित किया गया, किन्तु उनका वेतन बढ़ा दिया गया।

पिट का इण्डिया बिल :—बंगाल के गवर्नर जनरल का कौंसिल और अन्य प्रान्तों के गवर्नर जनरल पर नियन्त्रण मजबूत करने के लिए १७८४ ई० में कौंसिल के सदस्यों की संख्या घटा कर ३ कर दी गई तथा गवर्नर जनरल को २ वोट देने का अधिकार दिया गया। एक कौंसिल का सदस्य होने के नाते और दूसरा कौंसिल का सभापति होने के नाते। साथ ही गवर्नरों को आदेश दिया गया कि वे युद्ध, सन्धि तथा आयव्यय के प्रसंग में गवर्नर जनरल की आज्ञा का उल्लंघन न करे अन्यथा अस्थायी रूप से पदच्युत कर दिये जायेंगे। साथ ही इस ऐक्ट द्वारा एक गुप्त कमेटी बनायी गयी जो ब्रिटिश सरकार की ओर से बोर्ड आफ डाइरेक्टरर्स को नियंत्रण में रखती थी।

चार्टर ऐक्ट आज्ञा पत्र :—१७८६, १७९३, १८१३, १८३३ और १८५३ में पाँच चार्टर ऐक्ट पास किये गये जिनके द्वारा ब्रिटिश सरकार का नियन्त्रण कंपनी के ऊपर बढ़ाया गया और कम्पनी के कर्मचारियों में फैले भ्रष्टाचार को दूर करने की चेष्टा की गयी। १७८६ ई० के आज्ञापत्र से गवर्नर जनरल को कौन्सिल की सलाह के विरुद्ध आचरण करने की अनुमति दे दी गयी। १७९३ ई० के आज्ञापत्र से इसी प्रकार की व्यवस्था प्रान्तीय गवर्नरों के सम्बन्ध में की गई और उन्हें भी यह अधिकार दिया गया कि वे कौन्सिल के मत के विरुद्ध भी कार्य कर सकते हैं। १८१३ ई० के आज्ञापत्र द्वारा कम्पनी का व्यापारिक एकाधिकार हटा दिया गया और १८३३ ई० के अधिकार-पत्र द्वारा कम्पनी के अन्य व्यापारिक अधिकार भी छीन लिये गये। बंगाल के गवर्नर जनरल को भारत का गवर्नर जनरल माना गया तथा उसकी कौन्सिल में एक ला मेम्बर की नियुक्ति की गयी। इसी चार्टर से यह भी व्यवस्था की गयी कि शिक्षा पर १० लाख प्रतिवर्ष व्यय किया जाय। १८५३ ई० के आज्ञापत्र द्वारा बंगाल के प्रशासन के लिए एक लेफ्टिनेन्ट की नियुक्ति की गई और गवर्नर जनरल के लिए अखिल भारतीय मामले ही रखे गये। इसके लिए एक अलग कौन्सिल का गठन किया गया।

वारेन हेस्टिंग्स के सुधार :—क्लाइव के दोहरे शासन का बड़ा बुरा प्रभाव बंगाल पर पड़ा। कर उगाहने में बड़ी लूट खसोट की गयी तथा कम्पनी

के कर्मचारियों में व्यक्तिगत लाभ उठाने की प्रवृत्ति बहुत बढ़ गयी। वारेन हेस्टिंग्स ने कर्मचारियों का नैतिक स्तर ऊँचा करने के लिए तथा उनकी घूस आदि की प्रवृत्ति रोकने के लिए वेतन-वृद्धि कर दी। बङ्गाल से दोहरे शासन का अन्त करने के लिए नवाब को पेंशन देकर शासन से अलग कर दिया गया तथा शासन और कर की वसूली कम्पनी के जिम्मे हो गया। सम्पूर्ण प्रान्त जिलों में बाँट दिया गया और हर जिले में एक कलक्टर की नियुक्ति कर दी गयी जो शासन, कर उगाहने और न्याय इन तीनों का काम करता था। कम्पनी की आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिये कतिपय कर्मचारियों को नौकरी से अलग किया, बङ्गाल के नवाब की पेंशन ३२ लाख से १६ लाख की, शाहआलम की पेन्शन बन्द की, कड़ा और इलाहाबाद का सूबा अवध को ५० लाख रुपये पर दिया, बनारस के चेतसिंह और अवध की बेगमों को लूट कर धन प्राप्त किया, बनारस का कर दूना किया। इनके अतिरिक्त ५ वर्ष के ठेके पर जमींदारों को जमीन दी। दीवानी और फौजदारी मुकदमों के लिये अपील की अदालतें भी अलग-अलग खोलीं।

कार्नवालिस के सुधार—इसने भी कम्पनी के कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया तथा इनके अन्दर व्याप्त घूसखोरी को नियन्त्रित किया। कलक्टर से न्याय सम्बन्धी काम छीन लिया गया तथा न्याय के लिए अलग न्यायाधीशों की नियुक्तियाँ की गयीं। दीवानी और फौजदारी मामलों के लिए अपील की ४ अदालतें ढाका, मुर्शिदाबाद, पटना और कलकत्ता में खोली गयीं। दौरा जजों की नियुक्तियाँ की गयीं जो जगह जगह जा जाकर मुकदमों की सुनवाई करते थे। दीवानी के छोटे मामलों के लिए अवैतनिक मुन्सिफों की नियुक्तियाँ भी गयीं। इसी प्रकार अपराधों का पता लगाने के लिये दारोगा भी नियुक्त किए गए।

१७९३ ई० में कार्नवालिस ने पंचसाला बन्दोबस्त की जगह स्थायी या इस्तमरारी बन्दोबस्त की प्रथा चलाई। इसके अनुसार अधिक स अधिक कर वसूल कर देने वाले जमींदार को सदैव के लिये ठेके पर जमीन दे दी गयी। इस व्यवस्था से किसानों की स्थिति सुधरी, कर व्यवस्था स्थायी हुई, कर वसूलने का व्यय घटा, कम्पनी की आय निश्चित हुई तथा जमीन के ठेकेदार कम्पनी सरकार के समर्थक हो गये।

हेस्टिंग्स के सुधार—हेस्टिंग्स ने न्यायालयों का सुधार किया। मुन्सिफों को वेतन देने लगा। मुन्सिफों और जजों की संख्या भी बढ़ा दी तथा अपील की अदालतों की अधिक सुविधाजनक व्यवस्था की। ग्रामपंचायतों को भी न्याय करने का सामान्य अधिकार दिया। ठेकेदारों और जमींदारों के अत्याचार और मनमानी से कृषकों को बचाने के लिए उसने १८२३ ई० के मौरूसी ऐक्ट द्वारा यह व्यवस्था दी कि नियमपूर्वक कर देने वाले किसान को न तो भूमि से वेदखल किया जा सकता और न सामान्य स्थिति में कर की दर ही बढ़ायी जा सकती। गांवों को महालों में बांटकर महालदारों को कर सीधे कोष में जमा करवाने की व्यवस्था चलाई। मद्रास में रैयतवाड़ी प्रथा चलाई जिसके अनुसार किसान सीधे सरकारी कोष में कर जमा कर सकते थे। शिक्षा पर १ लाख रुपया वार्षिक व्यय करने की व्यवस्था थी। शान्ति और सुव्यवस्था के लिए पिण्डारियों और अठानों का दमन करके उन्हें शान्तिपूर्ण जीवन-यापन के लिए वाध्य किया।

लार्ड विलियम वेण्टिक के सुधार—यह १८२८ से १८३५ ई० तक भारत का गवर्नर जनरल था। इसका नाम शिक्षा तथा सामाजिक सुधार के लिए अमर है। कम्पनी की आर्थिक दशा सुधारने के लिए इसने कई उपाय किए। अस्थायी सेना को बरखास्त किया तथा कलकत्ता से ४०० मील के अन्दर रहने वाले सिपाहियों का भत्ता आधा किया। अपील की कुछ अदालतें तोड़ दीं। प्रशासन के पदों को भी घटाया। बहुत से पदों पर अंगरेजों की जगह कम वेतन देकर भारतीय कर्मचारी रखे। उत्तर प्रदेश में ३० साला बन्दोबस्त करके कम्पनी की

लार्ड विलियम बेंटिक

आमदनी बढ़ायी। माफीनामा के आधार पर जमीन का उपभोग करने वाले क़िसानों से जमीन वापस ले ले ली तथा मध्यभारत में अफीम की खेती करने

वालों पर बम्बई बन्दरगाह द्वारा अफीम का निर्यात करने की शर्त लगायी। इन उपायों से कम्पनी की आय बहुत बढ़ गयी।

उसने पुलिस और न्याय व्यवस्था को भी सुधारा। प्रान्तीय अदालतों को तोड़ कर जिलाजजों के अधिकारों को बढ़ाया। न्याय संबन्धी अधिकार कलेक्टर और उसके अधीन डिप्टी कलेक्टरों को भी दिया। जमींदार और पटेल भी पुलिस का काम करने लगे।

सतीप्रथा पर प्रतिबन्ध तथा अन्य सामाजिक सुधार :— हिन्दुओं में यह प्रथा थी, विशेष कर राजस्थान में, कि पति की मृत्यु के बाद पत्नी को भी पति की चिता में जलकर सहमरण करना पड़ता था। कभी कभी अनिच्छापूर्वक भी, केवल लोकलाज के भय से, स्त्रियों को जिन्दा जलना पड़ता था। इसी अमानुषी प्रथा को राजाराम आदि समाज सुधारकों की सहायता से १८२९ ई० में बेंटिक ने निसिद्ध घोषित किया। इसी प्रकार उसने शिशु-हत्या और नरहत्या को भी अपराध घोषित किया। १८४३ ई० में उसने दास-प्रथा पर भी प्रतिबन्ध लगाया।

शिक्षा के क्षेत्र में भी उसने व्यापक सुधार किए। उसने अंगरेजी शिक्षा का प्रचार किया तथा इसके लिए बंगाल, मद्रास आदि में शिक्षा संस्थाएँ खोली।

शांति और सुव्यवस्था के लिए ठगों का अन्त करना भी बेंटिक के शासन-काल की महत्त्वपूर्ण देन है। सारे भारत में, विभिन्न जातियों के लोगों ने मिलकर अपराध के संगठन कायम कर रखे थे। ये यात्रियों को ठगते थे और उनकी हत्या करके लूट-खसूट करते थे। १८३१–१८३७ ई० के बीच स्लीमन नामक अधिकारी की नियुक्ति करके विभिन्न उपायों से उसने ठगों का विनाश किया।

डलहौजी के शासन सम्बन्धी सुधार :— डलहौजी ने अनेक प्रशासनिक सुधार किए। सेना और अर्थ विभाग का पुनःसंगठन किया। सार्वजनिक निर्माण विभाग की नींव डाली। इसके द्वारा रेल, तार, डाक की व्यवस्था की गयी। इसी के शासनकाल में सर्वप्रथम बम्बई से थाना तक रेलगाड़ी चलाई गयी। शिक्षा पर भी इसने ध्यान दिया।

इसके सुधारों का कोई अच्छा प्रभाव न पड़ा। इसके सुधारों के प्रति

भारतोय जनता संशक थी फलतः १८५७ की स्वतंत्रता समर के कुछ पूर्व इसके सुधारों से भी काफी उत्तेजना फैली ।

प्रश्न—

१. वारेन हेस्टिंग्स के सुधारों का संक्षिप्त परिचय दो ।
२. लार्ड कार्नवालिस के क्या सुधार थे ? उन सुधारों पर टिप्पणी लिखिए।
३. लार्ड विलियम बेंटिङ्क के सुधारों का वर्णन कीजिए ।
४. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए :—

(१) रेगुलेटिंग ऐक्ट　　(२) पिट का इण्डिया बिल

(३) हेस्टिंग्स के सुधार　　(४) डलहौजी के सुधार ।

अध्याय ७

अंगरेजी शासन के विरुद्ध प्रथम स्वतंत्रता-युद्ध

इस राष्ट्रीय समर के कई वर्षों पूर्व से ही भारत में अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध आंतरिक आन्दोलन हो रहे थे। अंततः १८५७ में वह समय आ ही गया जब भारतीय जनता विदेशियों की दासता से मुक्त होने के लिये उद्यत हो गयी। स्वतंत्रता-प्राप्ति के लिए भारतीयों का यह प्रथम सशस्त्र प्रयास था। इसके अनेक कारण थे—

(१) राजनीतिक कारण—लार्ड डलहौजी की देशी रियासतों के छीनने की नीति ने, जिसमें, सतारा, नागपुर, झांसी तथा संभलपुर आदि सम्मिलित थे, देशीशासक वर्ग को भड़का दिया। अवध के नवाब और उसके सहायक भी अपना पद, सम्मान और आजीविका छिन जाने से असंतुष्ट थे। इस प्रकार हिन्दू और मुसलमान सभी अंग्रेजी राज्य से असन्तुष्ट थे और उन्होंने प्रथम स्वातंत्र्य समर में खुलकर हाथ बटाया।

(२) सामाजिक कारण—देश की साधारण अपढ़ जनता में पश्चिमी यूरोपीय सुधारों से काफी उथल-पुथल मच गयी थी। अंगरेजी शिक्षा का प्रसार, तथा अंगरेजी पढ़े लोगों को सरकारी नौकरियाँ देना, सती की प्रथा का अन्त, विधवा-विवाह की कानूनी सुविधा तथा हिन्दू धर्म छोड़कर दूसरा धर्म ग्रहण कर लेने पर कानूनी सुरक्षा आदि कुछ ऐसी बातें थीं जिनसे भारतीय जनता के हृदय में यह डर पैदा हो गया था कि अंगरेज हमारे धर्म पर आघात कर रहे हैं और हमलोगों को बलात् ईसाई बनाना चाहते हैं। ईसाई पादरियों के अशिष्ट व्यवहार, रेल, तार और डाक का प्रयोग आदि भी हिन्दू जनता को भड़काने में योगदान दे रहे थे।

(३) आर्थिक कारण—कंपनी का अन्तिम लक्ष्य भारतीयों का आर्थिक-शोषण था। विभिन्न राजघराने अपनी रियासतें छिन जाने तथा उनके कर्मचारी-गण अपनी रोजी छिन जाने के कारण असन्तुष्ट थे। लगान भी अधिक था तथा

कड़ाई से वसूल की जाने की नीति से कृषक वर्ग में भी असंतोष की भावना व्याप्त थी। भारत में पैदा हुए कच्चे माल बाहर भेजे जाने लगे थे। इससे औद्योगिक श्रमिक और कारीगर वर्ग भी निराधार हो गए थे। फलतः देश में बेकारी और गरीबी का बोलबाला हो गया और जनता सरकार के विरुद्ध खड़ी हो गयी।

(४) सैनिक कारण—इस राष्ट्रीय विप्लव में सैनिक कारण भी था। सैनिकों को दूर दूर तक लड़ाइयों पर जाने के लिए कोई अतिरिक्त भत्ता नहीं मिलता था। बार-बार लड़ाई लड़ते-लड़ते सिपाहियों का मन ऊब गया था। लार्ड केनिंग ने जब "जनरल सर्विस एनलिस्टमेण्ट" नामक कानून पास कर दिया, जिसके अनुसार सभी सिपाहियों के लिए यह अनिवार्य हो गया था कि उन्हें जहाँ भेजा जाय जाना पड़ेगा, तब उनका असंतोष चरम सीमा पर पहुँच गया।

(५) तात्कालिक कारण—उपर्युक्त असंतोष की आग को जिस घटना ने प्रज्वलित लपट का रूप दिया वह थी कारतूसों वाली घटना। सिपाहियों को एक 'एनफील्ड' नामक ऐसी राइफल दी गयी थी जिसकी कारतूस गाय और सुअर की चर्बी से चिकनी की गयी होती थी और उसे दाँत से खोलना पड़ता था। इस घटना ने आग में घी का काम किया और विद्रोह प्रारम्भ हो गया।

विप्लव :—विप्लव का स्वरूप पहले से ही तैयार किया जा रहा था। नाना साहब, बहादुर शाह, वाजिदअली शाह, तथा कुँवरसिंह के गुप्तचर सिपाहियों में अपना पूरा-पूरा प्रचार कर रहे थे जिसकी तिथि ३१ मई १८५७ रखी गयी थी। लेकिन इसके पहले ही बंगाल की एक टुकड़ी ने बारकपुर में मंगलपाण्डे के नेतृत्व में विद्रोह कर दिया। इसके बाद बरहामपुर में भी विप्लव शुरू हो गया। मंगल पाण्डे को फाँसी की सजा दी गयी। फौजी सेनायें बरखास्त कर दी गयीं। विप्लव की आग अम्बाला की छावनी से होते हुए मेरठ पहुँची। मेरठ में घुड़सवार सेना के ८५ सिपाहियों ने चर्बीदार कारतूस प्रयोग करने से इनकार कर दिया और उन्हें दो साल के लिए जेल भेज दिया गया। इस पर तीन रेजीमेण्टों ने खुला विद्रोह कर दिया। कैद से अपने साथियों को छुड़ाकर वे अब दिल्ली की ओर रवाना हुए। दिल्ली पर अधिकार करके उन्होंने बहादुर शाह को भारतीय सम्राट् घोषित कर दिया। इसके

बाद अविलम्ब विद्रोह रुहेलखण्ड, मध्य-भारत तथा अवध में फैल गया। इसके साथ ही कानपुर, लखनऊ तथा बनारस में भी सैनिकों ने विद्रोह कर दिया। झाँसी की रानी ने अंगरेजों का कड़ा मुकाबला किया और उनके छक्के छुड़ा

ताँत्या टोपे

रानी लक्ष्मीवाई

दिए। बहुत से अंगरेज सैनिक और अफसर मौत के घाट उतार दिए गए। नाना साहब और ताँत्या टोपे के नेतृत्व में कानपुर में भी युद्ध छिड़ गया और बहुत से अंगरेज मारे गये। अब विद्रोहियों ने लखनऊ की रेजीडेन्सी पर भी अधिकार कर लिया। ग्वालियर के विद्रोही नेता ताँत्या टोपे ने कई जगह अंगरेजों को करारी हार दी। कानपुर के इंचार्ज जनरल विडंम को भगा कर कानपुर पर अधिकार कर लिया। अब दिल्ली से लेकर अवध तक विद्रोहियों का पूरा अधिकार हो गया। हर जगह पर विद्रोहियों ने यूरोपियनों को मार डाला, जेलखानों को तोड़ दिया और दिल्ली की तरफ कूच कर गए। लेकिन

पंजाब में इस विप्लव की आग न फैलने पायी क्योंकि वहाँ सर जान लारेंस ने सिक्खों को शान्त रखा।

विप्लव का दमन :—लेकिन अंगरेजों ने पंजावियों की मदद से दिल्ली पर पुनः अधिकार कर लिया। काश्मीरी दरवाजा उड़ा दिया गया और शहर पर अधिकार हो जाने के वाद अंगरेजों ने निरीह जनता और विद्रोहियों का वध कर दिया। वहादुर शाह कैद करके रंगून भेज दिया गया। उसके दोनों शाहजादों

वहादुर शाह

को गोली मार दी गयी। इसके वाद अंगरेजी सेना ने धीरे-धीरे विहार, वनारस, लखनऊ, इलाहावाद आदि स्थानों पर अधिकार पा लिया। झाँसी की रानी लक्ष्मी वाई वीरतापूर्वक लड़ती हुई वीरगति को प्राप्त हुई और ताँत्या टोपे को फाँसी की सजा मिली। नाना साहव नेपाल की तरफ भाग गए। इस तरह

मध्य भारत और बुन्देलखण्ड में भी उपद्रव शान्त कर दिया गया। अंगरेज विप्लव को शान्त करने में पूर्णतः सफल हो गए।

असफलता के कारण :—स्वतंत्रता का यह प्रथम समर शस्त्र के बल से दवा दिया गया। अव प्रश्न उठता है कि इतने वड़े विप्लव की, जिसमें अधिकांश जनता और सेनाओं का हाथ था, क्यों असफलता हुआ ? इसके अनेक कारण थे—

(१) विप्लव का क्षेत्रीय होना :—यह विप्लव कुछ ही क्षेत्र के अन्तर्गत रह गया, इसका देश व्यापी प्रसार नहीं हुआ। इससे अंगरेज सरकार उसे दमन करने में सक्षम हो सकी। वंगाल, पंजाब तथा दक्षिण की जनता बिलकुल शान्त बैठी रही और उसने इस विप्लव में कोई भी रुचि नहीं दिखलायी।

(२) देशी राजाओं की सहायता :—अंगरेजों के अनुगृहीत राजाओं ने अंगरेजों का साथ दिया और विप्लव दमन करने में अंगरेजों के दाहिने हाथ बने रहे। हैदराबाद के सालार जंग ने, नेपाल के शासक जंगबहादुर ने तथा अफगानिस्तान के अमीर दोस्त मुहम्मद ने अंग्रेजों को सहायता पहुँचायी।

(३) योजनाओं की कमी :—इस विप्लव की योजना के परिचालन में गलती हुई। इसके पहले की पूरी योजना तैयार की जाय और तब कार्य रूप में परिणत हो, सिपाहियों ने विद्रोह कर दिया। योजना के अनुसार ३१ मई १८५७ विप्लव के शुरूआत की तारीख थी लेकिन विप्लव १० मई को ही मेरठ आदि में प्रारम्भ हो गया।

(४) नेतृत्व का अभाव और युद्ध-सामग्री की कमी :—विद्रोह का नेतृत्व कई राजाओं, नवाबों और अमीरों के अधीन था, जिससे नेतृत्व में एकता का अभाव रहा। इसके विपरीत अंगरेज अफसर, लारेंस, निकल्सन आदि कुशल सेनापति थे। यही नहीं युद्ध की सामग्रियां भी उनके पास कम थीं। आधुनिक युद्ध के तरीकों और आवश्यकताओं से वे पूर्णतः अवगत नहीं थे। अंगरेजों के पास इसके विपरीत, गोले, तोपें और बारूद तथा बन्दूक थीं।

(५) व्यवस्था का अभाव :—आन्दोलनकारियों ने विजित क्षेत्रों पर अधिकार बनाये रखने की कोई व्यवस्थित योजना नहीं बनायी और न उसकी सुरक्षा का ही कोई समुचित प्रबन्ध किया। इससे जनता में विश्वास की कमी हो गयी।

इन सबके अतिरिक्त अंगरेजों ने इस विप्लव का दमन बड़ी निर्ममता के सा
किया। अनेक नेता फांसी पर चढ़ा दिए गए। बहुतेरे सैनिकों को गोली से उड़
दिया गया तथा अनेक जगह पर निरीह जनता का भी बध किया गया।

विप्लव के परिणाम—

(१) कम्पनी के शासन का अन्त :—१८५७ के विप्लव का यह
सबसे महत्त्वपूर्ण परिणाम हुआ कि ईस्ट इंडिया कम्पनी के शासन का अन्त हो
गया। इस भयंकर उपद्रव के कारण इंगलैण्ड में कम्पनी के शासन के प्रति
बहुत असन्तोष फैला और पार्लियामेन्ट ने भारत सरकार को कम्पनी के नियंत्रण
से निकालकर सीधे ब्रिटिश सम्राट के अन्तर्गत करने का निश्चय किया। ब्रिटिश
मंत्रिमण्डल में एक भारत मंत्री की व्यवस्था की गयी जिसे भारतवर्ष के शासन
को चलाने का अधिकार दिया गया। भारतीयों के साथ समानता, न्याय
और सदाचार के वर्ताव की घोषणा की गयी।

(२) अन्य परिणाम :—भारतीयों ने इस विप्लव की असफलता से यह
सबक सीख लिया कि शस्त्र के बल से स्वाधीनता प्राप्त करना कठिन ही नहीं
अपितु असंभव भी है। इसलिए उनका झुकाव संवैधानिक प्रणालियों और
शांतिपूर्ण उपायों की ओर हुआ। अंगरेजी सरकार ने भी दमन की नीति त्याग
कर भारतीयों का सहयोग प्राप्त करने की कोशिश की।

प्रश्न :—

१. १८५७ के प्रथम स्वतन्त्रता युद्ध के कारण और परिणाम पर
प्रकाश डालिए।

२. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए :—
तांत्या टोपे, लक्ष्मी बाई, मंगल पांडे।

अध्याय ८

भारत में ब्रिटिश शासन

ब्रिटिश-शासन का प्रारंभ—जैसा पिछले अध्याय में बताया जा चुका है, ५७ के राष्ट्रीय-विप्लव के बाद कम्पनी के हाथ से भारतवर्ष का राज्य-भार ने इंगलैण्ड की पार्लियामेन्ट के हाथ में चला गया। गवर्नर जनरल को इसराय की उपाधि मिली और अंगरेजी पार्लियामेण्ट में एक भारतमंत्री युक्त किया गया।

१८५८ का 'घोषणा-पत्र—पहली नवम्बर सन् १८५८ को महारानी क्टोरिया ने एक 'घोषणा-पत्र' जारी किया तथा उसके द्वारा भारतीय जनता यह सूचना दी गयी कि घोषणा में उल्लिखित बातों के आधार पर ही भारत शासन स्वरूप निश्चित होगा। राजाओं को यह आश्वासन दिया गया कि के अधिकार और सम्मान की रक्षा की जायगी और उनके साथ हुई संधियों अक्षरशः पालन किया जायगा। जनता को धार्मिक स्वतंत्रता दी गयी र योग्यता के आधार पर सरकारी पद देने की घोषणा की गयी। विद्रोहियों क्षमा कर दिया गया।

प्रथम इण्डियन कौंसिल ऐक्ट--(१८६१)—वाइसराय लार्ड कैनिंग के मय में १८६१ ई० में एक कौंसिल ऐक्ट पास हुआ जिसके अनुसार भारतीयों को पने देश के शासन में अधिकाधिक हाथ बटाने का अवसर दिया गया। गवर्नर नरल की कौंसिल के सदस्यों की संख्या ४ से ५ कर दी गयी और उसके धिकारों में वृद्धि की गयी। एक केन्द्रीय धारा-सभा की भी नींव पड़ी। कानून ाने के लिए गवर्नर जनरल को अपनी कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के तिरिक्त कम से कम ६ और अधिक से अधिक १० व्यक्ति नामजद करने की ज्ञा दी गयी। केन्द्रीय धारा सभा की भांति, बम्बई, मद्रास और बंगाल के ए भी धारा सभायें बनीं। सुप्रीम कोर्ट और सदर अदालतों को तोड़कर ईकोर्ट की स्थापना की गयी।

द्वितीय इण्डियन कौंसिल ऐक्ट—(१८९२)—१८६१ ई० के कौंसिल ऐक्ट ने शासन सम्बन्धी अनेक कानून पास किए परन्तु उनका प्रयोग कभी-कभी भारतीयों की राजनैतिक चेतना को दबाने के लिए भी किया गया। फलतः १८९२ ई० में लार्ड लैंसडाउन के समय में द्वितीय इन्डियन कौंसिल ऐक्ट पारित हुआ जिसके अनुसार भारतीय और प्रांतीय व्यवस्थापक-सभाओं की सदस्य संख्या बढ़ा दी गयी। नामजद किये हुए व्यक्तियों में से कुछ का चुनाव सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा होता था और निर्वाचित व्यक्ति को ही गवर्नर जनरल नामजद कर देते थे। इस प्रकार परोक्ष-निर्वाचन प्रणाली का प्रारंभ हुआ। धारा सभाओं के अधिकार बढ़ा दिए गए। उनको आय-व्यय पर भी बहस करने का अधिकार दिया गया पर वे उसपर मतदान नहीं दे सकती थीं।

मार्ले-मिण्टो-सुधार—(१९०९):—लेकिन १८९२ ई० के सुधार ऐक्ट से भारतीय जनता को सन्तोष न हो सका। अस्तु १९०९ ई० में एक नया सुधार नियम पास हुआ जो भारत मंत्री मार्ले तथा गवर्नर जनरल लार्ड मिण्टो के सुझावों पर आधारित था। इसके अनुसार केन्द्रीय धारा सभा के सदस्यों की संख्या ६० कर दी गयी जिसमें ३३ नामजद किए जाते थे और २७ जनता द्वारा चुने जाते थे। सीधे चुनाव कराने का यह प्रथम अवसर था। परन्तु इस सुधार से साम्प्रदायिक निर्वाचन प्रणाली का आरम्भ हुआ जो बाद में चलकर देश के लिए बहुत घातक सिद्ध हुआ। हिन्दू और मुसलमानों में भेद पैदा करने का यह पहला सरकारी कदम था। भारतवर्ष के दलीय राजनीतिज्ञों ने तो इसका स्वागत किन्तु परन्तु गरम दलीय नेताओं ने इसे ठुकरा दिया। फलतः देश में आतंकवादियों का जोर हो गया। इसी बीच १९१४ ई० का प्रथम विश्व युद्ध छिड़ गया और भारतीयों ने इस विश्व युद्ध में अंग्रेजी सरकार का खुलकर हाथ बटाया।

मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार—(१९१९ ई०)—भारतीय नेताओं की जोरदार माँगों और अंगरेजों की सहायता की आवश्यकता के फलस्वरूप इंगलैण्ड की पार्लियामेण्ट ने १९१९ ई० में पुनः एक सुधार-ऐक्ट प्रस्तावित किया जिसे मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार (१९१९) कहते हैं। इसके अनुसार केन्द्रीय व्यवस्थापक मण्डल में दो सभायें कर दी गयीं। एक का नाम का राज्यपरिषद

कौंसिल-आफ-स्टेट) तथा दूसरी का नाम 'व्यवस्थापिका सभा' (लेजिस्लेटिव-सेम्वली) रखा गया। इनके सदस्यों की संख्या क्रमशः ६० और १४४ रखी गयी। निर्वाचित सदस्यों की संख्या वढ़ा दी गयी, परन्तु सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व की प्रथा अव भी वनी रही। दोनों सभाओं को समान अधिकार प्राप्त थे। इससे सरकार की इच्छा के विरुद्ध कोई कानून वना सकना असंभव था। भरतीव सचिव और कौंसिल में भी कुछ परिवर्तन किए गए। गवर्नर जनरल और कार्यकारिणी समितियों में भारतीयों को अधिक स्थान मिलने लगे। प्रांतीय विषयों में भी दो भाग किये—संरक्षित (रिजर्व्ड) और हस्तांतरित (ट्रांसफर्ड)। मंत्री लोग प्रान्तीय व्यवस्थापक सभाओं के प्रति अपने कार्यों के लिए उत्तरदायी होते थे। इस प्रकार द्वैध शासन-प्रणाली का सूत्रपात हुआ जिसके अनेकों दोष थे। मंत्रियों को अधिकार का पद नहीं दिया गया। उस पर अंगरेजी गवर्नरों का अधिकार था।

१९३५ का गवर्नमेन्ट आफ इंडिया ऐक्ट :—१९१९ ई० के सुधार में अनेक कमियाँ थीं जिनके फलस्वरूप भारतीयों का असन्तोष ज्यों का त्यों वना रहा। इधर महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारतीय जनता का आन्दोलन भी चल रहा था। अंगरेजी सरकार एक ओर तो भारतीय राष्ट्रीय-आन्दोलन को दवाने का प्रयत्न कर रही थी दूसरी ओर वह कुछ और अधिकार तथा सुधारों को कार्यान्वित करने की योजना बना रही थी। फलस्वरूप १५ वर्षों के वाद पुनः १९३५ ई० में ऐक्ट पास हुआ। जिसके अनुसार देशी राज्यों और ब्रिटिश प्रान्तों को मिलाकर एक सार्वभौम भारतीय संघ शासन की योजना बनायी गयी। दूसरा सुधार प्रान्तीय स्वराज्य की स्थापना थी जिसके अनुसार प्रान्तीय कौंसिलों का जनता द्वारा निर्वाचन कराने की व्यवस्था की गयी। इस एक्ट के अनुसार केन्द्रीय सरकार में द्वैध शासनप्रणाली तथा शंघीय न्यायालय की स्थापना भी प्रस्तावित थी। फलस्वरूप ब्रिटिश पार्लियामेन्ट का प्रभाव इन नये सुधारों से कुछ कम हो गया।

पर इतना होने पर भी यह ऐक्ट भारतीय जनता को ग्राह्य नहीं हुआ। इसमें गवर्नर जनरल और गवर्नरों को कई विशेषाधिकार प्राप्त थे जिनका

उपयोग वे भारतीय जनता के विरुद्ध कर सकते थे। लेकिन इसका सबसे
दोष यह था कि इस ऐक्ट ने भारतीय स्वतंत्रता की मांग को ठुकरा दि
यह सब कार्य चल ही रहा था कि द्वितीय विश्व संग्राम आरंभ हो गया
अंगरेजी सरकार ने बिना भारतीय राजनीतिज्ञों की राय लिए भारत के
विश्व युद्ध में सम्मिलित होने की घोषणा कर दी। परन्तु महात्मा गांधी
भारतवर्ष को युद्ध में जबरदस्ती खींचने का विरोध किया और धीरे-
कांग्रेस आंदोलन की ओर उन्मुख होने लगी।

प्रश्न—

१. १९०९ और १९१९ के ऐक्ट की प्रमुख बातें बताइए।
२. १९३५ के ऐक्ट के गुण-दोषों की विवेचना कीजिए।